राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया
DL(N) /145/2021-23 वर्षः 19 अंकः 148 पृष्ठः 12 RNI : DELHIN/2006/19302
actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड
RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



बिहार दौरे पर गए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को भारत के स्टार क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी से मुलाकात की। दोनों की यह मुलाकात पटना के जय प्रकाश नारायण एयरपोर्ट पर हुई। वैभव के साथ के माता पिता भी मौजूद रहे।

# खत्म नहीं हुआ है आपरेशन सिंदूर: मोदी

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कानपुर में 47,573 करोड़ रुपये से अधिक लागत की 15 मेगा विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया**

**टीम एक्शन इंडिया**

**कानपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कानपुर में 47,573 करोड़ रुपये से अधिक लागत की 15 मेगा विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि अब भारत मेक इन इंडिया के तहत आत्मनिर्भर बन रहा है और हाल ही आपरेशन सिंदूर में भारत की ब्रम्होस मिसाइल ने दुश्मन देश के जिस प्रकार छक्के छुड़ाया है, उसको पूरी दुनिया ने देखा है। भारत अब विकास के साथ ही आतंकवाद का डटकर मुकाबला करने में सक्षम है।

आपरेशन सिंदूर स्थगित किया गया है, लेकिन अभी खत्म नहीं हुआ है। आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी।

बिहार में रोड शो के बाद प्रधानमंत्री कानपुर के चकेरी एयरपोर्ट पर पहुंचे, जहां पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी







आदित्यनाथ सहित जनप्रतिनिधियों ने उनका स्वागत किया। इसके बाद प्रधानमंत्री से हेलीकॉप्टर चन्द्रशेखर आजाद कृषि प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के हेलीपैड पर पहुंचे। यहां से वह सीधे जनसभा स्थल पर पहुंचे और लगभग 47.5 हजार करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया।

## 'आज पूरी दुनिया भारत के शक्ति को मान रही है'

**कानपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में भारत के शौर्य और पराक्रम के कारण आज पूरी दुनिया भारत के शक्ति और सामर्थ्य को एक उदाहरण के रूप में मान रही है। भारत की न्यू डिफेंस पॉलिसी के अंतर्गत दुश्मन के एयर डिफेंस सिस्टम को नष्ट कर भारतीय सेना ने जिस शौर्य और पराक्रम का परिचय दिया है, वह प्रधानमंत्री मोदी के 10 वर्ष पूर्व प्रारंभ किए गए मेड इन इंडिया परिणाम है। ऑपरेशन सिंदूर आत्मनिर्भर भारत की सफलता का भी एक बेहतरीन उदाहरण है। 47,600 करोड़ की परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण करने के बाद संबोधित कर रहे थे।

**ब्रम्होस मिसाइल का नया पता है उत्तर प्रदेश**

प्रधानमंत्री ने कहा कि भविष्य में कानपुर यूपी डिफेन्स का बड़ा एक्सपोर्टर बनाने में सबसे आगे रहेगा और ब्रम्होस मिसाइल का नया पता है उत्तर प्रदेश होगा। यहां कई फैक्टरी लगेंगी, बड़े पैमाने पर निवेश आएगा, यहां के हजारों युवाओं को रोजगार के अच्छे अवसर मिलेंगे।

## दुनिया ने देखा भारत की सेना का पराक्रम

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने संबोधन की शुरुआत में ही पहलगाम आतंकी हमले में मारे गये शुभम द्विवेदी का नाम लिया और कहा कि हमारा यह दौरा 24 अप्रैल को होना था, लेकिन आतंकी घटना में कानपुर के शुभम के मारे जाने पर दौरा टाल दिया गया था। शुभम की पत्नी बहन ऐशन्या का दर्द और आक्रोश को पूरा देश महसूस कर रहा है। इसी आक्रोश को लेकर भारत की सेना ने आपरेशन सिंदूर चलाकर दुश्मन देश के घर में घुसकर आतंकियों के ठिकानों को ध्वस्त करने का काम किया। इस आपरेशन में आत्मनिर्भर भारत की साफ झलक देखने को मिलती है और जिस प्रकार स्वदेशी ब्रम्होस मिसाइल ने वहां तबाही मचाई, उसको पूरी दुनिया ने देखा।

# आतंकियों को मिट्टी में मिलाया: पीएम मोदी



**टीम एक्शन इंडिया**

**रोहतासः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहली बार यह एलान किया कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तानी सेना को भी सीधा टारगेट किया गया था। उन्होंने कहा कि "पहलगाम में जघन्य आतंकी हमले के एक दिन बाद बिहार आया था तो बिहार की धरती से देश को वादा किया था आतंक के आकाओं के ठिकानों को मिट्टी में मिला दिया जाएगा। उन्हें कल्पना से भी बड़ा सजा होगी। जिन लोगों ने पाकिस्तान में बैठकर हमारी बहनों का सिंदूर उजाड़ा था, हमारी सेना ने उनके ठिकानों को खंडहर में बदल दिया है। पाकिस्तानी सेना की छत्रछाया में आतंकी खुद को सुरक्षित मानते थे। हमारी सेना ने एक ही झटके में उनको भी घुटनों पर ला दिया। पाकिस्तान के एयरबेस, उनके सैन्य ठिकाने हमने कुछ ही मिनट में तबाह कर दिए।"

**राम की रीति ही नए भारत की नीति बन गई**

बिहार के रोहतास जिले के विक्रमगंज में पीएम मोदी की सभा थी। जिला मुख्यालय सासाराम है। सासाराम का नाम लेते हुए पीएम मोदी ने कहा कि "इसके तो नाम में ही राम है। राम राज्य में यह रीति थी- प्राण जाए पर वचन न जाए। राम की रीति अब नए भारत की नीति बन गई है। उन्होंने आगे इस बात को और साफ करते हुए कहा- "पहलगाम में आतंकी हमला हुआ था।"

## आतंकवाद हो या नक्सलवाद, अब सीधा जवाब मिलेगा: मोदी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को बिहार के काराकाट में आयोजित जनसभा में देश की सुरक्षा, बिहार के विकास और पिछली सरकार की नीतियों पर खुल कर हमला बोला। आतंकवाद और नक्सलवाद के खिलाफ सरकार की निर्णायक रणनीति का ज़िक्र करते हुए उन्होंने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई न रुकी है, न थमी है। आतंक का फन अगर फिर उठेगा, तो भारत उसे बिल से खींच कर कुचल देगा।

# मुख्यमंत्री सुक्खू ने वीर सैनिकों को किया सम्मानित

**अलंकृत वीर सैनिकों तथा शहीदों के परिजनों के सम्मान में जय हिंद सभा कार्यक्रम का आयोजन किया**



**टीम एक्शन इंडिया**

**शिमला/चमन शर्मा**

वर्ष 1962, 1965, 1971, कारगिल तथा ऑपरेशन सिंदूर में अदम्य साहस, वीरता तथा बलिदान प्रदर्शित करने के लिए वीरता सम्मान से अलंकृत वीर सैनिकों तथा शहीदों के परिजनों के सम्मान में जय हिंद सभा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने ऑपरेशन सिंदूर में सर्वोच्च बलिदान देने वाले शहीद सूबेदार मेजर पवन के पिता गरज सिंह तथा पुत्र अभिषेक को 30 लाख रुपये की आर्थिक सहायता के चैक प्रदान किए। उन्होंने कीर्ति चक्र विजेता शहीद नायक दिलबर खान की धर्मपत्नी जमीला को 15 लाख रुपये तथा शहीद हवलदार रोहित कुमार की पत्नी भारत लक्ष्मी को 10 लाख रुपये के चैक प्रदान किए। मुख्यमंत्री ने बिलासपुर जिला के कीर्ति चक्र विजेता शहीद सूबेदार संजीव कुमार की धर्मपत्नी सुजाता कुमारी, शिमला जिला के कीर्ति चक्र विजेता शहीद सिपाही पवन कुमार की धर्मपत्नी भजन और माता दासी, चम्बा जिला के कीर्ति चक्र विजेता शहीद सिपाही जगदीश के परिवार से स्नेह लता, सोलन जिला के कीर्ति चक्र विजेता राजिन्द्र की ओर से उनकी पत्नी सुनीता को सम्मानित किया।

# पुंछ पीड़ितों से मिले अमित शाह, नियुक्ति पत्र प्रदान किए

**टीम एक्शन इंडिया**

**जम्मूः** गृह मंत्री अमित शाह ने पुंछ नगर स्थित डाक बंगला में पाकिस्तानी गोलाबारी में जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों और घायलों से मिले। इस दौरान उन्होंने मृतकों के परिजनों को सरकारी नौकरी के नियुक्ति पत्र प्रदान किए। अमित शाह ने कहा कि जम्मू कश्मीर का विकास रुकेगा नहीं थमेगा नहीं। उन्होंने कहा कि जम्मू कश्मीर सरकार ने नॉर्म्स के हिसाब से सहायता कर दी है और भारत



सरकार भी व्यापारिक संस्थानों में हुई क्षति के लिए एक पैकेज लेकर आएगी। उन्होंने जम्मू कश्मीर के प्रशासन और सुरक्षा बलों की सराहना की और कहा कि वे हर चीज का जवाब देने के लिए सक्षम हैं। अमित शाह ने कहा कि तीन दिन की आफत में प्रशासन जनता के साथ खड़ा हुआ था और एक प्रशासनिक अधिकारी को भी अपना बलिदान देना पड़ा। इससे पहले कल गृहमंत्री ने अमरनाथ यात्रा की सुरक्षा, आतंकवाद के सफाए, घुसपैठ पर पूरी तरह रोक लगाने के लिए राजभवन जम्मू में उच्च स्तरीय बैठक की थी।

# भारतीय अर्थव्यवस्था में तेजी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** देश की आर्थिक वृद्धि दर वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही (जनवरी-मार्च) में धीमी होकर 7.4 फीसदी रही, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 8.4 फीसदी थी। वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 6.5 फीसदी रही, जिससे भारत की अर्थव्यवस्था की वृद्धि चार वर्ष के निचले स्तर पर पहुंच गई है।

इससे पिछले वित्त वर्ष की जनवरी-मार्च अवधि में आर्थिक वृद्धि दर 8.4 फीसदी रही थी। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने शुक्रवार को जारी





आंकड़ों में बताया कि वित्त वर्ष 2024-25 में अर्थव्यवस्था में 6.5 फीसदी की वृद्धि दर्ज हुई है, जबकि वित्त वर्ष 2023-24 में जीडीपी ग्रोथ 9.2 फीसदी हुई थी। एनएसओ ने राष्ट्रीय खातों के अपने दूसरे अग्रिम अनुमान में वित्त वर्ष 2024-25 के लिए देश की आर्थिक वृद्धि दर 6.5 फीसदी रहने का अनुमान जताया था।

# हिमाचल के जवानों को मिल चुके हैं 1203 वीरता पदक

**टीम एक्शन इंडिया**

**शिमला/चमन शर्मा**

**उप**-मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने आज शिमला में जय हिन्द सभा को संबोधित करते हुए देश की रक्षा में सर्वोच्च बलिदान देने वाले शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा उनके परिजनों और पूर्व सैनिकों को नमन किया। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना के शौर्य और पराक्रम की गौरवगाथा हमारे इतिहास का स्वर्णिम अध्याय है, जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश न केवल देवभूमि



है, बल्कि वीरभूमि भी है, यहां के वीर जवानों ने देश की सेवा और सुरक्षा के लिए अपने जीवन का सर्वोच्च बलिदान दिया है। प्रदेश के बहादुर सैनिकों को अब तक कुल 1203 वीरता पुरस्कार प्राप्त हो चुके हैं, जिनमें चार परमवीर चक्र, दो अशोक चक्र, 10 महावीर चक्र, 25 कीर्ति चक्र, 57 वीर चक्र और 99 शौर्य चक्र शामिल हैं। यह प्रदेशवासियों के लिए गर्व और प्रेरणा का विषय है।

उप-मुख्यमंत्री ने मेजर सोमनाथ शर्मा, लेफ्टिनेंट कर्नल धन सिंह थापा, कैप्टन विक्रम बत्रा और सूबेदार मेजर संजय कुमार जैसे वीर जवानों के योगदान को स्मरण किया, जिन्हें उनकी वीरता के लिए परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि इन बहादुर सैनिकों की गाथाएं आने वाली पीढ़ियों को देशभक्ति और बलिदान की प्रेरणा देती रहेंगी।

## बिहार में उच्च जाति और अनुसूचित जनजाति आयोगों का पुनर्गठन

**टीम एक्शन इंडिया**

**पटनाः** बिहार सरकार ने सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से एक महत्वपूर्ण अधिसूचना जारी करते हुए उच्च जातियों और अनुसूचित जनजाति के कल्याण से जुड़े दो अहम आयोगों का पुनर्गठन कर दिया है।

अधिसूचना के अनुसार, भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री महाचंद्र प्रसाद सिंह को उच्च जाति आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

**रिकार्डतोड़ भीड़** *मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने भी समारोह संयोजक डॉ अरविंद शर्मा की सराहना की*

# पहरावर धाम के बहाने सहकारिता मंत्री ने साधे एक तीर से कई निशाने

**टीम एक्शन इंडिया**

चंडीगढ़। देश, प्रदेश व समाज में अपनी शैक्षणिक क्षेत्र में अहम भूमिका निभाने वाली 120 साल पुरानी गौड़ ब्राह्मण विद्या प्रचारिणी सभा, रोहतक के तीसरे कैम्पस में 36 बिरादरी की एकजुटता, रिकार्डतोड़ भीड़, 50 साल बाद संस्था के नए कैम्पस में 5 शैक्षणिक व विकास परियोजनाओं के शिलान्यास मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से करवाते हुए न केवल उन्हें ऐतिहासिक पलों का गवाह बनाया, अपितु बहुचर्चित पहरावर को अब पहरावर धाम के तौर पर विकसित करने की घोषणा करते हुए समालोचकों के मुंह पर ताले लगाने



का काम किया। हरियाणा में भाजपा सरकार के गठन के बाद तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा सन्त-महापुरुष सम्मान व विचार प्रसार योजना के तहत सन्त-महापुरुषों की जयन्तियों को सरकारी स्तर पर मनाने का निर्णय लिया गया था। इस परंपरा में शुक्रवार को रोहतक के पहरावर में भगवान परशुराम जन्मोत्सव का राज्य स्तरीय समारोह राजनीतिक, सामाजिक व शैक्षणिक तौर पर विशिष्ट रहा। राज्य स्तरीय समारोह की तैयारियों के दौरान भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली द्वारा कार्यक्रम की सफलता के लिए सर्व समाज की तरफ से सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा को संयोजक नियुक्त किया गया था। इस जिम्मेदारी के तुरंत बाद ही सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने भगवान परशुराम जन्मोत्सव के प्रदेश के विभिन्न जिलों में घूमकर न्यौते देने शुरू कर दिए थे। उन्होंने न केवल अलग-अलग जिलों में समाज, संगठन के लोगों के साथ बैठकें की, अपितु सोनीपत, करनाल, पानीपत, रोहतक, झज्जर, जींद में अपने पुराने सहयोगियों को भी सक्रिय किया। इन दौरों की बदौलत पहली बार सन्त-महापुरुष जयंती समारोह में भारी जनसमूह उमड़ा, जिसके चलते पंडाल छोड़ा रह गया।




# वाहन चोरी के मामले में एक आरोपित गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच (एआरएससी यूनिट) ने एक अंतरराज्यीय वाहन चोरी गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए एक आरोपित राकेश पटेल उर्फ पप्पू को गिरफ्तार किया है। गिरोह दिल्ली-एनसीआर में लग्जरी कारों की चोरी कर फर्जी दस्तावेजों के जरिए उन्हें ऑनलाइन पर बेचता था। पुलिस ने आरोपित के कब्जे से आठ गाड़ियां बरामद की हैं। जिनमें मारुति बलेनो, ग्रैंड विटारा, स्विफ्ट, क्रेटा और क्रिया सेल्टोस जैसी गाड़ियां शामिल हैं। इसके साथ ही फर्जी आरसी, पैन कार्ड, आधार कार्ड, मोबाइल फोन और बैंकिंग दस्तावेज भी जब्त किए गए हैं। क्राइम ब्रांच की डीसीपी अपूर्वा गुप्ता ने शुक्रवार को बताया कि क्राइम ब्रांच ने गुप्त सूचना के आधार पर साहिबाबाद रेलवे स्टेशन के पास से आरोपित को दबोचा है। गिफ्तारी के दौरान आरोपित राकेश पटेल चोरी की मारुति वैगन-आर बेचने की कोशिश कर रहा था। डीसीपी के अनुसार पकड़ा गया आरोपित राकेश पटेल (38) साहिबाबाद का रहने वाला है और वह गिरोह का मुख्य सदस्य है। वह चोरी की गाड़ियों की डिलीवरी और दस्तावेजों की फजीर्वाड़ा प्रक्रिया को अंजाम देता था। जांच में पता चला है कि वर्ष 2024 में भी वह स्पेशल सेल द्वारका में धोखाधड़ी के मामले में पकड़ा जा चुका है।कुछ इस तरह वारदात को देते हैं अंजामडीसीपी के अनुसार पकड़े गए आरोपित ने खुलासा किया है कि वह पहले ऑनलाइन पोर्टल पर वैसी ही कार (मॉडल और रंग) ढूंढते हैं जैसी चोरी की गई हो। फिर खुले स्रोतों से असली मालिक की जानकारी लेकर, फर्जी पहचान पत्र, पैन और आधार बनवाकर उस नाम से बैंक खाता खोलते।

असली कार के इंजन व चेसिस नंबर के आधार पर फर्जी आरसी और नंबर प्लेट तैयार करते। इसके बाद इस फर्जी पहचान के साथ पोर्टल पर गाड़ी बेच दी जाती ताकि चोरी का कोई रिकॉर्ड सामने न आए।

## प्रतिबंधित ई-सिगरेट की तस्करी में आरोपित गिरफ्तार



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने प्रतिबंधित ई-सिगरेट और विदेशी ब्रांड की प्रतिबंधित सिगरेट की अवैध तस्करी के मामले में एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम ने द्वारका और उत्तम नगर इलाके में छापेमारी कर कुल 388 ई-सिगरेट और 8,000 अन्य प्रतिबंधित सिगरेट जब्त की हैं, जिनकी बाजार में अनुमानित कीमत 6.62 लाख आंकी गई है। क्राइम ब्रांच के डीसीपी हर्ष इंदौरा के अनुसार गिरफ्तार आरोपित की पहचान उत्तम नगर निवासी शिवम (22) के रूप में हुई है। वह द्वारका सेक्टर-12 स्थित अपने पान की दुकान से यह अवैध कारोबार चला रहा था। डीसीपी के अनुसार क्राइम ब्रांच की टीम को सूचना मिली थी कि द्वारका क्षेत्र में एक दुकान पर बड़ी मात्रा में प्रतिबंधित ई-सिगरेट का भंडारण किया गया है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए इंस्पेक्टर कमल कुमार की देखरेख में पुलिस टीम ने गुलाब पान सेंटर, सेक्टर-12, द्वारका पर छापा मारा जहां से 93 प्रतिबंधित ई-सिगरेट बरामद हुई और शिवम को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ के दौरान शिवम ने खुलासा किया कि उसके घर (राजापुरी, उत्तम नगर) में और भी बड़ा स्टॉक रखा गया है। इसके बाद टीम ने वहां छापा मारा और 295 ई-सिगरेट तथा 8,000 प्रतिबंधित सिगरेट जब्त कीं। इन सिगरेट पर स्वास्थ्य चेतावनी संबंधी किसी भी प्रकार का निर्देश नहीं था, जो स्वास्थ्य मंत्रालय के निर्देशों का उल्लंघन है। आगे पूछताछ में शिवम ने बताया कि वह पिछले तीन वर्षों से यह अवैध धंधा कर रहा है। उसे यह सामग्री चांदनी चौक के विभिन्न सप्लायर्स से मिलती थी।


### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 (2) Cr. P.C. देखें**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **दीपक कुमार पुत्रः** बिन्द प्रसाद जयसवाल **निवासीः** प्लॉट नं. 8, खसरा नं. 1086, गली नं. 5, ब्लॉक-D, स्वरूप विहार, बुराड़ी, दिल्ली ने **FIR. No. 464/19 U/s 33/38 Delhi Ex. Act. थानाः मंगोलपुरी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **दीपक कुमार** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **दीपक कुमार** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR. No. 464/19 U/s 33/38 Delhi Ex. Act. थानाः मंगोलपुरी, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **दीपक कुमार** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **07.07.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
रितिका जैन
एलडी. जेएमएफसी-05, कमरा नं. 105
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली
DP/6847/OD/2025
(Court Matter)

### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**(धारा 82 सीआरपीसी देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सनेहा वर्मा पत्नी तिलक वर्मा पता मकान नं. GG-1/45-B, प्रथम तल पोल नं वीकेपी एच 416 विकास पुरी, नई दिल्ली ने सीटी केस सं. 756/2022 धारा 135 भारतीय विद्युत अधिनियम के तहत** थानाः विकासपुरी, दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **सनेहा वर्मा** मिल नहीं रही है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **सनेहा वर्मा** फरार हो गयी है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रही है)। अतः इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **सीटी केस सं. 756/2022 धारा 135 भारतीय विद्युत अधिनियम के तहत** थानाः विकासपुरी, दिल्ली **के उक्त सनेहा वर्मा** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **06.08.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
विनोद कुमार मीणा
अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश
(दक्षिण वेस्ट) कमरा नं. 609,
द्वारका जिला कोर्ट, नई दिल्ली
DP/5944/WD/2025

### उत्तर रेलवे

**इलेक्ट्रोनिक निविदा ई प्रणाली के अंतर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य सामग्री प्रबंधक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली-110001 द्वारा इच्छुक फर्मो से निम्नलिखित मदों के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. सं. | निविदा संख्या | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 82245058A | ऑर्थो ओटी टेबल (शिढ विस्तार के साथ हेड रेस्ट सिस्टम के साथ ट्रैक्शन सेट के साथ) | 1 | 26.06.2025 |

प्री-बिड मीटिंग दिनांक 13.06.2025 (03:00 PM) को रूम नंबर 232, कॉन्फ्रेंस हॉल, द्वितीय तल, एनेक्सी-I, स्टोर डिपार्टमेंट, बड़ौदा हाउस, नई दिल्ली-01 में आयोजित की जाएगी।

निविदा शर्तें 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानि www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है।
2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जाएगी।
टेंडर नोटिस सं. 82245058A/MED/PART-II दिनांक : 30.05.2025 1616/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 CrPC देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **राजवीर पुत्र** मांगे राम, **निवासी** परिसर निकट खसरा नं0 16, गांव-बिजवासन, रेलवे फाटक के पास, नजफगढ़ पोल नं0 बीएसईएस एनजेएफ 267 के पास, नई दिल्ली-43, ने **CT Case No. 222/2021, U/S BSES Rajdhani Power Ltd. Vs Rajveer, पुलिस स्टेशन सेक्टर-23 द्वारका, द्वारका जिला, नई दिल्ली,** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किया गया गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राजवीर** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राजवीर** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **CT Case No. 222/2021, U/S BSES Rajdhani Power Ltd. Vs Rajveer, पुलिस स्टेशन सेक्टर-23 द्वारका, द्वारका जिला, नई दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **राजवीर** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **04.07.2025** को या इससे पहले हाज़िर हो।

आदेशानुसार
श्री विनोद कुमार मीना
अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश,
विद्युत एक्ट विशेष कोर्ट, कोर्ट नं0-609,
दक्षिण-पश्चिम जिला, द्वारका न्यायालय, नई दिल्ली
DP/6830/DW/2025
(Court Matter)

### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**(धारा 82 सीआरपीसी/84 भा.न.स.स.देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **(1)कुलदीप उर्फ रॉकी, (2)संदीप उर्फ पारस,** पुत्र उदयवीर, निवासी- जे-143, फेज़-1, विजय विहार, दिल्ली ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 73/25 धारा 70(1)/74/79/115(2)/351(2)/351(3)/3(5) भा.न.स थाना शाहबाद डेयरी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है की किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह कह कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **(1)कुलदीप उर्फ रॉकी, (2)संदीप उर्फ पारस** मिल नहीं रहे और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **(1)कुलदीप उर्फ रॉकी, (2)संदीप उर्फ पारस** फ़रार हो गए है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहे है)। इस लिए इस के द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **(1)कुलदीप उर्फ रॉकी, (2)संदीप उर्फ पारस, प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 73/25 धारा 70(1)/74/79/115(2)/351(2)/351(3)/3(5) भा.न.स थाना शाहबाद डेयरी, दिल्ली** न्यायालय के समक्ष या मेरे समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक 02.07.2025 को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेश से
**श्री सार्थक पंवार**
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी-05 (उत्तर)
कोर्ट रूम नं. 114, प्रथम तल
रोहिणी न्यायालय, दिल्ली
DP/6397/ON/2025

### अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा **82(2)(ii) Cr.P.C.** देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **राजेन्दर प्रसाद पुत्रः जियालाल, पताः** प्लॉट नं. 50, फ्लेट नं. 10, गली नं. 27, एच साद नगर, स्थायी पताः गाँव पुरावाली, पोस्ट खांड़सा, थानाः अमनगंज, जिला फैजाबाद, उत्तर प्रदेश **FIR No. 429/2020, U/s 323/341/34 IPC,** थानाः सागर पुर, नई दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया हैं (या संदेह है कि उसने किया हैं) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राजेन्दर प्रसाद** मिल नहीं रहा हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राजेन्दर प्रसाद** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 429/2020, U/s 323/341/34 IPC,** थानाः सागर पुर, नई दिल्ली के उक्त अभियुक्त **राजेन्दर प्रसाद** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **04.07.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री ईशा सिंह, एलडी.
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी-03
कमरा नं. 18, मैन बिल्डिंग
पटियाला हाउस कोर्ट, नई दिल्ली
DP/6819/SW/2025
(Court Matter)


# उद्योग भवन को बम से उड़ाने की मिली धमकी



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** अधिकारियों ने बताया कि शुक्रवार को भारी उद्योग मंत्रालय के सचिव को उद्योग भवन, को उड़ाने की धमकी वाला ई-मेल मिला। इसके बाद सुरक्षा तंत्र ने त्वरित कार्रवाई की। केंद्रीय सचिवालय के पास स्थित इस भवन को इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) से उड़ाने की धमकी वाला ई-मेल दोपहर में प्राप्त हुआ। इसके चलते सुरक्षा अधिकारियों ने दोपहर 3:15 बजे परिसर को खाली कराया। दिल्ली अग्निशमन अनुसार, उन्हें दोपहर 1:01 बजे धमकी भरे ई-मेल की सूचना मिली, जिसके बाद दमकल की एक टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने बताया कि धमकी भरा ई-मेल उद्योग भवन में मुख्यालय वाले मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों को भेजा गया था। ई-मेल में कथित तौर पर इमारत को आईईडी से निशाना बनाने की योजना का जिक्र था। सुरक्षा एजेंसियों ने जांच शुरू कर दी है और परिसर की जांच के लिए बम निरोधक दस्तों को तुरंत तैनात किया गया। परिसर को खाली करा लिया गया है और तलाशी अभियान जारी है।


### सी एंड सी कंस्ट्रक्शन्स लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालयः 74, हेमकुंट कॉलोनी, नेहरू प्लेस, नई दिल्ली 10048
CIN: L45201DL1996PLC080401
ई-मेलः candcinfrastructure.com वेबसाइटः candcinfrastructure.com

**31 मार्च, 2025 को समाप्त तिमाही और वर्ष के लिए लेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों के विवरण का अंश**

(सभी राशियाँ मिलियन भारतीय रुपये में हैं जब तक कि अन्यथा न कहा गया हो)

| क्रमांक | विशेषतः | स्टैंडअलोन | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | तिमाही समाप्त | | | वर्ष समाप्त | |
| | | 31-Mar-25 | 31-12-2024* | 31-03-2024* | 31-Mar-25 | 31-Mar-24 |
| | | नोट 3 देखें | अनऑडिट | अनऑडिट | ऑडिट | ऑडिट |
| 1 | परिचालन से कुल आय | 71.71 | - | - | 90.87 | 49.89 |
| 2 | अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (कर से पहले, असाधारण और/या असाधारण मदों के बाद) | 38.41 | - | - | -237.79 | -27.36 |
| 3 | कर से पहले की अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण और/या असाधारण मदों के बाद) | 38.41 | - | - | -237.79 | -27.36 |
| 4 | कर के बाद की अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण और/या असाधारण मदों के बाद) | 38.41 | - | - | -237.79 | -27.36 |
| 5 | अवधि के लिए कुल व्यापक आय [अवधि के लिए लाभ/(हानि) (कर के बाद) और अन्य व्यापक आय (कर के बाद) | 38.41 | - | - | -237.79 | -27.36 |
| 6 | भुगतान की गई इक्विटी शेयर पूंजी (प्रत्येक का अंकित मूल्य 10/-) | 254.45 | 254.45 | 254.45 | 254.45 | 254.45 |
| 7 | बैलेंस शीट के अनुसार अन्य इक्विटी (पुनर्मूल्यांकन रिजर्व को छोड़कर) दिनांक | | | | | |
| 8 | प्रति इक्विटी शेयर आय (तिमाहियों के लिए वार्षिकीकृत नहीं) बेसिक (इंच में) | 1.51 | - | - | -9.35 | -1.08 |
| | डायलयुटेड (इंच में) | 1.51 | - | - | -9.35 | -1.08 |

1) उपरोक्त सेबी (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियमन, 2015 के विनियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंजों के साथ दायर तिमाही और वार्षिक वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक अंश है। तिमाही वित्तीय परिणामों का पूरा प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट (www.bseindia.com, www.nseindia.com)) और कंपनी की वेबसाइट (candcinfrastructure.com) पर उपलब्ध है।
2) लेखा परीक्षा समिति द्वारा समीक्षा किए गए उपरोक्त स्टैंडअलोन परिणामों को 29 मई, 2025 को आयोजित उनकी संबंधित बैठकों में निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित किया गया था।
3) 31 मार्च 2025 को समाप्त तिमाही के आंकड़े पूरे वित्तीय वर्ष के संबंध में लेखापरीक्षित आंकड़ों और संबंधित वित्तीय वर्ष की तीसरी तिमाही तक प्रकाशित वर्ष-दर-वर्ष अलेखापरीक्षित आंकड़ों के बीच संतुलन के आंकड़े हैं, जिन्हें वैधानिक लेखा परीक्षकों द्वारा सीमित समीक्षा के अधीन किया गया था।
* कॉर्पोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया और परिसमापन अवधि के दौरान तिमाही वित्तीय परिणाम तैयार न किए जाने के कारण, कंपनी का पुनर्गठित निदेशक मंडल 11 नवंबर, 2024 के मास्टर परिपत्र संख्या SEBI/HO/CFD/PoD2/CIR/P/ 0155 के तहत अपेक्षित पूर्ववर्ती अवधियों से संबंधित आंकड़े प्रकाशित करने में असमर्थ है।

स्थानः गुरूग्राम
दिनांकः 29 मई, 2025

निदेशक मंडल की ओर से और C & C CONSTRUCTIONS LIMITED
चंदन सिंह पूर्णकालिक निदेशक
(डीआईएन नं. 10901481)


# दिल्ली से 30 बांग्लादेशी घुसपैठिए पकड़े गए

**नई दिल्ली।** उत्तर-पश्चिम जिले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए भारत में अवैध रूप से रह रहे 30 बांग्लादेशी घुसपैठियों को दिल्ली के भारत नगर इलाके से गिरफ्तार किया। ये सभी भीख मांगने और अन्य संदिग्ध गतिविधियों में लिप्त थे। इनकी पहचान गुप्त सूचना और लंबे समय से चल रही निगरानी के आधार पर की गई। उत्तर पश्चिमी जिले के डीसीपी भीष्म सिंह ने बताया कि शुक्रवार सुबह गुप्त सूचना के आधार पर इन सभी को पकड़ा गया है।

# मां की हत्या के मामले में फरार चल रही बेटी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** बाहरी दिल्ली के रनहौला इलाके में 2023 में अपनी ही मां की हत्या कर फरार चल रही एक महिला आरोपित को दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने 17 महीने के बाद गिरफ्तार किया है। महिला 46 वर्षीया है। वह लंबे समय से गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार अपना ठिकाना और मोबाइल नंबर बदल रही थी। क्राइम ब्रांच के डीसीपी हर्ष इंदौरा ने शुक्रवार को बताया कि 30 दिसंबर 2023 को रनहौला निवासी 70 वर्षीय बुजुर्ग महिला की गला रेत कर हत्या कर दी गई थी। जांच में सामने आया कि उनकी दो बेटियों ने मिलकर इस वारदात को अंजाम दिया था। घटना वाले दिन सुबह करीब साढ़े पांच बजे मृतका की बहू रोज की तरह दूध लेने खेत में बने कमरे में गई थी। वहां अंधेरे में कुछ टटोलते वक्त उसका हाथ किसी भारी चीज से टकराया।
ध्यान से देखने पर पता चला कि वह उसकी सास का खून से लथपथ शव था। मामले की सूचना पुलिस को दी गई। जांच के बाद सामने आया कि बेटियों ने ही मां की हत्या की थी।


### उत्तर रेलवे

**खुली निविदा सूचना**

पत्र संख्या :- CPM-DLI-NIT-22-2025-26 दिनांक 30.05.2025

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य परियोजना प्रबंधक/गति शक्ति दिल्ली मंडल उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्य के लिए इ-टेंडर के माध्यम से निविदाए आमंत्रित की जाती हैं।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | N.I.T. No. | CPM-DLI-NIT-22-2025-26 |
| 2 | कार्य का नाम | दिल्ली शाहदरा और सब्जी मंडी पर 03 रिले हटों का निर्माण, साथ ही सब्जी मंडी, दिल्ली शाहदरा और शकूरबस्ती रेलवे स्टेशनों पर अन्य विविध हेतु कार्य। |
| 3 | अनुमानित लागत | रु. 1,41,06,868.33/- |
| 4 | धरोहर राशि | रु. 2,20,500/- |
| 5 | समापन अवधि | 06 महीने |
| 6 | बिडिंग प्रणाली | एक पैकेट प्रणाली |
| 7 | ई-निविदा खोलने और प्रस्तुत करने के लिए दिनांक और समय | 23.06.2025 को 15:00 बजे तक प्रस्तुत करने तथा निविदा खुलने का समय दिनांक 23.06.2025 को 15:00 बजे |
| 8 | निविदा की वेबसाइट जहां निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है। | www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। |

1618/25
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 (2) Cr. P.C./84 BNSS देखें**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अभिषेक उर्फ तोतला पुत्रः** राम उदित राय **निवासीः** खसरा नं. 4/20, मदर डेयरी के नजदीक, गली नं. 6, भाटा रोड़ स्वरूप नगर, दिल्ली ने **Case/FIR. No. 17/23 दिनांक 07.01.2023 U/s 307/147/148/149/323/109/120B/34 IPC, थानाः जहाँगीरपुरी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **अभिषेक उर्फ तोतला** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **अभिषेक उर्फ तोतला** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **Case/FIR. No. 17/23 दिनांक 07.01.2023 U/s 307/147/148/149/323/109/120B/34 IPC. थानाः जहाँगीरपुरी, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **अभिषेक उर्फ तोतला** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **02.07.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
ज्योति नैन
जेएमएफसी-07, कोर्ट नं. 06
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली
DP/6863/NW/2025
(Court Matter)


# क्लासीफाइड


## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 73476708**

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश**
9815119633, 9855577523

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 7087033731**

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## सार्वजनिक सूचना

**नगरपालिका गन्नौर**

नगरपालिका गन्नौर द्वारा सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि राहुल कुमार, योगेन्द्र, पुत्रान श्री नरेश कुमार व शिमला विधवा श्री नरेश कुमार जायदाद न0- 100/95 रेहडा बस्ती, शिव मन्दिर गन्नौर 131101 नगरपालिका गन्नौर (PID No 6PJP37U2 ) जो कि नरेश कुमार के नाम ग्रह कर रिकार्ड में दर्ज है अब वसियत/मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर अपने नाम करवाने बारे नगर पालिका गन्नौर में आवेदन किया है अगर किसी भी व्यक्ति को यह नाम तबदील करवाने बारे में किसी तरह का कोई एतराज होगा तो 30 दिन के अन्दर एतराज सहित इस कार्यलय में किसी भी कार्य दिवस में प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा नियमानुसार नाम बदल दिया जाएगा उसके बाद कोई आपति मान्य नही होगी। अब यह प्रोपर्टी वारसान के नाम दुरूस्त कि जाए।

सचिव नगरपालिका, गन्नौर

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी-नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# दिल्ली सरकार का 100 दिन का रिपोर्ट कार्ड

□ सीएम बोलीं- महिला कल्याण निधि योजना वन टाइम नहीं, इसे जल्द लागू करेंगे □ एक पंपलेट भी लॉन्च किया, जिसके माध्यम से दिल्ली सरकार के मंत्री, विधायक, पार्षद 70 विधानसभाओं में जाकर 100 दिन में सरकार के किए काम को बताएंगे: मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा है कि महिला कल्याण निधि देने के लिए पात्र महिलाओं को चुना जा रहा है, यह वन टाइम योजना नहीं है, इसपर गंभीरता से काम चल रहा है। इसे हम गंभीरता के साथ बहुत जल्द लॉन्च करेंगे। मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को दिल्ली सचिवालय में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित कर अपने 100 दिन के कामकाज की 'वर्क बुक' लॉन्च की। एक पंपलेट भी लॉन्च किया, जिसके माध्यम से दिल्ली सरकार के मंत्री, विधायक, पार्षद 70 विधानसभाओं में जाकर 100 दिन में सरकार के किए काम को बताएंगे। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री आशीष सूद, कपिल मिश्रा, रविंद्र इंद्राज सिंह, दिल्ली सरकार के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार के सभी मंत्रियों, विधायकों, अधिकारियों को बधाई, सबने 100 दिन में बहुत काम किया। उन्होंने सरकार की 'वर्क बुक' लॉन्च की। उन्होंने कहा कि ये किताब रिपोर्ट कार्ड नहीं, सरकार की वर्क बुक है, इसमें वे काम हैं जो आगे भी बढ़ते जाएंगे। इसे हम 70 विधानसभाओं में जाएंगे, मंत्री विधायक, पार्षद जनता के बीच जाकर सरकार के प्रयासों का ब्योरा देंगे। सरकार ने एक पंपलेट भी छपवाया है, इसमें सरकार के 100 दिन के कामकाज का ब्योरा है, इसको हर घर तक हम पहुंचाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि शनिवार को जेएलएन स्टेडियम में भी एक कार्यक्रम आयोजित कर सरकार के काम काज का ब्योरा देंगे। पिछली सरकार नाम करने वाली सरकार थी, ये काम करने वाली सरकार है, हम काम करने वाले लोग हैं। आम आदमी पार्टी की सरकार भ्रष्टाचार करके मेवा खा रहे थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमारा एक-एक दिन दिल्लीवासियों की भलाई के लिए तत्पर रहा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे मंत्री दूसरे राज्यों में जाकर केवल प्रचार करने का काम नहीं किया, 100 दिन में हमने जमीन पर उतरकर काम किया। हमने 1 लाख करोड़ का बजट पास किया है, उसको लागू करने के लिए सरकार सिद्दत से काम कर रही है।



**सरकार की आय बढ़ाने पर रहेगा जोर**

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार अपनी इनकम को बढ़ाने के लिए जीएसटी संग्रह बढ़ाने का काम कर रही है। इनकम लीकेज न हो इसके प्रयास किए जा रहे हैं।

**महिला कल्याण निधि योजना पर गंभीरता से काम चल रहा है - सीएम**

मुख्यमंत्री ने कहा कि महिला कल्याण निधि देने के लिए पात्र महिलाओं को चुना जा रहा है, यह वन टाइम योजना नहीं है, इसपर गंभीरता से काम चल रहा है। इसे हम गंभीरता के साथ बहुत जल्द लॉन्च करेंगे।

## छोटे-छोटे मगर महत्वपूर्ण काम हुए - आशीष सूद

*कैबिनेट मंत्री आशीष सूद ने कहा कि सरकार के 100 दिन के बक्से में दिल्लीवासियों के लिए छोटे छोटे मगर महत्वपूर्ण काम हुए हैं। शिक्षा मंत्री ने कहा कि सरकार के शुरूआती 100 दिन बहुत महत्वपूर्ण रहे, दिल्ली में आधी रात को महिला मुख्यमंत्री ने सड़कों के निर्माण का मुआयना किया है। हम ये नहीं कहते कि हमने सब बदल दिया, लेकिन छोटे छोटे महत्वपूर्ण काम शुरू हुए हैं।*

## छात्रों को तकनीकी प्रशिक्षण देने के लिए किया करार

*दिल्ली सरकार के उच्च शिक्षा विभाग ने तकनीकी विभाग के साथ तकनीकी प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए हाथ मिलाया है। शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की उपस्थिति में एमओयू हस्ताक्षर कराए। छात्रों को तकनीकी ट्रेनिंग देने के लिए मारुति सुजुकी और अन्य तीन कंपनियों के साथ करार हुआ है। जल्द ही दिल्ली के उच्च शिक्षण संस्थानों में ये कार्यक्रम शुरू होगा।*

# सीएम ने की गौड़ ब्राह्मण विद्या प्रचारिणी सभा को मैचिंग ग्रांट देने की घोषणा

**पराक्रमी योद्धा**

□ समाज की संस्था को 51 लाख रुपये देने की भी की घोषणा, भगवान परशुराम पराक्रमी योद्धा, वेदों के ज्ञाता और महान समाज सुधारक थे: मुख्यमंत्री



**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गांव पहरावर में गौड़ ब्राह्मण विद्या प्रचारिणी सभा को कैंपस के शिक्षण संस्थानों के निर्माण कार्यों हेतु प्रदेश सरकार की ओर से मैचिंग ग्रांट देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि जितना पैसा समाज इन संस्थानों के लिए एकत्रित करेगा, उससे ज्यादा की राशि हरियाणा सरकार द्वारा मैचिंग ग्रांट के रूप में प्रदान की जाएगी। इसके अतिरिक्त, प्रदेश में किसी एक बड़े पार्क का नाम भगवान परशुराम के नाम पर रखा जाएगा। मुख्यमंत्री ने ये घोषणाएं शुक्रवार को जिला रोहतक के गांव पहरावर में भगवान परशुराम की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह के दौरान की। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने समाज की संस्था को 51 लाख रुपये देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि समाज द्वारा रखी गई अन्य मांगों को भी विभागों को भेजकर उनकी फिजिबिलिटी चैक करवाकर प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने का काम किया जाएगा। इससे पहले, मुख्यमंत्री ने 61 करोड़ 23 लाख रुपये लागत की कुल 9 परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इनमें 54 करोड़ 26 लाख रुपये लागत की 5 परियोजनाओं का शिलान्यास तथा 6 करोड़ 97 लाख रुपये लागत की 4 परियोजनाओं का उद्घाटन शामिल है। श्री नायब सिंह सैनी ने भगवान परशुराम जयंती, सिख गुरु अर्जन देव जी के शहीदी दिवस और अरूट महाराज की जयंती पर उन्हें नमन करते हुए कहा कि सभी महापुरुषों ने धर्म की स्थापना, सामाजिक एकता, सद्भाव और संस्कृति के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित किया। इनकी जीवनयात्रा हम सभी को सदा धर्म पथ पर चलने और मानवता की सेवा के लिए प्रेरित करती रहेंगी।

# हरियाणा 'ऑपरेशन शील्ड' आयोजित करेगा: डॉ. सुमिता

**नामांकित**

□ अब तक लगभग 32,000 स्वयंसेवक नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवक के रूप में हुए नामांकित

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा सरकार राज्य की आपातकालीन तैयारियों और प्रतिक्रिया क्षमताओं को बढ़ाने के लिए 31 मई को सभी 22 जिलों में ऑपरेशन शील्ड नामक एक प्रमुख राज्यव्यापी नागरिक सुरक्षा अभ्यास आयोजित करेगा। यह व्यापक अभ्यासगृह मंत्रालय, भारत सरकार के मार्गदर्शन में सायं 5 बजे शुरू किया जाएगा। जिसका उद्देश्य वर्तमान राष्ट्रीय सुरक्षा चिंताओं के मद्देनजर हवाई हमलों, ड्रोन हमलों और अन्य युद्धकालीन परिदृश्यों जैसी महत्वपूर्ण घटनाओं का अनुकरण करना है। इससे पहले यह मॉक ड्रिल 29 मई के लिए निर्धारित की गई थी, लेकिन गृह मंत्रालय (एमएचए) के निर्देशों के अनुसार इसे स्थगित कर दिया गया था। गृह विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा ने आज यहां पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि इस अभ्यास का उद्देश्य मौजूदा आपातकालीन तंत्र का परीक्षण करना, नागरिक प्रशासन, रक्षा बलों और स्थानीय समुदायों के बीच समन्वय में सुधार करना तथा उन क्षेत्रों की पहचान करना है, जिन्हें मजबूत करने की आवश्यकता है, ताकि किसी भी संकट के दौरान त्वरित और प्रभावी प्रतिक्रिया सुनिश्चित की जा सके।
उन्होंने बताया कि वर्तमान में प्रदेश में लगभग 32,000 नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवक हैं जो इस अभ्यास में भी योगदान देंगे। सभी उपायुक्तों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने-अपने जिलों के नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों, एनएसएस, एनसीसी, नेहरू युवा केंद्र संगठन (एनवाईकेएस), होमगार्ड आदि को बुलाकर उनकी तैनाती, कर्तव्यों और किए जाने वाले अभ्यासों के बारे में जानकारी दें।
उन्होंने बताया कि अभ्यास के प्रमुख घटकों में हवाई हमलों और मानव रहित हवाई वाहनों (ड्रोन) के झुंड जैसे हवाई खतरों का जवाब देने के लिए अभ्यास, हवाई हमले के सायरन को सक्रिय करना और भारतीय वायु सेना के साथ स्थापित नियंत्रण कक्ष संचार हॉटलाइन का परीक्षण शामिल है। इसके अतिरिक्त, अस्पताल, अग्निशमन केन्द्र और पुलिस स्टेशन जैसी आवश्यक आपातकालीन सेवाओं को छोड़कर, महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों के आस पास रात्रि 8 बजे से 8:15 बजे तक 15 मिनट का नियंत्रित ब्लैकआउट रहेगा।
डॉ. मिश्रा ने बताया कि यह अभ्यास घटना प्रतिक्रिया प्रणाली (आईआरएस) के अनुरूप है, जिसे हरियाणा ने आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 के तहत 28 जनवरी, 2025 को आधिकारिक तौर पर अधिसूचित किया था।

# गोवा प्राकृतिक सुंदरता, सांस्कृतिक विरासत के लिए प्रसिद्ध: रेखा



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता शुक्रवार को गोवा दिवस पर दिल्ली सचिवालय में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में शामिल हुई। दिल्ली सरकार के कला, संस्कृति एवं भाषा विभाग के जरिए इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने इस मौके पर कहा कि दिल्ली में गोवा के नागरिक बड़ी संख्या में निवास करते हैं, जो अपनी मेहनत और कर्मठता से न केवल अपने राज्य, बल्कि पूरे देश की प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि गोवा अपनी प्राकृतिक सुंदरता के साथ-साथ अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, शांतिप्रिय जीवनशैली और विकास की भावना के लिए भी प्रसिद्ध है। उन्होंने बताया कि दिल्ली सरकार ने प्रत्येक राज्य के स्थापना दिवस को उत्साहपूर्वक और गरिमापूर्ण तरीके से मनाने का फैसला किया है। कार्यक्रम के दौरान साहित्य कला परिषद से जुड़े कलाकारों ने गोवा के पारंपरिक लोकनृत्य, संगीत और कलाओं की मोहक प्रस्तुतियां दीं। इनमें गोवा के प्रसिद्ध लोकनृत्य फुगड़ी की प्रस्तुति विशेष आकर्षण का केंद्र रही। यह नृत्य अपनी जोरदार थाप और पारंपरिक शैली के कारण दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर गया। इसके अतिरिक्त महिला एवं पुरुष कलाकारों की पारंपरिक वेशभूषा में सजी प्रस्तुतियों ने सांस्कृतिक विविधता को और जीवंत कर दिया। कला, संस्कृति एवं भाषा मंत्री कपिल मिश्रा ने कहा कि गोवा न केवल सांस्कृतिक बल्कि पर्यटन, सामाजिक और आर्थिक दृष्टि से भी भारत का एक अग्रणी राज्य है। दिल्ली और गोवा के बीच सामाजिक, सांस्कृतिक और शैक्षिक सहयोग लगातार मजबूत हो रहा है और हमें विश्वास है कि यह साझेदारी भविष्य में और भी प्रगाढ़ होगी।




## न्यूज फ्लैश

### पानीपत के संकल्प अभियान – 2025 में शिरकत करेंगे केंद्रीय कैबिनेट मंत्री शिवराज



**टीम एक्शन इंडिया/ कमाल हुसैन**
**पानीपत।** विकसित कृषि संकल्प अभियान –2025 के जिला स्तरीय आयोजन को लेकर प्रशासन व संबंधित विभाग ने तैयारियों को अंतिम रूप प्रदान कर दिया है। कार्यक्रम की सफलता को लेकर शुक्रवार को अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. पंकज ने जिला सचिवालय कार्यालय में कृषि विभाग, मत्स्य, बागवानी, पशुपालन विभाग और कृषि विज्ञान केंद्र ऊझा के अधिकारियों के साथ बैठक की और आवश्यक जिम्मेदारियां सौंपी। अतिरिक्त उपायुक्त ने बताया कि विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत आर्य पी. जी. महाविद्यालय के सभागार में शनिवार को दोपहर बाद इस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान बतौर मुख्य अतिथि भाग लेकर इस अभियान की जानकारी किसानों व अन्य विभाग से जुड़े लोगों को देंगे। कार्यक्रम का नॉडल अधिकारी जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राजेश शर्मा को नियुक्त किया गया है। अतिरिक्त उपायुक्त ने बताया कि इस विकसित संकल्प अभियान का उददेश्य खरीफ के लिए वैज्ञानिक फसल उत्पादन तकनीकों के साथ बागवानी फसलों और पशुधन स्वास्थ्य, पशुपोषण, टीकाकरण और एकीकृत फसल प्रणाली पर ध्यान केंद्रित करने के बारे में जागरुकता बढ़ाना है। 12 जून तक चलने वाले इस अभियान में वैज्ञानिक की टीम ने गांव –गांव जाकर किसानों से सीधा संवाद प्रारंभ कर रखा है। यह अभियान किसानों की दशा व दिशा का मार्ग प्रशस्त करेगा। सरकार की ऐतिहासिक पहल के माध्यम से विभिन्न क्षेत्रों की आवश्यकता के अनुसार आगे के कृषि अनुसंधान का मार्ग तय करने में सफल रहेगा, ऐसा माना जा सकता है। कार्यक्रम में जिले भर से किसान, सब्जी उत्पादक, मत्स्य उत्पादक, पशुपालक आदि बड़ी संख्या में भाग लेंगे। अतिरिक्त उपायुक्त ने सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को कार्यक्रम को कार्यक्रम सफल बनाने के लिए निर्देश दिए। इस मौके पर जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राजेश शर्मा, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उपनिदेशक आत्माराम गोदारा, पशुपालन विभाग के उप–निदेशक संजय आतिल, जिला बागवानी अधिकारी सार्दुल शंकर, कृषि विज्ञान केन्द्र ऊझा के समन्वयक डॉ. सतपाल आदि मौजूद रहे।

### सुकन्या समृद्धि योजना से बालिकाओं का उज्जवल भविष्य: एडीसी

**टीम एक्शन इंडिया/कमाल हुसैन**
**पानीपत।** बालिकाओं के उज्जवल भविष्य के लिए सरकार द्वारा अनेक योजनाएं चलाई जा रही हैं। इनमें सुकन्या समृद्धि योजना बड़ी ही महत्वाकांक्षी योजना है जो एक तरह से लड़कियों का भविष्य उज्ज्वल बनाने का काम करती है। यह योजना डाकघरों से जुड़ी हुई है। यह योजना लड़की की पढ़ाई से लेकर विवाह तक सहायक बनती है। माता–पिता को अपने बेटी के सुरक्षित भविष्य के लिए इस योजना को जरूर अपनाना चाहिए।

# श्री महावीर जैन पब्लिक स्कूल ने किया बच्चों की प्रतियोगिताओं का आयोजन

## विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन किया जिसमें नन्हे-मुन्नों के लिए पूल पार्टी का भी आयोजन हुआ

**बाल कार्यक्रम**

**तीसरी से आठवीं तक के बच्चों को नृत्य और नवमी से 12वीं तक के बच्चों को फूड फिएस्टा का आयोजन**




**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** रेलवे रोड स्थित श्री महावीर जैन पब्लिक स्कूल ने गर्मियों की छुट्टियों से पहले विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन किया जिसमें नन्हे-मुन्नों के लिए पूल पार्टी और तीसरी से आठवीं तक के बच्चों के लिए नृत्य और नवमी से 12वीं तक के बच्चों के लिए फूड फिएस्टा का आयोजन किया गया। विद्यालय बच्चों के चहुंमुखी विकास के लिए समय-समय पर प्रतियोगिताओं का आयोजन करवाता रहता है। इन सभी प्रतियोगिताओं में बच्चों ने बड़े उत्साह से भाग लिया। नन्हे-मुन्ने बच्चों ने पूल पार्टी को इंजॉय किया और नृत्य प्रतियोगिताओं में बच्चों ने अपना कौशल दिखाया और फूड फिएस्टा में प्रतिभागी बनकर छात्रों ने विभिन्न प्रकार के व्यंजनों जैसे सैंडविच, भेलपुरी, आम पन्ना, बादाम मिल्क, गोलगप्पे, चना चाट, केसर इलायची श्रीखंड, चॉकलेट केक का रसास्वादन करवाया। प्रतियोगिता में बच्चों ने टीमवर्क के महत्व को जाना। नृत्य प्रतियोगिता में कक्षा तीसरी से प्रथम रश्वित, द्वितीय विरोनिका, सेहजोत कक्षा चौथी से प्रथम स्थान, आस्था द्वितीय, कनिष्का तृतीय अनाहत कक्षा पांचवी से प्रथम मनस्वी, द्वितीय दिव्यांशी, तृतीय रमनदीप कक्षा छठी से प्रथम गुनीत, द्वितीय गुरनूर और तृतीय स्थान आरना, कक्षा सातवीं से प्रथम स्थान परी, द्वितीय अंशिका, तृतीय साक्षी और कक्षा आठवीं से प्रथम तनु, द्वितीय तानिया और तृतीय स्थान वरुण ने प्राप्त किया। फूड फिएस्टा के विजेता नवमी और दसवीं के छात्र प्रथम आकांक्षा, वृति, योगिता, यशिका, गौरी द्वितीय आरुष, अमृता, खुशी तृतीय, लावण्या दिव्यांशी कक्षा दसवीं की छात्राएं अलीशा, रुचिका कक्षा 11वीं और 12वीं के विजेता छात्र प्रथम सूर्याश अंजली द्वितीय गिरिशा, वंशिका तृतीय स्थान सान्वी, सोफिया, जीवेश और अभिनव ने प्राप्त किया। प्रधानाचार्या श्रीमती पूजा शर्मा ने बच्चों का उत्साह बढ़ाते हुए प्रतियोगिताओं को छात्रों का ज्ञान और कौशल को प्रदर्शित करने के लिए शानदार मंच बताया कि बच्चा जीवन के हर हिस्से में प्रतियोगिताओं में भाग लेता हुआ आगे बढ़ता है।

## स्नैचिंग के मामले में एक काबू, बाईक, मोबाइल बरामद



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** अम्बाला पुलिस द्वारा चोरी/लूट/स्नैचिंग की वारदातों पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के दौरान थाना नारायणगढ़ में दर्ज मोबाइल स्नैचिंग के मामले में 29 मई 2025 को पुलिस ने तुरन्त कार्यवाही करते हुए आरोपी कमल सिंह निवासी गांव अहमदपुर थाना सढौरा तहसील बिलासपुर जिला यमुनानगर को गिरफ्तार कर न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया। इस मामले के सम्बन्ध में शिकायतकर्ता अमित निवासी गांव बाडी थाना सिधौली, जिला सीतापुर यूपी, वर्तमान पता गांव झिरी वाला तहसील नारायणगढ़ जिला अम्बाला ने 29 मई 2025 को थाना नारायणगढ़ में शिकायत दर्ज करवाई थी कि 28 मई 2025 को वह अपने दोस्त के साथ झिरीवाला रोड पर करियाना स्टोर से सामान लेने के आया था जैसे ही वह सामान लेकर बाहर सड़क पर निकलकर गांव झिरीवाला की तरफ पैदल चलने लगा तो पीछे से मोटरसाईकिल सवार अज्ञात आरोपियों ने झपटा मारकर उससे उसका मोबाइल छीन लिया।

## कुरुक्षेत्र में बाल विकास परिषद करेगा बाल संस्कार कार्यशाला का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र।** भारत विकास परिषद कुरुक्षेत्र शाखा द्वारा विद्यार्थियों में संस्कारों का समावेश करने के लिए, बाल संस्कार कार्यशाला का आयोजन दो जून सोमवार से सात जून शनिवार तक किया जाएगा। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए शाखा अध्यक्ष विजयंत बिंदल जी ने बताया कि यह बाल संस्कार कार्यशाला कुरुक्षेत्र के सुंदरपुर रेलवे फाटक के नजदीक सेक्टर 9 में स्थित सेंट थॉमस कॉन्वेंट स्कूल में दो जून से सात जून तक आयोजित की जाएगी, जिसका समय सुबह आठ बजे से 11:30 बजे तक रहेगा। प्रकल्प प्रमुख एवं महिला संयोजिका मानसी गर्ग के अनुसार इस संस्कार शाला द्वारा बच्चों में संस्कारों का समावेश किया जाएगा तथा इसके अतिरिक्त कक्षा पांच से आठ तक के विद्यार्थियों को मंच संचालन तथा आर्ट क्राफ्ट सिखाने की कक्षाएं भी आयोजित की जाएगी। शाखा सचिव बलजीत चावला ने बताया कि इस कार्यशाला में विभिन्न विद्याएं ख्याति प्राप्त कलाकारों द्वारा ही सिखाई जाएंगी। मंच संचालन का प्रशिक्षण कुरुक्षेत्र के कल सृष्टि मंच के निदेशक एवं आकाशवाणी मंच के ख्याति प्राप्त कलाकार ब्रिज शर्मा के निर्देशन में किया जाएगा।

## सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों के लिए विशेष विदाई कार्यक्रम का किया आयोजन

**विदाई**

**पुलिस आफिसर इन्स्टीट्यूट, अम्बाला शहर में विशेष विदाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया**



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** पुलिस अधीक्षक अम्बाला अजीत सिंह शेखावत के निर्देशानुसार अम्बाला पुलिस से सेवानिवृत पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों के सम्मान में पुलिस आफिसर इन्स्टीट्यूट अम्बाला शहर में विशेष विदाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें माननीय उप-पुलिस अधीक्षक मुख्यालय अम्बाला विजय कुमार के नेतृत्व में अम्बाला पुलिस के अधिकारियों/कर्मचारियों ने भाग लिया। सेवानिवृत पुलिस अधिकारी निरीक्षक बलवन्त सिंह न. 199/एचपी, उप निरीक्षक सुखदीप सिंह नं0 954 /अम्बाला, सह उप निरीक्षक गुरनाम सिंह नं. 917/अम्बाला व मुख्य सिपाही जय सिंह नं. 445/अम्बाला को उपहार भेंट कर पुष्पहार पहनाए, और मंगल कामना करते हुए उपस्थित अन्य पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों को भी सेवा भाव के लिये प्रेरित किया। इस अवसर पर उपस्थित सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारियों व उनके परिजनों ने पुलिस अधीक्षक अम्बाला के कुशल मार्गदर्शन में किए गए इस विशेष सम्मान समारोह के लिए उनका व अम्बाला पुलिस के अधिकारियों/कर्मचारियों का धन्यवाद करते हुए कहा कि आज का दिन हमारे लिए जीवन का सबसे अविस्मरणीय एवम यादगार दिन रहेगा। हम सभी पुलिस अधीक्षक अम्बाला का हार्दिक अभिनन्दन करते है। उप-पुलिस अधीक्षक मुख्यालय अम्बाला ने सेवानिवृत पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों के भविष्य की मंगल कामना करते हुए कहा कि उनके द्वारा जिला अम्बाला में पुलिस विभाग में सच्ची निष्ठा, आमजन की सेवा, सुरक्षा व सहयोग की भावना को निभाते हुए किए गए कार्यो की वह सराहना करते हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस अधिकारी/कर्मचारी के लिए अनिवार्य कार्य है तो वह है धैर्य, सहनशक्ति, हौसला, लगन है।

## घर से चोरी करने का आरोपी गिरफ्तार, जब्त किया चोरी का सामान



**काबू**

**अज्ञात चोर ने सोने चांदी की कीमत 13 हजार रुपये और घर का अन्य सामान चोरी कर लिया है।**

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** जिला पुलिस ने आरोपी के घर से चोरी करने के दस्तावेज को अदालत के आदेश से करागार भेज दिया गया है। पुलिस अधिकारियों के कुशल दिशा-निर्देश में अपराध शाखा शाखा-1 की टीम ने आरोपी के घर से चोरी करने के आमामी रबी की तलाश में डुली वासी धुराला कुरुक्षेत्र से चोरी के सोना- पुलिस अधिकारियों के कार्यालय और मोबाइल फोन बरामद करने में सफलता हासिल की है। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 11 मई 25 को थाना कृष्णा गेट पुलिस को दी गई अपनी शिकायत में संदीप कुमार वासी श्यामली थानेदार ने बताया कि पांच मई को वह अपने मकान का ताला बंद कर अपने गांव से जरूरी काम कराने गया था। 10 मई को उसके पड़ोसियों ने फोन करके बताया कि उसका मकान का ताला टूट गया है। जब वह वापस आया तो उसने देखा कि उसके मकान का ताला टूटा हुआ है। अंदर जाने पर पता चला कि किसी अज्ञात चोर ने उसके घर के अंदर से सोने चांदी की कीमत 13 हजार रुपये और घर का अन्य सामान चोरी कर लिया है। अन्य याचिका पर ठाणे कृष्णा गेट में दर्ज मामला जांच अपराध शाखा-1 को दिया गया। आरोपी को कोर्ट में पेश कर-के कोर्ट के आदेश से तीन दिन की पूछताछ के लिए पुलिस को मंजूरी दी गई थी।

## जनसंवाद शिविर में की गई समस्याओं के समाधान को लेकर समीक्षा बैठक




**टीम एक्शन इंडिया/कमाल हुसैन**
**पानीपत।** अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. पंकज यादव ने शुक्रवार को जिला सचिवालय सभागार में जनसंवाद और समाधान शिविर में पहुंची समस्याओं के समाधान को लेकर समीक्षा बैठक की व अधिकारियों को आवश्यक दिशानिर्देश दिए। अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि जिले में आम नागरिक द्वारा दी जा रही समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान करना व जिले को शत-प्रतिशत समस्याओं के समाधान की श्रेणी में पहुंचाना है। यह प्रतिशत वर्तमान में 93 है, जिसे बढाकर 100 करने के उद्देश्य को लेकर कार्य किया जा रहा है। अतिरिक्त उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे क्वालिटी में सुधार करें और जल्द से जल्द इन समस्याओं का समाधान करना सुनिश्चित करें, जो समाधान शिविर व जन संवाद कार्यक्रम में आम जन द्वारा दी गई हैं। अतिरिक्त उपायुक्त ने समीक्षा बैठक में सभी विभागों की समस्याओं की समीक्षा की व उनका समाधान ना होने का कारण भी जाना और अधिकारियों को इसमें अधिक समय देने के निर्देश भी दिये। अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि उनके विभाग से संबंधित पैंडिंग समस्याओं का समाधान करना सुनिश्चित करें। इस मौके पर जिला परिषद सीईओ डॉ. किरण सिंह, डीएसपी सतीश वत्स आदि मौजूद रहे।

## बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ मोबाईल वैन की रवाना

**टीम एक्शन इंडिया/कमाल हुसैन**
**पानीपत।** महिला एवं बाल विकास विभाग के तत्वावधान में शुक्रवार को जिला सचिवालय परिसर से बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान की मोबाईल वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. पंकज ने कहा कि यह मोबाईल वैन गांव-गांव जाकर लोगों को घटते लिंगानुपात के प्रति जागरूक करेगी। इस अभियान का उद्देश्य लोगों में जागरूकता बढ़ाना व घटते लिंग अनुपात में और बढ़ोतरी करना है। अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि विभाग ने 57 गांव चयनित किए हैं, जहां लिंगानुपात की स्थिति 2015 की तुलना में कमजोर है। इसका कारण शिक्षा की कमी है।

## डॉक्यूमेंट्री प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित



**पुरस्कार**

**मुख्य अतिथि प्रो. विवेक चावला ने कहा कि कार्यक्रम विभाग विद्यार्थियों की प्रतिभाओं को मंच देने के लिए है**

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में जनसंचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी संस्थान के मिनी ऑडिटोरियम में हिंदी पत्रकारिता दिवस एवं राज्य स्तरीय डॉक्यूमेंट्री प्रतियोगिता पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रोफेसर विवेक चावला, निदेशक युवा एवं संस्कृति कार्यक्रम विभाग कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय और कार्यक्रम की अध्यक्षता जनसंचार संस्थान के निदेशक प्रोफेसर महासिंह पूनिया ने की। उन्होंने कहा कि इस राज्य स्तरीय डॉक्यूमेंट्री प्रतियोगिता से संस्थान और विश्वविद्यालय द्वारा विद्यार्थियों में डॉक्यूमेंट्री के जरिये उनकी प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रो. विवेक चावला ने कहा कि युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग विद्यार्थियों की प्रतिभाओं को मंच देने के लिए है जो निरंतर अपना कार्य कर रहा है उसी के प्रयास में राज्यस्तरीय डॉक्यूमेंट्री प्रतियोगिता का आयोजन जनसंचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी संस्थान तथा युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग द्वारा संयुक्त रूप से किया गया था। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को अपनी लेखन शैली, भाषण शैली पर अधिक ध्यान देना होगा ताकि वे अपनी रचनात्मकता का अधिक उपयोग कर सकें। उन्होंने विद्यार्थियों को हिंदी पत्रकारिता दिवस और राज्यस्तरीय डॉक्यूमेंट्री प्रतियोगिता पुरस्कार प्राप्त करने वालो को बधाई दी और आगे बढ़ते रहने के हर अवसर पर पूर्ण रूप से कार्य करने आह्वान किया। संस्थान के सहायक प्रोफेसर डॉ. आबिद अली ने कार्यक्रम संचालन किया।

## गुरु अर्जुन देव जी के शहीद दिवस पर बच्चों ने किया अरदास



**शहीद दिवस**

**गुरु अर्जुन देव जी का जीवन हमें सिखाता है कि सत्य के मार्ग पर चलना कभी आसान नहीं होता, लेकिन वही मार्ग सबसे श्रेष्ठ होता है**

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र।** किड्स प्लेनेट प्रेम पब्लिक स्कूल सेक्टर 3 के विद्यार्थियों को गुरु अर्जन देव जी के शहीदी दिवस के अवसर पर स्थानीय गुरुद्वारा साहिब में ले जाया गया। इस विशेष अवसर पर बच्चों ने शबद कीर्तन, सामूहिक अरदास और लंगर सेवा में भाग लिया। इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों को गुरु जी के बलिदान, शिक्षाओं और सिख इतिहास से अवगत कराना था। गुरुद्वारे में ग्रंथी जी ने बच्चों को गुरु अर्जन देव जी के जीवन, कर्तव्यों और महान बलिदान के विषय में विस्तार से बताया। गुरु अर्जन देव जीः सहिष्णुता, सेवा और सत्य के प्रतीक गुरु अर्जुन देव जी सिख धर्म के पांचवें गुरु थे। उन्होंने आदि ग्रंथ का संकलन किया और अमृतसर स्थित स्वर्ण मंदिर (हरमंदिर साहिब) की स्थापना की। उन्होंने जीवन भर मानवता, सेवा और भक्ति का संदेश दिया। सन 1606 ई. में जब मुगल सम्राट जहांगीर ने उन्हें जबरन धर्म परिवर्तन के लिए यातनाएं दीं, तब भी गुरु जी ईश्वर में अटूट श्रद्धा और साहस के साथ डटे रहे। तपते तवे पर बैठाए जाने और गर्म रेत डाले जाने जैसी अमानवीय पीड़ा सहने के बाद भी उन्होंने अपनी आस्था नहीं छोड़ी और धर्म की रक्षा हेतु शहीद हुए। छात्रों में दिखी श्रद्धा और सीखने की ललक विद्यार्थियों ने पूरे भाव से गुरुद्वारे में भाग लिया और इस अनुभव को प्रेरणादायक व ज्ञानवर्धक बताया। उन्होंने कहा कि गुरु अर्जन देव जी का जीवन उन्हें सच्चाई और साहस की राह पर चलने की प्रेरणा देता है। विद्यालय प्रबंधन की ओर से प्रेरणादायक पहल विद्यालय के प्रबंधक परमिंदर सिंह बाठ ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि बच्चों को अपने इतिहास, धर्म और मूल्यों से जोड़ना हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी है। इस प्रकार के कार्यक्रम बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहायक होते हैं। मुख्य अध्यापिका सुनीता रानी जी ने कहा, गुरु अर्जुन देव जी का जीवन हमें सिखाता है कि सत्य के मार्ग पर चलना कभी आसान नहीं होता, लेकिन वही मार्ग सबसे श्रेष्ठ होता है। बच्चों को यह शिक्षा जीवन भर प्रेरणा देती है। गुरु अर्जुन देव जी की शहादत सत्य, सेवा और साहस की अमर गाथा है।

## श्री गुरु अर्जुन देव ने यातनाओं के बावजूद सत्य व धर्म का मार्ग नहीं छोड़ाः करतार



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय में सिखों के पांचवें गुरु श्री गुरु अर्जुन देव जी के शहीदी दिवस पर श्रद्धा और सेवा भाव के साथ छबील का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय परिवार द्वारा राहगीरों को मीठा शरबत वितरित कर मानवता और सेवा के संदेश को जन-जन तक पहुंचाया गया। इस मौके पर कुलपति प्रो.वैद्य करतार सिंह धीमान,कुलसचिव प्रो. ब्रिजेंद्र सिंह तोमर, प्रॉक्टर प्रोफेसर डॉ. राजा सिंगला, डॉ. रविराज, आयुर्वेदिक अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक प्रो.वैद्य राजेंद्र सिंह चौधरी, उपकुलसचिव विकास शर्मा, अधीक्षक राम निवास, वित्त अधिकारी अशोक कुमार ग्रोवर एवं एक्सईन भूपेंद्र सिंह समेत विश्वविद्यालय के अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने श्री गुरु अर्जुन देव जी के समक्ष शीश नवाया और स्वयं भी शरबत वितरण में भाग लिया। इस अवसर पर कुलपति प्रो.धीमान ने कहा कि श्री गुरु अर्जुन देव जी ने अपार यातनाओं के बावजूद अपना धर्म नहीं छोड़ा। उन्हें तपते तवे पर बैठाया गया, उबलते पानी में डाला गया और शरीर पर गर्म रेत डाली गई, लेकिन उन्होंने किसी भी परिस्थिति में सत्य और धर्म का मार्ग नहीं छोड़ा।

# राज्य में जयंती नहीं, ब्राह्मण राजनीति हो रही है: शर्मा

## बड़ा ब्राह्मण नेता बनने का खेल चल रहा, परशुराम जयंती पर सियासी बवाल

खेल

▶▶ पंचकूला, रोहतक और पेहरावर में जयंती के नाम पर कौन बड़ा ब्राह्मण नेता है, इसका खेल खेला जा रहा है




**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** रोहतक में आज राज्यस्तरीय परशुराम जयंती समारोह मनाया जा रहा है, जिसको लेकर कांग्रेस नेता और पूर्व विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप शर्मा का बयान सामने आया है। उन्होंने कहा कि राज्य में जयंती नहीं, बल्कि ब्राह्मण राजनीति हो रही है। पंचकूला, रोहतक और पेहरावर में जयंती के नाम पर कौन बड़ा ब्राह्मण नेता है, इसका खेल खेला जा रहा है।
पेहरावर की जमीन, गौड़ कॉलेज और कार्तिक शर्मा की भूमिका पर भी उन्होंने विस्तार से बात की। कांग्रेस की ब्राह्मण उपेक्षा और संगठन की कमजोरी को उन्होंने पार्टी की बड़ी गलती बताया। साथ ही भाजपा की रणनीति को समझदारी करार दिया। उन्होंने सीएम को चेताया कि यह राजनीति उन्हें अब समझ नहीं आएगी, लेकिन आगे चलकर नुकसान जरूर होगा।
कुलदीप शर्मा ने कहा कि पहले पंचकूला में सीएम और प्रदेश अध्यक्ष ने मिलकर परशुराम जयंती मनाई, फिर हर जिले में कार्यक्रम हुए। रोहतक में अब रैली हो रही है। पेहरावर में नवीन जयहिंद ने प्रदर्शन किया। रामकुमार गौतम के भी बयान आए। अब सरकार फिर से एक और परशुराम जयंती के रूप में रैली कर रही है। उन्होंने कहा कि परशुराम जयंती मनाना अच्छी बात है, हम ब्राह्मण वंशज हैं, लेकिन यह अब श्रद्धा नहीं, बल्कि वन अप मैनशिप यानी कौन बड़ा ब्राह्मण नेता है, इस होड़ का खेल बन गया है।
उन्होंने पेहरावर की जमीन को लेकर कहा कि वह जमीन ब्राह्मण सभा को कांग्रेस सरकार के समय अलॉट की गई थी। आरोप लगाया जा रहा है कि जमीन वापस ले ली गई, लेकिन सच्चाई यह है कि वह जमीन ब्राह्मणों की ही थी। चार्जेस न भर पाने की वजह से सरकार ने विड्रॉल नोटिस दिया, जिस पर संघर्ष शुरू हुआ। नवीन जयहिंद ने वहां बड़ा प्रदर्शन किया था। उस समय कुछ लोगों ने तत्कालीन मुख्यमंत्री के लिए भी अपशब्द कहे थे, लेकिन वह उनकी राजनीतिक मजबूरी रही होगी।
कुलदीप शर्मा ने बताया कि पंचकूला में कार्तिक शर्मा की अगुआई में हुई रैली में पूरे हरियाणा से लोग पहुंचे थे। पेहरावर की जमीन कांग्रेस सरकार ने दी थी। रोहतक के गौड़ कॉलेज में कांग्रेस सरकार ने 20 करोड़ रुपए दिए। आज की सरकार बताए कि उसने कितना पैसा दिया है। पेहरावर जमीन का बैकलॉग भी कार्तिक शर्मा ने ही पूरा करवाया था। उन्होंने दोहराया कि जयंती के नाम पर राजनीति हो रही है, जबकि समारोह पहले ही पूरे हरियाणा में हो चुके हैं।
कांग्रेस नेता ने कहा कि जब विधानसभा टिकटों का बंटवारा हुआ था, तब उन्होंने कांग्रेस नेतृत्व को बताया था कि पार्टी ने सिर्फ 4 ब्राह्मणों को टिकट दी, जबकि बीजेपी ने 11 ब्राह्मणों को टिकट दी। आज उनके दो मंत्री और 6-7 विधायक हैं। कांग्रेस ने ब्राह्मणों को प्रतिनिधित्व नहीं दिया तो वे स्टार कैसे बनते। उन्होंने करनाल सीट का उदाहरण देते हुए कहा कि ब्राह्मण को टिकट मिलती तो क्षेत्र में प्रतिनिधित्व बनता, चाहे कैंडिडेट कोई भी होता। विदेश से कोई नेता लाकर उसे ब्राह्मण लीडर बनाकर थोपना संभव नहीं है, क्योंकि राजनीति में जमीनी पकड़ जरूरी होती है।
उन्होंने रामकुमार गौतम के संदर्भ में कहा कि 80 वर्ष की उम्र में तीसरी बार विधायक बने हैं, लेकिन उनके लिए अपमानजनक शब्दों का इस्तेमाल हुआ। जिस तरह से अनुभवी नेताओं ने भाषा की मयार्दा तोड़ी और पूरा सदन ठहाके लगाकर हंसा, वह न केवल सदन बल्कि व्यक्तियों की गरिमा के भी खिलाफ है।
पूर्व स्पीकर ने स्वीकार किया कि कांग्रेस के पास संगठन नहीं था, जबकि भाजपा का जमीनी संगठन मजबूत था। उन्होंने कहा कि अगर कांग्रेस में संगठन होता तो आज सत्ता में कांग्रेस होती। उन्होंने कहा कि लोगों का मन सरकार बदलने का था, लेकिन कांग्रेस एक व्यक्ति विशेष की पार्टी बनती जा रही थी, जो जनता को पसंद नहीं आया। अब संगठन के पुनर्गठन की बात चल रही है, ऑब्जर्वर भी आए हैं। अगर जमीनी कार्यकताओं को जोड़ा गया, तो कांग्रेस फिर से अपने पैरों पर खड़ी हो सकती है।

# रामपुर सरसेहड़ी में पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया

प्रतियोगिता

▶▶ राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सकैण्डरी स्कूल रामपुर में पेंन्टिग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया




**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** रोड सेफ्टी कार्यक्रम के तहत राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सकैण्डरी स्कूल रामपुर सरसेहड़ी में पेंन्टिग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 9वीं कक्षा से 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस मौके पर आरटीए सुशील कुमार ने प्रतियोगिता में विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर प्रोत्साहित भी किया। यहां पहुंचने पर स्कूल के प्रधानाचार्य प्रवीन शर्मा व अन्य स्टाफ के सदस्यों ने मुख्य अतिथि पुष्प गुच्छ देकर उनका अभिनंदन किया।
आरटीए सुशील कुमार ने इस मौके पर विद्यार्थियों द्वारा रोड सेफ्टी के तहत पेंटिग प्रतियोगिता के तहत जो चित्र बनाए गए थे उनकी सराहना करते हुए कहा कि सडक सुरक्षा के नियमों की पालना करना हम सबका दायित्व है । उन्होंने विद्यार्थियों का कहा कि वे स्वयं इन नियमों के प्रति जागरूक रहें और दूसरों को भी इन नियमो की पालना करने बारे प्रेरित करे।
उन्होंने कहा कि दोपहिया वाहन चलाते समय हैलमेट का प्रयोग अवश्य करें। इसके साथ-साथ मोबाईल फोन चलाते समय कभी भी गाड़ी न चलाएं, सीट बैल्ट का प्रयोग भी करें। उन्होंने कहा कि नियमों की पालना करके हम अपने आप को काफी हद तक सडक दुर्घटना का शिकार होने से बच सकते हैं।
इस मौके पर प्रधानाचार्य प्रवीन शर्मा ने मुख्य अतिथि का यहां पहुंचने पर स्वागत किया और स्कूल की गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पेंटिग प्रतियोगिता के तहत स्कूल के लगभग 26 विद्यार्थियों ने भाग लिया है तथा सभी विद्यार्थियों ने चित्रकला के माध्यम से रोड़ सेफ्टी से सम्बन्धित महत्वपूर्ण संदेश दिया है। उन्होंने कहा कि आरटीए द्वारा यहां पर विद्यार्थियों को सडक सुरक्षा नियमों के बारे जो जानकारी दी है निसंदेह उनको काफी लाभ मिलेगा। उन्होंने यह भी बताया कि यहां के विद्यार्थी हर गतिविधि में आगे आकर स्कूल का नाम रोशन कर रहे हैं।
बॉक्सः- इस मौके पर पेटिंग प्रतियोगिता के तहत नौंवी कक्षा के जसमिन रंधावा ने प्रथम स्थान,

# सोहनलाल डीएवी स्कूल में "औषधीय पौधों पर जागरूकता अभियान "



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** सोहनलाल डी. ए. वी. गर्ल्ज सीनियर सैकेंडरी स्कूल अम्बाला शहर में "औषधीय पौधों पर चर्चा व उनका महत्व " विषय पर एक छोटा सा कार्यक्रम रखा गया जिसमें स्कूल की प्रधानाचार्या नीरू अरोड़ा, समन्वयक व मानव कल्याण संस्था की सदस्य डॉ मीनाक्षी शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रही और उनके साथ-साथ स्कूल के छात्रों की टीम भी वहां मौजूद रही। जो अपने समन्वयक के साथ चर्चा के लिए ऑक्सीजन परियोजना पर कार्य कर रहे हैं । इस कार्यक्रम में डॉ मीनाक्षी शर्मा जी ने विद्यालय परिसर व आसपास मौजूद औषधीय पौधों जैसे कढ़ी पत्ता, तुलसी, एलोवेरा, गिलॉय, अजवाइन, नीम ,पुदीना, पीपल, सदाबहार, स्टेविया, नींबू घास, इंसुलिन, रोजमेरी आदि पौधों की जानकारी बच्चों को देते हुए बताया कि इन पौधों से हमें क्या-क्या लाभ है और यह किस प्रकार औषधि के रूप में प्रयोग किया जा सकते हैं। औषधीय पौधों का उपयोग गैर औद्योगिक समाजों में लोक चिकित्सा के रूप में व्यापक रूप से किया जाता है इसलिए क्योंकि वे आधुनिक दवाओं की तुलना में आसानी से उपलब्ध और सस्ते हैं। कुछ पौधों की वैज्ञानिक रूप से औषधि के रूप में पुष्टि की गई है या पारंपरिक चिकित्सा में इनका उपयोग किया गया है उन्होंने बच्चों को इन पौधों की पहचान करवाते हुए बताया कि वे अपने विद्यालय परिसर में व अपने आस-पास क्षेत्रों में इन पौधों को लगा सकते हैं व इनसे होने वाले फायदे का भी लाभ ले सकते हैं क्योंकि जड़ी बूटियां वैद्य की मित्र और रसोइयों का गौरव हैं।

## सीएम की रैली में कटी जेब

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** जिले के गांव सालवन में आयोजित सीएम की रैली के दौरान एक व्यक्ति की जेब से 13 हजार 500 रुपए चोरी हो गए। पीड़ित ग्रामीण रैली में शामिल होने आया था और जेब में नगद रकम रखे हुए था। भारी भीड़ के कारण उसे पता भी नहीं चला कि कब जेब कट गई। घटना की शिकायत सालवन पुलिस चौकी में दी गई, जिसके आधार पर अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है।
गांव सालवन में 29 मई को सीएम की रैली थी, जिसमें बड़ी संख्या में लोग इक्ठा हुए थे। गांव के ही हरिचंद भी रैली में शामिल होने पहुंचे थे। उन्होंने अपनी जेब में 13 हजार 500 रुपए रखे हुए थे, लेकिन भीड़ अधिक होने के कारण उन्हें पता ही नहीं चला कि कब उनकी जेब से पैसे निकाल लिए गए। उन्हें घर पहुंचकर इस बात का पता चला कि पैसे नहीं हैं।

# एनडीपीएस के नौ में से आठ मामलों में सजा

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** एनकोर्ड की एक बैठक जिला सचिवालय में उपायुक्त उत्तम सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इसमें जिला न्यायवादी डा. पंकज सैनी ने बताया कि एनडीपीएस एक्ट के तहत अप्रैल में 9 केसों का निपटारा किया गया। इसमें से आठ मामलों में सजा सुनाई गई और एक में आरोपी को बरी किया गया। इस महीने में चार नए केस आए हैं।
बैठक में स्वास्थ्य विभाग की ओर से बताया गया कि जिला में इस समय 8 नशा मुक्ति केंद्र चल रहे हैं, जिनमें से एक सरकारी, 7 प्राइवेट और एक प्रोविजनल प्राइवेट डीडीसी है।
इस माह सात नशा मुक्ति केंद्रों का निरीक्षण किया गया। नशे के दृष्टिगत जिला में उच्च जोखिम वाले गांवों की संख्या दस है। इन केंद्रों में मई में 361 मरीज ओपीडी में और 33 आईपीडी में दाखिल हुए, 39 मरीज नशा छोड़ चुके हैं जबकि 6527 का इलाज जारी है। लोगों को नशे के खिलाफ जागरूक करने के लिए 12 शिविरों का आयोजन किया गया, जिनमें नशे के आदी 50 लोगों की पहचान की गई, जिसमें से 43 का इलाज जारी है।




जिला समाज कल्याण विभाग की ओर से जानकारी दी गई कि भविष्य में युवाओं को जागरूक करने के लिए उच्च शिक्षण व तकनीकी संस्थानों में कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी। इस पर उपायुक्त ने निर्देश दिए कि कार्यशाला आयोजित करने से पहले यह सुनिश्चित किया जाए कि युवाओं को जागरूक करने वाले विशेषज्ञ अथवा वक्ता कौन होंगे तथा किस उम्र के बच्चों को जानकारी दी जाएगी।

## संक्षिप्त खबरें

### यमुनानगर में आए दिन गोलाबारी को लेकर शराब ठेकेदारों के माथे पर चिंता की लकीरें



**यमुनानगर (धर्मवीर)** – यमुनानगर में शराब के ठेकों की 30 जून की तिथि निर्धारित की गई है यमुनानगर के शराब ठेकेदारों ने शराब के धंधे में वर्चस्व को लेकर हो रही आए दिन गोलाबारी को लेकर प्रशासन के सामने अपनी चिंता व्यक्त की है।
उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने जिला के सभी शराब के ठेकेदारों के साथ मीटिंग ली, जिसमें ठेकेदारों ने अपनी समस्याएं उपायुक्त के सामने रखी। उपायुक्त ने सभी शराब के ठेकेदारों को आश्वासन दिया है कि प्रशासन पूरी तरह से उनके साथ है और उन्हें पूरी सुरक्षा मुहैया कराई जाएगी और हर संभव मदद की जाएगी। इस मीटिंग में ठेकेदारों ने हाल में हुई गोलीबारी की घटनाओं पर चिंता व्यक्त की।
उपायुक्त ने आश्वस्त किया कि पुलिस को सचेत कर दिया गया है और शराब के संवेदनशील ठेकों पर और गोदामों पर सुरक्षा के इंतजाम किए गए है। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा ठेकेदारों के हित के लिए वर्ष 2025-27 में आबकारी नीति को संशोधित भी किया गया है। उन्होंने बेफिक्र होकर बोली लगाने के लिए प्रेरित किया और सुरक्षा का भरोसा दिलाया।
उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने सभी ठेकेदारों को बताया कि पुलिस और प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद है और भविष्य में एसी कोई घटना ना हो उसके लिए पूरी तरह से प्रयासरत है। उन्होंने सभी ठेकेदारों से अपील की कि वे नीलामी में बढ़-चढ़ कर बोली लगाएं। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को सुरक्षा एवं नीलामी से संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।
इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त अखिल पिलानी, एसडीएम जगाधरी सोनू राम, डीटीसी एक्साईज आलोक पासी, एईटीओ सतबीर सिंह, एक्साइज इंस्पेक्टर अनिल कुमार, मोहन एवं शराब ठेकेदार अथवा प्रतिनिधि विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### नशेड़ी की स्थिति परिवार और समाज में क्या है, यह सदा स्मरण रखो-नशे से बचे रहोगे: अशोक

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी, उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा साइकिल के साधन का प्रयोग करते हुए एक शहर से दूसरे शहर और गाँव तक जाकर नशे के विरुद्ध जागरूक कर रहे हैं। इस कड़ी में आज वे राजकीय उच्च विद्यालय कंबोपुर पहुंचे और नशे के विरुद्ध छात्र छात्राओं को जागरूक किया। विद्यालय की वरिष्ठ शिक्षिका शकुंतला की अध्यक्षता में यह कार्यक्रम हुआ।
डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने सरल भाषा में विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे विस्तारपूर्वक बताते हुए कहा कि नशा मुक्त हरियाणा अभियान को साकार करने के लिए प्रतिदिन अपराधियों को सलाखों के पीछे भेजा जा रहा है तो जागरूकता के माध्यम से भी समझाया जा रहा है, ताकि कोई व्यक्ति किसी के बहकावे में आकर, धन के लोभ में जाकर, अज्ञानतावश अथवा जान-बूझकर नशे के चंगुल में न फंसे। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति नशेड़ी नहीं बनना चाहता, लेकिन नशे का शौंक उसे नशेड़ी बना देता है। कोई व्यक्ति नहीं चाहता कि वह नशेड़ी बने, लेकिन नशे की लत उसे विवश कर देती है। न चाहते हुए भी वह नशेड़ी बन जाता है।
प्रत्येक व्यक्ति को उस नशेड़ी से शिक्षा ग्रहण करनी चाहिए।

# 34 साल की सेवा करने उपरांत सेवानिवृत हुए पूरन सिंह



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** सूचना, जन संपर्क एवं भाषा विभाग में कार्यरत तकनीकी सहायक पूरन सिंह की सेवानिवृति के उपलक्ष्य में आज डीआईपीआरओ कार्यालय अम्बाला शहर में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इसमें डीआईपीआरओ धर्मेन्द्र शर्मा सहित अधिकारियों, कर्मचारियों सहित परिवार के लोगों ने भावी जीवन के लिए शुभकामनाएं दीं। साथ ही उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए विदाई दी।
डीआईपीआरओ धर्मेन्द्र शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि तकनीकी सहायक पूरन सिंह का लगभग 34 साल का कार्यकाल बहुत सरहानीय रहा। उन्होंने प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री कार्यक्रमों व अन्य प्रशासनिक बैठकों में बेहतरीन कार्य किया है। उन्होंने विभाग में ईमानदारी से अपनी ड्यूटी का निर्वहन करते हुए अपनी अलग पहचान बनाई है, जोकि आने वाले लोगों के लिए प्रेरणादायक है। इन्होंने अपने कार्य के साथ-साथ कार्यालय के अन्य कार्यों में भी रूचि लेकर काम किया है, जोकि सराहनीय है। सेवानिवृत्त हो रहे पूरन सिंह को कार्यालय की ओर से स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

# डीएवी पब्लिक स्कूल में कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम सम्पन्न

कार्यशाला

▶▶ इस प्रशिक्षण कार्यशाला में हरियाणा के विभिन्न शहरों से आए 58 शिक्षक एवं प्राचार्य सम्मिलित हुए



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** सीबीएसई के सीओई पंचकूला के तत्वावधान में डीएवी पब्लिक स्कूल, अंबाला सिटी में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर आधारित एक दिवसीय कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम का सफल आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यशाला में हरियाणा के विभिन्न शहरों से आए 58 शिक्षक एवं प्राचार्य सम्मिलित हुए।
प्रशिक्षण विशेषज्ञ के रूप में श्रीमती अनुपमा शर्मा, पूर्व प्राचार्या डीएवी सोलन तथा सीबीएसई द्वारा नियुक्त अनुभवी प्रशिक्षक, जिन्होंने शिक्षा जगत में चार दशकों से अधिक का योगदान दिया है, और डॉ. नीरू अरोड़ा, प्राचार्या, गोविंदगढ़ पब्लिक स्कूल (पंजाब) ने कार्यशाला का संचालन किया। दोनों प्रशिक्षकों ने अपने अनुभवों और गहन विषयज्ञान से प्रतिभागियों को समृद्ध किया।
कार्यक्रम का शुभारंभ ज्ञान की देवी मां सरस्वती की वंदना एवं गायत्री मंत्रोच्चारण के साथ दीप प्रज्वलन द्वारा किया गया। कार्यशाला का संपूर्ण संचालन विद्यालय के प्राचार्य डॉ. राधारमण सूरी की देखरेख में हुआ। उन्होंने दोनों प्रशिक्षण विशेषज्ञों का वैदिक परंपरा अनुसार अभिनंदन किया तथा शॉल भेंट कर आभार प्रकट किया।
प्रशिक्षण विशेषज्ञों ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के विभिन्न महत्वपूर्ण पहलुओं पर प्रकाश डाला।
उन्होंने बताया कि यह नीति विद्यार्थियों के समग्र विकास को प्राथमिकता देती है, जिसमें लचीलापन, कौशल-आधारित अधिगम, मूलभूत साक्षरता और संख्यात्मक ज्ञान पर विशेष बल है। साथ ही यह नीति शिक्षकों को भी सशक्त बनाते हुए निरंतर प्रशिक्षण एवं नवाचार की दिशा में प्रेरित करती है। मूल्य आधारित शिक्षा, मातृभाषा में शिक्षण, मूल्यांकन की नई रूपरेखा, और जीवनोपयोगी कौशलों का समावेश इसके विशेष अंग हैं।
कार्यशाला के दौरान प्रतिभागियों ने गहरी रुचि दिखाते हुए संवाद, चर्चा वह विभिन्न क्रियाकलापों में में बढ़-चढ़कर भाग लिया। सभी शिक्षकों ने इस नीति को अपने विद्यालय में प्रभावी रूप से लागू करने की दिशा में नवप्रेरणा प्राप्त की।
कार्यक्रम के समापन अवसर पर प्राचार्य डॉ. राधारमण सूरी ने कहा कि यह कार्यशाला न केवल शिक्षकों के ज्ञानवर्धन का माध्यम बनी, बल्कि उन्हें शिक्षा के बदलते स्वरूप को समझने और अपनाने की दिशा में सशक्त मार्गदर्शन भी प्रदान कर सकी। उन्होंने सीबीएसई व प्रशिक्षण विशेषज्ञों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया

# नहर किनारे मिली लापता युवक की बाइक



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** जिले के रामनगर इलाके से संदिग्ध हालात में लापता हुए युवक की बाइक डबरी नहर के किनारे लावारिस हालत में मिली है। शराब पार्टी के बाद युवक अपने दोस्तों के साथ लापता है। पुलिस व गोताखोर उसकी व उसके दोस्तों की तलाश में जुटे है। युवक की पहचान 22 वर्षीय ललित के रूप में हुई है, जो पीवीसी का काम करता था, जो कि 28 मई की शाम से लापता है।
जानकारी के अनुसार ललित अपने पांच दोस्तों के साथ नहर पर गया था और उसके बाद से उसका कोई सुराग नहीं मिला है। वह किसी दोस्त की बाइक लेकर गया था, जो आज डबरी गांव के पास नहर किनारे लावारिस हालत में मिली है। घटना के बाद से ललित समेत उसके पांचों दोस्त भी लापता हैं और सभी के मोबाइल स्विच ऑफ आ रहे हैं।
पुलिस और गोताखोरों की टीम मौके पर पहुंच गई है और सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है, लेकिन अभी तक न तो युवक मिला है और न ही उसके साथ गए बाकी तीन दोस्त। गोताखोर प्रगट सिंह ने बताया कि ललित की मां ने उन्हें फोन करके जानकारी दी। वह फोन पर लगातार रो रही थी और बताया कि उनके पति पहले ही केदारनाथ त्रासदी में जान गंवा चुके हैं और अब ललित ही उनका इकलौता सहारा था। बेटे की बाइक नहर किनारे मिली है और वह 28 मई से लापता है। इसके बाद गोताखोरों की टीम मौके पर पहुंची। वहां जानकारी मिली कि ललित अपने पांच दोस्तों के साथ नहर पर गया था और चारों ही अब लापता हैं। 29 मई को सभी दोस्तों के मोबाइल ऑन थे, लेकिन इसके बाद सबके नंबर बंद हो गए।
परिजनों के अनुसार ललित के दोस्तों में से किसी एक ने घर पर कॉल कर बताया था कि वे सब नहा रहे थे और इस दौरान ललित डूब गया। हालांकि यह स्पष्ट नहीं हो पाया कि वे किस जगह पर नहा रहे थे और कौन सा पुल था। ऐसे में गोताखोरों को सटीक लोकेशन नहीं मिल पा रही। गोताखोर प्रगट सिंह का कहना है कि यह भी जांच का विषय है कि सभी दोस्त नहर में हैं या फिर कहीं बाहर छिपे हुए हैं।
परिवार और गोताखोरों की यही दुआ है कि ललित सही-सलामत हो और अगर किसी वजह से वह खुद सामने नहीं आ रहा, तो जल्द सामने आएं और बताए कि वह कहां है। ललित के दोस्त मनोज ने बताया कि वह घरौंडा का रहने वाला है और करनाल में काम करता है। ललित मंगलवार को उसके पास आया था और कहा था कि उसे काम पर जाना है, इसलिए बाइक दे दो। उसने बाइक दे दी और बुधवार तक लौटाने के लिए कहा। मंगलवार को ही ललित बाइक लेकर चला गया और उसे अपने मामा के घर बजीदा गांव में छोड़ आया। इसके बाद बुधवार शाम साढ़े 4 बजे मनोज ने ललित को कॉल किया और ललित ने उसे अपने घर की पिछली साइड में बुलाया। वहां से वह नहर पर पहुंचा और ललित से एटीएम पिन बनाने में मदद मांगी। दोनों एटीएम बूथ गए, लेकिन पिन नहीं बना।

# पीपली में आज मनाई जाएगी लोक माता आहिल्याबाई होल्कर जयंती



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** ओबीसी मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष रमेश पाल नहोनी ने बताया कि आज लोक माता अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं स्वर्ण जयंती कुरूक्षेत्र स्थित पीपली अनाज मंडी में मनाई जाएगी तथा इस कार्यक्रम में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे।
प्रदेश उपाध्यक्ष रमेश पाल नहोनी ने इस मौके पर बताया कि 21 मई से 30 मई तक हरियाणा के विभिन्न जिलों में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करके लोकमाता आहिल्याबाई होल्कर की जयंती मनाने का काम किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 21 मई को चण्डीगढ स्थित मुख्यमंत्री के आवास पर भी कार्यक्रम का आयोजन करके जयंती मनाई गई है जिसमें काफी संख्या में लोगों ने शिरकत की। उन्होंने बताया कि लोकमाता आहिल्याबाई होल्कर की 300वीं स्वर्ण जयंती पर कुरूक्षेत्र में राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है जिसको लेकर लोगों व समाज में भारी उत्साह है। उन्होंने इस मौके पर लोकमाता आहिल्या बाई की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए बताया कि लोकमाता आहिल्याबाई होल्कर एक महान शासक, योद्धा और समाजसेवी थी जिन्होंने अपने शासनकाल में मालवा क्षेत्र को स्मृद्धि और सुरक्षा प्रदान की।

## संपादकीय

# धीमा जहर है यह, छोड़ दीजिए

**बचपन** से पढ़ते-सुनते आए हैं कि धूम्रपान और तंबाकू उत्पाद स्वास्थ्य के लिए हानिकारक और शरीर में कैंसर व कई अन्य बीमारियों को जन्म देते हैं। बावजूद इसके लोग इस धीमे जहर का प्रयोग छोड़ नहीं पाते। हालात इस कदर खराब हैं कि किशोरवय पीढ़ी धूम्रपान और विभिन्न तंबाकू उत्पादों की चपेट में है। यह स्थिति काफी चिंताजनक होती है। दरअसल ऐसे किशोरों के मन मस्तिष्क में कुछ गलत धारणाएं घर कर गई हैं कि धूम्रपान करने से चुस्ती-फुर्ती आती है। मानसिक तनाव कम होता है। व्यक्तित्व आकर्षक बनता है। कब्ज की शिकायत दूर होती है आदि-आदि। तमाम वैज्ञानिक शोधों के बावजूद ऐसे लोग समझना ही नहीं चाहते कि यह भ्रांति है। ऐसा कुछ नहीं होता। वास्तविकता यह है कि धूम्रपान ऐसा धीमा जहर है, जो सेवन करने वाले व्यक्ति को मौत के मुंह में धकेल देता है। धूम्रपान शरीर में धीरे-धीरे प्राणघातक बीमारियों को जन्म देता है। तम्बाकू सेवन के व्यापक प्रसार और नकारात्मक स्वास्थ्य प्रभावों की ओर ध्यान आकर्षित करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 31 मई को विश्व तम्बाकू निषेध दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष यह दिवस ह्यअपील का पदार्फाशः तंबाकू और निकोटीन उत्पादों पर उद्योग की रणनीति को उजागर करनाह्ल के ध्येय वाक्य के साथ मनाया जा रहा है। जहां विकासशील देशों में धूम्रपान का प्रचलन बढ़ रहा है, वहीं अमेरिका सरीखे कुछ विकसित देशों में धूम्रपान के प्रचलन में तेजी से गिरावट आई है। 1965 में अमेरिका की 42 फीसदी आबादी धूम्रपान की आदी थी जबकि 1991 में यह संख्या घटकर 26 फीसदी रह गई और पिछले डेढ़ दशक में तो वहां धूम्रपान करने वालों की संख्या में और भी तेजी से गिरावट आई है। गहराई में जाने पर पता चलता है कि अमेरिका में सिगरेट की खपत में लगातार कमी आने की वजह से वहां की सिगरेट कम्पनियों ने अपने घाटे की पूर्ति के लिए अपने उत्पादों को भारत तथा अन्य विकासशील देशों में खपाने की योजना बनाई और उन्हें इस कार्य में सफलता भी मिली। भारत में प्रतिदिन धूम्रपान से मरने वालों की संख्या सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों के मुकाबले 20 गुना अधिक है। एड्स से देश में जितनी मौतें 10 वर्ष में होती हैं, उतनी मौतें धूम्रपान की वजह से मात्र एक सप्ताह में ही हो जाती हैं। करीब दस प्रतिशत व्यक्ति तो ऐसे होते हैं, जो खुद धूम्रपान नहीं करते लेकिन पैसिव स्मोकिंग के शिकार बनते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन का अनुमान है कि यदि दुनियाभर में धूम्रपान की लत इसी रफ्तार से बढ़ती रही तो आगामी एक-दो वर्षों तक ही धूम्रपान की वजह से 50 करोड़ से भी ज्यादा लोग मारे जा चुके होंगे और अगले 30 वर्षों में केवल गरीब देशों में ही धूम्रपान से मरने वालों की संख्या प्रतिवर्ष 10 लाख से बढ़कर 70 लाख तक पहुंच जाएगी। संगठन का अनुमान है प्रतिवर्ष विश्वभर में 8000 से अधिक नवजात शिशु धूम्रपान के कारण असमय काल के ग्रास बन जाते हैं। आंकड़ों से पता चलता है कि सभी प्रकार के कैंसर में से करीब 40 फीसदी का कारण धूम्रपान ही होता है। धूम्रपान करने वालों को धूम्रपान न करने वालों की अपेक्षा फेफड़ों का कैंसर होने की संभावना 15 गुना अधिक होती है।

# तंबाकू के जहर को जानते, पर गंभीरता नहीं समझते

**राजेश माहेश्वरी**

> "तंबाकू बोर्ड (एक स्वायत्त निकाय), वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार की आधिकारिक वेबसाइट से प्राप्त जानकारी अनुसार, भारत में तंबाकू एक महत्वपूर्ण वाणिज्यिक फसल है, यह प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से 45.7 मिलियन लोगों को रोजगार देता है और 2023-24 के दौरान राष्ट्रीय खजाने में 12,005.89 करोड़ रुपये का विदेशी मुद्रा योगदान देता है। भारत विश्व में तंबाकू उत्पादन में अग्रणी स्थान रखता है। 2022 के दौरान, भारत दुनिया में अनिर्मित तंबाकू का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक (एफएओ स्टेट डेटा, 2022), दूसरा सबसे बड़ा निर्यातक (मात्रा के हिसाब से) और पांचवां सबसे बड़ा निर्यातक (मूल्य के हिसाब से) होगा (आईटीसी ट्रेडमैप डेटा 2022)। भारत में फ्लू-क्योर्ड वर्जीनिया तंबाकू की विभिन्न शैलियाँ उत्पादित की जाती हैं"

**देश** में आसानी से मिलनेवाला जहर है तंबाकू, जो धीरे-धीरे शरीर को खोखला करके घातक बिमारियों से जकड़कर असमय मारता है। समाज, देश उच्च शिक्षित और आधुनिक हुआ है, लेकिन लोगों के शौक भी बढ़ते ही जा रहे हैं, तंबाकू के नए-नए फ्लेवर मार्केट में उपलब्ध हो रहे हैं। छोटे-छोटे बच्चों से लेकर बड़े बुजुर्ग तक बडे पैमाने में तंबाकू का सेवन करते हैं। आमतौर पर इस्तेमाल किये जाने वाले तंबाकू उत्पादों में बीड़ी, सिगरेट और हुक्का शामिल हैं। भारत में सबसे अधिक उपयोग किए जाने वाले धूम्ररहित तंबाकू उत्पादों में तंबाकू के साथ-साथ खैनी, गुटखा और सुपारी शामिल हैं। प्रतिदिन, तंबाकू और निकोटीन उद्योग नई पीढ़ी को आकर्षित करने और मौजूदा सेवनकताओं को बनाए रखने के लिए तैयार किए गए उत्पादों और भ्रामक रणनीतियों का उपयोग बड़े ही शातिर ढंग से करते हैं। हर साल तंबाकू के जहर के प्रति जागरूकता निर्माण करने हेतु 31 मई को विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाया जाता है, इस वर्ष 2025 की थीम है "अपील को उजागर करनाः तंबाकू और निकोटीन उत्पादों पर उद्योग नीतियों को उजागर करना।" विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट अनुसार, अनुमान है कि विश्व भर में 13-15 वर्ष की आयु के 37 मिलियन बच्चे तंबाकू का सेवन करते हैं। कई देशों में, वयस्कों की तुलना में युवाओं में ई-सिगरेट का प्रयोग अधिक है। ई-सिगरेट, निकोटीन पाउच और गर्म तंबाकू उत्पादों को बढ़ावा देने वाली विपणन सामग्रियों को सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर 3.4 बिलियन से अधिक बार देखा गया है। कई निकोटीन और तंबाकू उत्पादों में फ्लेवर पाए जाते है, इसमें लगभग 16,000 अद्वितीय फ्लेवर है, अक्सर फ्लेवर को निकोटीन और तंबाकू उत्पादों का उपयोग शुरू करने का मुख्य कारण बताया जाता है। यूएस नेशनल लाइब्रेरी ऑफ मेडिसिन की एक रिपोर्ट में पाया गया कि भारत में 83 ऑनलाइन स्टोर अवैध रूप से ई-सिगरेट बेच रहे है, इनमें से 61.4 फीसदी गूगल सर्च के माध्यम से तथा उसके बाद सोशल मीडिया के माध्यम से खोजे गए। यह ध्यान देने योग्य है कि लगभग आधे भारतीय ऑनलाइन स्टोर 2019 में प्रतिबंध लगाए जाने के बाद दिखाई दिए।



अमेरिकन लंग एसोसिएशन के अनुसार, संयुक्त राज्य अमेरिका में हर साल 4,90,000 से अधिक लोग तंबाकू के उपयोग और धूम्रपान के संपर्क में आने से मरते है। सिगरेट के धुएं में 7,000 से अधिक रसायन होते हैं, जिनमें से कम से कम 69 कैंसर का कारण बनते हैं। धूम्रपान फेफड़ों के कैंसर से होने वाली लगभग 90 प्रतिशत मौतों और क्रॉनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज से होने वाली लगभग 80 प्रतिशत मौतों के लिए सीधे तौर पर जिम्मेदार है। वर्तमान में धूम्रपान करने वालों में, धूम्रपान से संबंधित 73 प्रतिशत बीमारियाँ दीर्घकालिक फेफड़ों की बीमारियाँ हैं। धूम्रपान शरीर के लगभग हर अंग को नुकसान पहुंचाता है, यह कोरोनरी हृदय रोग, स्ट्रोक और कई अन्य कैंसर और बीमारियों का कारण भी है। तंबाकू एटलस के अनुसार, भारत में धूम्रपान की आर्थिक लागत 1,971,145,052,480 भारतीय रुपए है, इसमें स्वास्थ्य देखभाल से संबंधित प्रत्यक्ष लागतें तथा बीमारी और असामयिक मृत्यु के कारण उत्पादकता की हानि से संबंधित अप्रत्यक्ष लागतें भी शामिल हैं। भारत में वयस्क धूम्रपान करने वालों की संख्या 7,39,26,241 है। भारत में 8.9 प्रतिशत मौतें तंबाकू के उपयोग के कारण होती हैं। अनुमान है कि 2023 में भारत में 107,915,900,000 सिगरेट का उत्पादन हुआ। 2022 में, दुनिया की छह सबसे बड़ी तंबाकू कंपनियों का संयुक्त राजस्व 362 बिलियन अमेरिकी डॉलर था। 2022 में, भारत ने 425,296 हेक्टेयर गुणवत्ता वाली कृषि भूमि पर 772,152 टन तंबाकू का उत्पादन किया, जिसका उपयोग पोषक अनाज उगाने के लिए किया जा सकता था। विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा मुख्य तथ्यों अनुसार, तंबाकू का सेवन करने वाले आधे से ज्यादा लोगों की मौत हो जाती है। तंबाकू से हर साल 8 मिलियन से ज्यादा लोगों की मौत होती है, जिसमें अनुमानित 1.3 मिलियन गैर-धूम्रपान करने वाले लोग शामिल हैं, जो सेकेंड हैंड धुएं के संपर्क में आते हैं। दुनिया के 1.3 बिलियन तंबाकू उपयोगकताओं में से लगभग 80 प्रतिशत निम्न और मध्यम आय वाले देशों में रहते हैं। 2020 में, दुनिया की 22.3 फीसदी आबादी ने तंबाकू का सेवन किया। तंबाकू उत्पादों का अवैध व्यापार दुनिया भर में स्वास्थ्य, आर्थिक और सुरक्षा संबंधी गंभीर चिंताएं उत्पन्न करता है।

यह अनुमान लगाया गया है कि विश्व भर में उपभोग की जाने वाली प्रत्येक 10 सिगरेटों और तंबाकू उत्पादों में से 1 अवैध है। डब्ल्यूएचओ अनुसार, भारत में हर दिन लगभग 3600 लोग तंबाकू के सेवन के कारण मरते हैं। ऑस्ट्रेलियाई सरकार के स्वास्थ्य एवं वृद्ध देखभाल विभाग के अनुसार, धूम्रपान से जीवन प्रत्याशा औसतन 10 वर्ष कम हो सकती है।

तंबाकू बोर्ड (एक स्वायत्त निकाय), वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार की आधिकारिक वेबसाइट से प्राप्त जानकारी अनुसार, भारत में तंबाकू एक महत्वपूर्ण वाणिज्यिक फसल है, यह प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से 45.7 मिलियन लोगों को रोजगार देता है और 2023-24 के दौरान राष्ट्रीय खजाने में 12,005.89 करोड़ रुपये का विदेशी मुद्रा योगदान देता है। भारत विश्व में तंबाकू उत्पादन में अग्रणी स्थान रखता है। 2022 के दौरान, भारत दुनिया में अनिर्मित तंबाकू का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक (एफएओ स्टेट डेटा, 2022), दूसरा सबसे बड़ा निर्यातक (मात्रा के हिसाब से) और पांचवां सबसे बड़ा निर्यातक (मूल्य के हिसाब से) होगा (आईटीसी ट्रेडमैप डेटा 2022)। भारत में फ्लू-क्योर्ड वर्जीनिया तंबाकू की विभिन्न शैलियाँ उत्पादित की जाती हैं, जो अपनी भौतिक और रासायनिक विशेषताओं में भिन्न होती हैं। इस तंबाकू बोर्ड का मुख्य उद्देश्य :- उत्पादन को विनियमित करना, विदेशों में विपणन को बढ़ावा देना, तथा मांग और आपूर्ति में असंतुलन की बार-बार होने वाली घटनाओं को नियंत्रित करना, जो बाजार की समस्याओं का कारण बनते हैं। तंबाकू उद्योग को बढ़ावा देने के लिए वैज्ञानिक, तकनीकी और आर्थिक अनुसंधान को प्रायोजित करना, सहायता करना, समन्वय करना या प्रोत्साहित करना हैं। भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के आधिकारिक वेबसाइट से प्राप्त जानकारी अनुसार, भारत सरकार ने 11वीं पंचवर्षीय योजना के दौरान 2007-08 में राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम अर्थात एनटीसीपी शुरू किया, जिसका उद्देश्य है कि, तंबाकू सेवन के हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूकता पैदा करना, तंबाकू उत्पादों के उत्पादन और आपूर्ति को कम करना, सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम, 2003 के तहत प्रावधानों का प्रभावी कार्यान्वयन सुनिश्चित करना, लोगों को तंबाकू का सेवन छोड़ने में मदद करना और तंबाकू नियंत्रण पर डब्ल्यूएचओ फ्रेमवर्क कन्वेंशन द्वारा समर्थित तंबाकू की रोकथाम और नियंत्रण के लिए नीतियों के कार्यान्वयन को सुविधाजनक बनाना है। एनटीसीपी को तीन स्तरीय संरचना केंद्रीय स्तर, राज्य स्तर, और जिला स्तर के माध्यम से क्रियान्वित किया जाता है। जिला स्तर पर तंबाकू उन्मूलन सेवाएं स्थापित करने का भी प्रावधान है।

## कविता

### आत्म भीति

कुछ लोग संतुष्ट हैं
बस अपने ही अहम से
न कि दूसरों की विनम्रता से।

कुछ लोग डरते
बस सुनी-अनसुनी बातों से
न कि दूसरों की हुकूमत से।

कुछ लोग खोखले हैं
बस अपने दर्प से
न कि दूसरों की प्रभुता से।

कुछ लोग खौफ में है
बस अपनी आशंकाओ से
न कि दूसरों की आधिपत्य से।

कुछ लोग आशंकित है
बस अपनी ही अवधारणाएँ से
न कि दूसरों की संकल्पनाएँ से।

डॉ.राजीव डोगरा

# भाषा एक पुल बने, न कि एक बाधा

**राजेश माहेश्वरी**

**भारत** विविधताओं से भरा अलग-अलग संस्कृतियों और भाषाओं का देश है। अब तक देश की सबसे बड़ी ताकत यही रही है कि किसी भी क्षेत्र की संस्कृति या भाषा को अन्य जबरन थोपने की कोशिश नहीं हुई। व्यापक एकता का भाव देश को एक सूत्र में जोड़ता है। भारत में हिंदी को राजभाषा का दर्जा प्राप्त है, लेकिन इसे राष्ट्रभाषा के रूप में स्थापित करने के प्रयासों ने कई बार विवाद को जन्म दिया है। विशेष रूप से तमिलनाडु और अन्य दक्षिण भारतीय राज्यों में हिंदी को अनिवार्य बनाने के प्रयासों का विरोध होता रहा है। भाषाई विविधता देश की सांस्कृतिक समृद्धि का आधार है। यह विडंबना ही है कि राजनीतिक लाभ के लिये क्षेत्रीय भाषा के गौरव के नाम पर हिंदी विरोध का मोर्चा अकसर खोला जाता है। निस्संदेह समय-समय पर उभरने वाले विवाद क्षेत्रीय गर्व और राष्ट्रीय एकता के बीच संतुलन बनाने की चुनौतियों को ही उजागर करते हैं। कुछ समय पहले ऐसे ही विवाद में मराठी को व्यवहार में न अपनाने के आरोप लगाकर एक अधिकारी को थप्पड़ मारने का विवाद सामने आया था। कालांतर भाजपा शासित राज्य में मराठी की अनिवार्यता कामकाज में लागू की गई थी। अब ताजा विवाद कर्नाटक में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के एक प्रबंधक के कन्नड़ में बात करने से इनकार करने पर उठा है। जिसका कहना था कि वह हिंदी भाषी है और हिंदी में वातार्लाप करेगा। इस प्रकरण में अधिकारी का तबादला व खासा विवाद हुआ। स्वाभाविक रूप से क्षेत्रीय भाषा की राजनीति करने वाले राजनीतिक दल खासे सक्रिय हुए। इस बीच जन सेवा में भाषाई संवेदनशीलता के प्रशिक्षण की मांग भी उठी। वैसे भी केंद्रीय सेवाओं के रूप में काम करने वाले विभागों व बैंक आदि के कर्मचारियों व अधिकारियों के विभिन्न राज्यों में अक्सर तबादले होते रहते हैं। यह संभव भी नहीं कि हर व्यक्ति हर राज्य की भाषा बोल सके, लेकिन सीधे तौर पर जन-सेवाओं में कार्यरत कर्मचारियों को राज्य की स्थानीय भाषा का ही उपयोग उपभोक्ताओं से सहज संवाद के लिये करना चाहिए। वहीं दूसरी ओर बेंगलुरु में एक तकनीकी पेशेवर को हिंदी में बोलने के कारण पार्किंग की सुविधा से वंचित कर दिया गया। इस घटना ने गैर हिंदी भाषी इलाकों में भाषायी सहिष्णुता की बहस को नये सिरे से खड़ा किया। निश्चित रूप से दोनों ही घटनाएं भाषाई व सांस्कृतिक एकता के लिये चुनौती पेश करती हैं। जिस पर गंभीरता से विचार करने की जरूरत है। उल्लेखनीय है कि ये घटनाएं राष्ट्रीय शिक्षा नीति यानी एनईपी 2020 के त्रिभाषा फामूर्ले की पृष्ठभूमि में हुई हैं। दरअसल, राष्ट्रीय शिक्षा नीति में छात्रों को तीन भाषाएं सीखने की सलाह दी गई है। जिसमें कम से कम दो भारत की मूल भाषाएं होनी चाहिए। हालांकि, इस शैक्षिक नीति का मकसद बहुभाषावाद और राष्ट्रीय एकीकरण को बढ़ावा देना है,लेकिन तमिलनाडु में इस नीति का प्रतिरोध सामने आया है।

## विचार

# सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल कर रहे पाक को बेनकाब

**मृत्युंजय दीक्षित**

**ऑपरेशन** सिंदूर की सफलता के बाद, भारत आतंकवाद के मुद्दे पर पाकिस्तान को हर स्तर पर बेनकाब कर रहा है। इसी के अंतर्गत भारत सरकार ने पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाक अधिकृत कश्मीर तथा पाकिस्तान स्थित आतंकी ठिकानों को समाप्त करने के लिए जो पहल की है उसकी सटीक व स्पष्ट जानकारी देने के लिए सात सांसदों के नेतृत्व में सर्वदलीय प्रतिनिधमंडल विभिन्न देशों में भेजे हैं। ये सभी सांसद विदेश मंत्रालय की ब्रीफिंग के अनुसार पार्टी लाइन से ऊपर उठकर पाकिस्तान और आतंकवाद के विरुद्ध एक स्वर में भारत का पक्ष रख रहे हैं। इन दलों को सभी देशों में समर्थन प्राप्त हो रहा है। विदेशी दौरे पर गये सभी सांसद भारत हित में कार्य कर रहे हैं और उनके भाषणों की चर्चा भारत में हो रही है। इन चचाओं में सबसे ऊपर नाम है कांग्रेस सांसद शशि थरूर का, जिनको दल का नेतृत्व सौंपे जाने पर उनकी अपनी पार्टी कांग्रेस ने ही विरोध किया था, शशि थरूर की सफल यात्राओं को देखने के बाद भी कांग्रेस उनकी प्रतिभा की प्रशंसा करने के स्थान पर अपने प्रवक्ताओं से उनका उपहास करा रही है। शशि थरूर के नेतृत्व वाले प्रतिनिधिमंडल ने आतंक के खिलाफ लड़ाई जारी रखने का संकल्प लेते हुए अमेरिका में 9/11 स्मारक का दौरा किया और आतंकवादी हमलों में मारे लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की। यह एक रणनीतिक कदम था जिसने अमेरिका के लोगों के आतंकवाद के घावों को हरा कर दिया। ये दल अमेरिका के अतिरिक्त गुयाना,पनामा, कोलंबिया और ब्राजील का दौरा कर चुका है। इन सभी देशों ने भारत के प्रति अपना समर्थन व्यक्त किया है।

शशि थरूर ने स्पष्ट संदेश दिया है कि अब पाकिस्तान में बैठकर कोई व्यक्ति यह नहीं सोच सकता कि वे सीमा पार करके आएंगे भारतीय नागरिकों की हत्या करेंगे और उन्हें दंड नहीं मिलेगा।अब उन्हें इसकी कीमत चुकानी पड़ेगी ।आपरेशन सिंदूर अब एक नया मापदंड बन चुका है। भारत ने स्पष्ट व कड़ा संदेश दिया है कि आतंकवाद बर्दाश्त नहीं करेंगे और इसका जवाब दिया जायेगा। पनामा की यात्रा के दौरान शशि थरूर ने श्री राम मंदिर पहुंचकर आरती भी की स्वाभाविक रूप से इससे उनकी अपनी कांग्रेस पार्टी के कुछ लोगों को धक्का पहुंचा होगा। कांग्रेस के एक अन्य नेता मनीष तिवारी भी तीखे तेवरों और तथ्यात्मक सटीकता के भारत का पक्ष रखते दिखाई दे रहे हैं । आश्चर्यजनक रूप से कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व अपने ही नेताओं पर आरोप लगाने लगा है कि वे भाजपा की भाषा बोल रहे हैं । कांग्रेस के प्रवक्ता अपने ही नेताओं पर हमलावर हो गये हैं।

जनता दल (यूनाइटेड) के नेता व सांसद संजय झा के नेतृत्व में सर्वदलीय प्रतिनिमंडल विश्व के सबसे बड़े मुस्लिम राष्ट्र इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता पहुंचा। जकार्ता में भारतीय प्रतिनिधि मंडल का जोरदार स्वागत करते हुए प्रतिनिधियों को एक विशेष शॉल उढ़ाया गया । आतंक के खिलाफ लडाई में इंडोनेशिया पूरी ताकत के साथ भारत के साथ खड़ा है। यह दल अभी तक कतर, कुवैत, दक्षिण अफ्रीका, बहरीन जैसे मुस्लिम देशों का दौरा कर चुका है। भारत मुस्लिम देशों को यह समझाने का भी प्रयास कर रहा है कि सिर्फ इसलिए कि पाकिस्तान एक मुस्लिम बहुल और परमाणु शक्ति संपन्न देश है अतः उसे भारत के खिलाफ उसके कृत्यों के लिए दोषमुक्त नहीं किया जा सकता। इस दल ने सिंगापुर में भी पाकिस्तान को बेनकाब किया। भारत मुस्लिम देशों को यह समझा रहा है कि आतंकवाद व आईएस एक जैसे हैं। एआईएमआईएम नेता असद्दुदीन औवैसी भी इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। पाकिस्तानी मीडिया में ओवैसी के बयानों को लेकर बहस हो रही है क्योंकि पाकिस्तान को भरोसा था कि औवेसी साहब इस मुश्किल घड़ी में पाकिस्तान के साथ खड़े होंगे। वहीं सांसद ओवैसी अपने बयान में पाकिस्तान को नकलची कहकर उसका मजाक उड़ा रहे हैं।

एक्शन इंडिया दैनिक

भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।

आरएनआईः DELHIN / 2006 / 19302

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी
समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)
मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)
ई-मेल : actionindianews@gmail.com

वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

## चिंतन

# लीची नाम मेरा, मैं लीची बदनाम

**राकेश अचल**

**इस** मौसम का सबसे लजीला और सबसे रसीला फल है लीची. मै तो इस पर लट्टू हूँ. आज ही 200? किलो के भाव मिली. थोडी सी ले आया.लीची एक उष्णकटिबंधीय फल है जो भारत सहित दक्षिण-पूर्व एशिया में व्यापक रूप से उगाया जाता है। यह सपिंदेसी (रंस्रल्ल्ीी) परिवार का सदस्य है और अपने रसदार, मीठे और सुगंधित गूदे के लिए जाना जाता है। भारत में मैने लीची से लदे वृक्ष पहली बार गोरखपुर में देखे थे.लीची की खेती मुख्य रूप से बिहार, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, झारखंड और असम जैसे राज्यों में होती है, जिसमें बिहार का मुजफ्फरपुर क्षेत्र विशेष रूप से प्रसिद्ध है ।लीची का गूदा रसदार, पारदर्शी और मीठा होता है, जिसमें हल्का फूलों जैसा स्वाद होता है। इसका बाहरी छिलका गुलाबी-लाल और खुरदरा होता है, जो आसानी से हटाया जा सकता है ।पोषणः लीची विटामिन उ, पोटैशियम, और एंटीऑक्सिडेंट्स का अच्छा स्रोत है। यह कम कैलोरी वाला फल है, जो हाइड्रेशन और पाचन में मदद करता है।

भारत में लीची का मौसम आमतौर पर मई से जुलाई तक होता है। इसे ताजा खाया जाता है, जूस, डेजर्ट, या स्मूदी में भी आप इसका इस्तेमाल कर है। सूखे लीची को "लीची नट" के रूप में भी खाया जाता है। लीची केवल फः नहीं बल्कि औषधि भी है. ये फल इम्यून सिस्टम को मजबूत करता है ।त्वचा के लिए लाभकारी ।हृदय स्वास्थ्य को बढ़ावा देता है ।हालांकि, अधिक मात्रा में खाने से "लीची विषाक्तता" (ॅ८स्त्रङ्क’ ‘ृ ल्लीस्र्ं’ङ्मस्त्रं३ॅ८) का खतरा हो सकता है, खासकर खाली पेट बच्चों में, लीची को गर्म और आर्द्र जलवायु की आवश्यकता होती है, लेकिन फूल आने के दौरान ठंडी और शुष्क परिस्थितियाँ चाहिए। भारत में शाही, चाइना, और बेदाना जैसी किस्में लोकप्रिय हैं। कीट, फल छेदक कीड़े, और मौसम परिवर्तन लीची की खेती को प्रभावित करते हैं ।भारत में लीची को गर्मियों के मौसम का एक विशेष फल माना जाता है और इसे अक्सर मेहमानों को परोसा जाता है। यह स्थानीय बाजारों और निर्यात के लिए भी महत्वपूर्ण है।

# स्वस्थ भारत के लिए तंबाकू के खिलाफ जंग है जरूरी

आज जब हम इक्कीसवीं सदी की आधुनिकता और प्रगति की ओर बढ़ रहे हैं, तो यह सोचना आवश्यक है कि क्या हमारा समाज, विशेषकर हमारा युवा वर्ग, उसी दिशा में आगे बढ़ रहा है जिसकी हमने कल्पना की थी? जिस भारत की तरुणाई से राष्ट्र निर्माण और नवभारत के निर्माण की उम्मीद की जाती है, वही युवा आज तंबाकू जैसे धीमे जहर के शिकंजे में फंसता चला जा रहा है। प्रतिवर्ष 31 मई को विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाया जाता है, ताकि हम तंबाकू के कारण होने वाले घातक परिणामों के प्रति समाज को जागरूक कर सकें। परंतु केवल एक दिन की जागरूकता पर्याप्त नहीं, बल्कि पूरे वर्ष भर हमें इस चुनौती से जूझने की जरूरत है। तंबाकू का प्रयोग किसी भी रूप में हो – चाहे वह बीड़ी-सिगरेट हो, पान-गुटखा, खैनी या मावा – इसका अंतिम परिणाम केवल और केवल मृत्यु है। यह एक ऐसा धीमा विष है जो शरीर को अंदर से खोखला करता चला जाता है और व्यक्ति को ऐसे रोगों की ओर ले जाता है जो असहनीय पीड़ा और प्राणघातक परिणामों तक पहुंचा देते हैं। फेफड़ों का कैंसर, मुँह का कैंसर, हृदय रोग, सांस की तकलीफ, पेट की बीमारियां और रक्तचाप जैसी समस्याएं तंबाकू सेवन से प्रत्यक्ष रूप से जुड़े हैं। इन बीमारियों का इलाज जितना कठिन और महंगा है, उससे कहीं अधिक हानिकारक है इससे होने वाली सामाजिक, आर्थिक और पारिवारिक क्षति।

विशेष रूप से भारत जैसे देश में, जहां बड़ी संख्या में युवा जनसंख्या है, वहां तंबाकू का बढ़ता प्रचलन चिंताजनक है। स्कूलों और कॉलेजों के छात्रों के बीच तंबाकू का प्रयोग एक "फैशन", "मर्दानगी" या "स्टेटस सिंबल" के रूप में प्रस्तुत किया जाता है, जो उनके मनोबल को गिराने का कार्य करता है। एक बच्चा जब अपने आसपास के बड़े लोगों को या फिल्मों के नायकों को तंबाकू का सेवन करते हुए देखता है, तो उसके मन में यह भ्रम बैठ जाता है कि यह एक सामान्य या प्रशंसनीय आदत है।

यहीं से उसके जीवन में विनाश की एक छोटी सी दरार पड़ती है, जो धीरे-धीरे गहरी खाई बन जाती है।

## न्यूज फ्लैश

### राज्य बाल कल्याण परिषद की राज्य स्तरीय परियोजना बाल सलाह, परामर्श पर हुआ सेमिनार आयोजित

**कुरुक्षेत्र (प्रदीप कुमार)/टीम एक्शन इंडिया**
मंडलीय बाल कल्याण अधिकारी रोहतक एवं राज्य नोडल अधिकारी अनिल मलिक ने कहा कि राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के ऑडिटोरियम हाल में हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की राज्य स्तरीय परियोजना बाल सलाह, परामर्श व कल्याण केन्द्र के तत्वावधान में अच्छे पालन-पोषण के लिए मनोवैज्ञानिक प्रेरक सुझाव, सीमाएं स्थापित करना, संबंधों का प्रबंधन करना विषय पर माता-पिता व अभिभावकों हेतु एक सेमिनार का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि अभिभावकों और संतान के बीच अच्छे मधुर सकारात्मक संबंधों का निर्माण होना चाहिए। उन्हें यह महसूस करने की जरूरत है कि असफलता यह तय नहीं करती कि वे अपने माता-पिता से मिलने वाले प्यार के लायक हैं या नहीं। उन्होंने कहा कि माता-पिता बच्चों के लिए भावनात्मक रूप से उपलब्ध रहें, उन्हें अपनी दुनिया तलाशने के लिए भरोसा, आत्मविश्वास देकर गलतियों से सीखने की अनुमति देते हुए समस्या-समाधान जैसे गुणों को विकसित करें तथा माता-पिता और संतान के बीच आपसी मधुर रिश्तों के निर्माण हेतु जरूरी है ध्यान लगाकर सक्रिय बने रहकर सुनना, सहानुभूति और मान्यता दें, गुणवत्तापूर्वक समय बिताएँ, सकारात्मक संवाद स्पष्ट नियम और अपेक्षाएं स्थापित करते हुए लागू रखें, सकारात्मक भाषाशैली, प्रशंसा, प्रोत्साहन, अच्छा व्यवहार, आपसी सम्मान, पारिवारिक गतिविधियों में संलिप्तता जरूरी है तुलना तिरस्कार कभी नहीं करना चाहिए। नीरज कुमार ने कहा कि भावनात्मक अभिव्यक्ति के अवसर देकर मूल समस्या पर गौर करे। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रिंसिपल डॉ सचिंदर कौरा ने कहा कि अभिभावकों का सहयोग मिलेगा तभी किशोरावस्था के समूह के बच्चे सही पथ प्रदर्शित होंगे। उन्होंने उपस्थित अभिभावकों का कार्यक्रम में शामिल होने पर विशेष रूप से आभार प्रकट किया। कार्यक्रम में विशेष उपस्थिति कोर्डिनेटर मीना, राज कुमार, राज्य बाल कल्याण परिषद के आजीवन सदस्य नीरज कुमार, मनीष, अभिभावक विनोद वर्मा , सुनील वत्स, विरेंद्र आदि उपस्थित थे

### महाभारत कालीन बलराम जी की सरस्वती यात्रा के पहले चरण का कार्य किया शुभारंभ

**कुरुक्षेत्र (प्रदीप कुमार)** हरियाणा सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष धुमन सिंह किरमच ने कहा कि कुरु भूमि कुरुक्षेत्र में सरस्वती नदी के ऊपर जब महाभारत का युद्ध हुआ तब बलराम भगवान श्रीकृष्ण के बड़े भाई ने युद्ध में हिस्सा ना लेकर सरस्वती की यात्रा द्वारका से लेकर आदिबद्री तक की थी। जिसका वर्णन महाभारत के वनपर्व, शैल्य प्रव व वामन पुराण व कई इन ग्रंथों में आता है उन्होंने इस यात्रा के दौरान सभी तीर्थों के दर्शन किए थे सरस्वती बोर्ड इस यात्रा को उन्हें प्रारंभ करने हेतु रास्ता बना रहा है तथा सरस्वती को मजबूत करने के लिए दोनों तरफ मजबूत रास्ता बनाने व पगडंडी बनाने के लिए यह काम शुभारंभ किया है।उन्होंने कहा कि इस परियोजना का कार्य 3 चरणों में किया जाएगा और हरियाणा की यात्रा का पूरा मार्ग आदि बद्री से लेकर सिरसा तक होगा। इसके लिए करीब 3 करोड़ रुपए का बजट खर्च होगा। इसका फायदा रादौर ब्लॉक, सढौरा, बाबैन, लाडवा व पिपली को होगा। उन्होंने कहा कि सरस्वती नदी के दोनों तरफ के बांध मजबूत करने से इस क्षेत्र में फ्लड से भी छुटकारा मिलेगा तथा डार्क जोन भी दूर होगा यह कार्य यमुनानगर जिला के ऊंचा चांदना से लेकर पीपली तक किया जा रहा है इसका शुभारंभ करते हुए सरस्वती बोर्ड के डिप्टी चेयरमैन धुमन सिंह किरमच ने कहा कि इस कार्य में करीब 63 किलोमीटर क्षेत्र को कवर किया जाएगा। जिसमें सरस्वती नदी में बरसात के दिनों में बहुत पानी आता है जिससे पानी का ओवरफ्लो होने के कारण सरस्वती नदी टूट जाती थी, लेकिन मुख्यमंत्री नायब सैनी की इस योजना से सरस्वती नदी में कोई कटाव नहीं होगा। इस योजना के माध्यम से सरस्वती बोर्ड सरस्वती पर दोनों तरफ रास्ता बना रहा है और एक पगडंडी बनाकर लोगों को आने जाने के लिए भी सुविधाएँ दी जाएंगी।

### डीएलएसए ने विद्यालय में आयोजित किया एंटी टीसिंग, साइबर क्राइम पर जागरूकता अभियान

**कुरुक्षेत्र (प्रदीप कुमार)** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने कहा कि जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिनेश कुमार मित्तल के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा एंटी टीसिंग, साइबर क्राइम पर जागरूकता अभियान चलाए गए है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने कहा कि राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय देवीदासपुरा में यह जागरुकता अभियान चलाया गया और विद्यार्थियों को छेड़छाड़ को रोकने और बेटी को सम्मान देने, और साइबर क्राइम से बचने के लिए जागरूक किया गया तथा साथ ही उन्हें हेल्पलाइन नंबर 1091,112,1098,1930 के बारे में भी जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि इस अभियान में विद्यार्थियों को उन्हें सेल्फ डिफेंस के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई है।

# विकसित कृषि संकल्प अभियान - 2025 में शिरकत करेंगे केंद्रीय मंत्री शिवराज चौहान

## कार्यक्रम की सभी प्रकार की तैयारियां पूर्ण, आर्य पी.जी. महाविद्यालय सभागार में होगा मुख्य आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
विकसित कृषि संकल्प अभियान - 2025 के जिला स्तरीय आयोजन को लेकर प्रशासन व संबंधित विभाग ने तैयारियों को अंतिम रूप प्रदान कर दिया है। कार्यक्रम की सफलता को लेकर शुक्रवार को अतिरिक्त उपायुक्त डॉ.पंकज ने जिला सचिवालय कार्यालय में कृषि विभाग, मत्स्य, बागवानी, पशुपालन विभाग और कृषि विज्ञान केंद्र ऊझा के अधिकारियों के साथ बैठक की और आवश्यक जिम्मेदारियां सौंपी।
अतिरिक्त उपायुक्त ने बताया कि विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत आर्य पी.जी. महाविद्यालय के सभागार में शनिवार को दोपहर बाद इस कार्यक्रम का आयोजन किया जा



रहा है। कार्यक्रम में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान बतौर मुख्यअतिथि भाग लेकर इस अभियान की जानकारी किसानों व अन्य विभाग से जुड़े लोगों को देंगे। कार्यक्रम का नॉडल अधिकारी जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राजेश शर्मा को नियुक्त किया गया है।
अतिरिक्त उपायुक्त ने बताया कि इस विकसित संकल्प अभियान का उददेश्य खरीफ के लिए वैज्ञानिक फसल उत्पादन तकनीकों के साथ बागवानी फसलों और पशुधन स्वास्थ्य, पशुपोषण, टीकाकरण और एकीकृत फसल प्रणाली पर ध्यान केन्द्रीत करने के बारे में जागरूकता बढ़ाना है।
अतिरिक्त उपायुक्त ने बताया कि 12 जून तक चलने वाले इस अभियान में वैज्ञानिक की टीम ने गांव -गांव जाकर किसानों से सीधा संवाद प्रारंभ कर रखा है। यह अभियान किसानो की दशा व दिशा का मार्ग प्रशस्त करेगा। सरकार की ऐतिहासिक पहल के माध्यम से विभिन्न क्षेत्रों की आवश्यकता के अनुसार आगे के कृषि अनुसंधान का मार्ग तय करने में सफल रहेगा ऐसा माना जा सकता है।
उन्होंने बताया कि इस अभियान में आईसीएआर, केन्द्रीय कृषि विभागों, राज्य विभागों और अन्य प्रख्यात वैज्ञानिक किसानों के साथ अपनी विशेषज्ञता और तकनीक सांझा करेंगे। कार्यक्रम में जिले भर से किसान, सब्जी उत्पादक, मत्सय उत्पादक, पशुपालक आदि बड़ी संख्य में भाग लेंगे।

## कृषि विज्ञानं केंद्र की तरफ से विकसित कृषि संकल्प अभियान की शुरूआत



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
कृषि विज्ञानं केंद्र, उझा की तरफ से विकसित कृषि संकल्प अभियान की शुरूआत 29 मई को की गई। यह अभियान 29 मई से 12 जून तक पानीपत जिले के लगभग 77 गांव में चलाया जाएगा। इस कर्यक्रम में कृषि विज्ञानं केंद्र, क्ढअफ(दिल्ली) की विभिन्न प्रकोष्ट, कृषि विभाग, मछली पालन, पशुपालन, बागवानी, इफको सहित अन्य विभागों के विशेषज्ञों ने आज 5 गांव जिसमे गोयला खुर्द, शिमला गुजरान, गढ़ी बेसिक, राणा माजरा ० कुरार में जागरूकता अभियान चलाया। इस अभियान का उद्देश्य किसानों को सरकारी योजनाओं की जानकारी उनके गांव तक पहुँचाना है। उन्हें कृषि में नवीनतम तकनीकों की जानकारी देना तथा उनकी समस्याओं व नवाचारों का डॉक्यूमेंटेशन करना है। इस कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के विशेषज्ञों ने एक मंच पर आकर किसानों को कृषि सम्बंधित नवीनतम जानकारी एवं विभिन्न सरकारी स्कीम के बारे में बताया।

## बालिकाओं का उज्जवल भविष्य बनाती है सुकन्या समृद्धि योजना: एडीसी

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
बालिकाओं के उज्जवल भविष्य के लिए सरकार द्वारा अनेक योजनाएं चलाई जा रही हैं। इनमें सुकन्या समृद्धि योजना बड़ी ही महत्वाकांक्षी योजना है जो एक तरह से लड़कियों का भविष्य उज्जवल बनाने का काम करती है।
यह योजना डाकघरों से जुड़ी हुई है। यह योजना लडकी की पढ़ाई से लेकर विवाह तक सहायक बनती है। माता-पिता को अपने बेटी के सुरक्षित भविष्य के लिए इस योजना को जरूर अपनाना चाहिए।

## मधुबन में हुआ डी स्तरीय कल्याण गोष्ठी का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** हरियाणा राज्य नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो मुख्यालय मधुबन पर ब्यूरो प्रमुख ओपी सिंह, पुलिस महानिदेशक के दिशा निदेशों की अनुपालना करते हुए पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा की अध्यक्षता में ब्युरो के मुख्यालय और जिला इकाइयों में तैनात पदाधिकारीयोंध्कर्मचारियों की डी स्तरीय कल्याण गोष्ठी आयोजित की गई।
गोष्ठी की शुरूआत में ब्युरो के कल्याण शाखा इंचार्ज द्वारा पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा का स्वागत किया गया। इसके बाद मीटिंग के मुख्य बिन्दुओं को सबके सामने चर्चा के लिए रखा गया। डी



स्तरीय कल्याण गोष्ठी का आयोजन प्रत्येक 2 माह के अंतराल मे किया जाता है, जिसका मुख्य उद्देश्य सी और डी स्तर के कर्मचारियों और उनके परिवार के सदस्यों के लिए विभाग द्वारा किए जा रहे कल्याणकारी कार्यों और इनके सामने आने वाले कल्याण संबंधित मुद्दों पर चर्चा की जाती है। इन गोष्ठियों में दिए गए सुझावों को आगे होने वाली उच्च स्तरीय कल्याण गोष्ठियों मे भेजे जाते हैं और इन सभी सुझावों को सरकार तक पहुंचाया जाता है।
आज ब्युरो में आयोजित कल्याण गोष्ठी में ग्रुप सी और डी से संबंधित कुल 50 कर्मचारियों ने भाग लिया और अपने-अपने बिन्दुओं को पुलिस अधीक्षक के सामने रखे। पुलिस अधीक्षक ने सभी बिन्दुओं पर विस्तार और गहन चर्चा की और उनके स्तर पर सुलझाए जा सकने वाले मुद्दों का तुरंत निवारण किया गया। आगे गोष्ठी में पुलिस अधीक्षक ने पुलिस विभाग द्वारा अपने कर्मचारियों और उनके परिवार के सदस्यों के लिए किए जा रहे कल्याणकारी कार्यों का ब्योरा दिया और जो कर्मचारी गोष्ठी में हिस्सा नहीं ले सके, उन तक भी इन कार्यों को ई-स्तर की कल्याण गोष्ठी में बताने बारे कहा गया।
आगे ब्यूरो में मुलाजिमों की तैनाती, उनकी कार्य क्षमता, उनके कार्य करने के तरीके, उनकी परफॉर्मेन्स रिपोर्ट इत्यादि के बारे संक्षिप्त जानकारी ली गई और मुलाजिमों के सामने आने वाली दैनिक परेशानियों के बारे मे भी चर्चा की गई।

## सूक्ष्म क्रिया और आसन से हमारा शरीर बनता है ऊर्जावानः गुलाटी

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** योग गुरु दिनेश गुलाटी मेरा मिशन स्वस्थ भारत के अंतर्गत योग के प्रचार प्रसार के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। उनके निर्देशन में 20 वर्षों से लगातार योग की कक्षाएं चलाई जा रही हैं। इसी के अंतर्गत उन्होंने पंचकूला पहुंचकर योग शिक्षक विनोद बजाज के नेतृत्व में चलाई जा रही एनर्जेटिक योग परिवार कक्षा में साधकों को योग का प्रशिक्षण दिया।
वहां पहुंचने पर मुख्य शिक्षक विनोद बजाज, महिला प्रमुख सुमन गुगलानी और कार्यकारी समिति के सदस्य जगदीश ठकराल, रणधीर सैनी, धर्मवीर गोयल, सुनील चौंफला एवं योग टीम ने उनका जोरदार स्वागत किया और उन्हें शॉल ओढ़ाकर और पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। उन्होंने साधकों को योग की हर क्रिया से अवगत करवाया, जिसमें सूक्ष्म व्यायाम, आसन, सूर्य नमस्कार, प्राणायाम, ध्यान इन सभी का विस्तारपूर्वक ज्ञान करवाया। सभी ने उनके योग करवाने के जुनून की प्रशंसा की। दिनेश गुलाटी ने कहा कि विनोद बजाज पंचकूला में बेहतरीन तरीके से योग करवा रहे हैं। योग साधकों का उत्साह देखने लायक है और साधकों के सानिध्य और ऊर्जा को उन्होंने स्पष्ट महसूस किया।

## जिला पार्षद ने तीन साल पहले दिया था चैलेंज, छात्रों ने किया एक्सेप्ट, जीत ली स्कूटी

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** राजकीय उच्च विद्यालय बीजना के दो छात्रों को 90 प्रतिशत से ज्यादा अंक लाने पर स्कूटी देकर सम्मानित किया गया। स्कूल में पारितोषिक वितरण समारोह आयोजित किया गया, जिसमें बतौर मुख्य अतिथि जिला परिषद चेयरपर्सन प्रतिनिधि सोहन सिंह राणा व जिला पार्षद गुरदीप बीजना सहित अन्य जिला पार्षद शामिल हुए।
कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रम



भी प्रस्तुत किए गए। गांव बीजना के सरकारी स्कूल के छात्रों को गांव के ही जिला परिषद सदस्य गुरदीप बीजना ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर चैलेंज दिया था कि दसवीं कक्षा में गांव के स्कूल का जो छात्र 90 प्रतिशत से अधिक अंक लेगा, उसको स्कूटी देकर सम्मानित किया जाएगा। जिस समय चैलेंज दिया गया, उस समय स्कूल का रिजल्ट 56 प्रतिशत था। छात्र-छात्राओं ने इस चैलेंज को स्वीकार किया और पिछले दो वर्षों में स्कूल का रिजल्ट 100 प्रतिशत रहा, लेकिन इस वर्ष दसवीं कक्षा के छात्र अंकुश ने 92 प्रतिशत तथा हैप्पी ने 91 प्रतिशत अंक हासिल किए, जिसके चलते शुक्रवार को एक कार्यक्रम के दौरान दोनों छात्रों को स्कूटी दी गई।
इस दौरान जिला परिषद चेयरपर्सन प्रतिनिधि सोहन सिंह राणा ने छात्रों को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया और कहा सभी छात्र अगले वर्ष होने वाली परीक्षा के लिए अभी से जुट जाएं, ताकि ज्यादा से ज्यादा छात्र यह पुरस्कार प्राप्त कर सकें।
जिला परिषद सदस्य गुरदीप बीजना ने कहा कि उन्हें गर्व है कि गांव के स्कूल के बच्चे मेहनत के बल पर अच्छे अंक प्राप्त कर रहे हैं।
बच्चों के साथ-साथ स्कूल में पढ़ाने वाले टीचर्स की मेहनत के कारण यह संभव हो पाया है। भविष्य में भी बच्चे दोगुनी मेहनत करें, ताकि गांव का नाम जिला और प्रदेश स्तर पर चमक सके।

## विधायक जगमोहन ने मातेश्वरी देवी अहिल्याबाई की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में की शिरकत

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि मातेश्वरी देवी अहिल्याबाई होल्कर का जीवन आज भी समरसता, नारी शक्ति और धर्म परायण नेतृत्व का अमर आदर्श है, जिनसे वर्तमान पीढि ?ां प्रेरणा लेती रहेंगी।
विधायक गांव काछवा की पाल चौपाल में देवी अहिल्याबाई होल्कर जी की 300वीं जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने मातेश्वरी देवी अहिल्याबाई होल्कर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके अनुपम जीवन,



लोकहितकारी शासन, धार्मिक सहिष्णुता तथा समाज सुधार हेतु उनके अद्वितीय योगदान को ससम्मान स्मरण किया गया। उन्होंने कहा कि मातेश्वरी देवी अहिल्याबाई ने अपने साम्राज्य महेश्वर और इंदौर में अनेक मंदिरों का निर्माण करवाया। उनका मानना था कि धन प्रजा व ईश्वर की दी हुई धरोहर स्वरूप निधि है, इसलिए उन्होंने लोगों के विश्राम के लिए मुख्य तीर्थस्थलों गुजरात के द्वारका, काशी विश्वनाथ, वाराणसी का गंगा घाट, उज्जैन, नासिक विष्णुपद मंदिर और बैजनाथ के आस पास बहुत सी धर्मशालाएं भी बनवाई और मुस्लिम आक्रमणकारियों द्वारा तोड़े हुए मंदिरों के जीर्णोद्धार के साथ-साथ सोमनाथ में शिवजी का विश्व प्रसिद्ध मंदिर बनवाया।

## नवनिर्मित नाले के रिसाव से स्थानीय लोग परेशान

**यमुनानगर (धर्मवीर)-**
प्रताप नगर में जगाधरी पोंटा साहिब नेशनल हाईवे का अधूरा निर्माण स्थानीय लोगों के लिए परेशानी का सबब बन रहा है। प्रताप नगर बस स्टैंड के नजदीक निर्माण एजेंसी द्वारा बनाए गए निकासी नाले में जगह-जगह रिसाव हो रहा है। रिसाव के कारण दुकानों के आगे दूषित पानी जमा हो रहा है। स्थानीय दुकानदार दुकानों के आगे खड़े गंदे एवं बदबूदार पानी से परेशान हो रहे हैं।
स्थानीय दुकानदारों के मुताबिक हाईवे का निर्माण बाद ही धीमी गति से चल रहा है।

## विधायक ने तरावड़ी अनाज मंडी में बेश शैड का किया उद्घाटन

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** विधायक भगवानदास कबीरपंथी ने शुक्रवार को तरावड़ी अनाज मंडी में 2 करोड़ 24 लाख रुपये की लागत से निर्मित 16 बेश के नए शैड का उद्घाटन किया। यह शेड 120 मीटर लम्बे और 24 मीटर चौड़े हैं। अनाज मंडी में पहुँचने पर विधायक का मंडी अधिकारियों, आढ़तियों व कार्यकताओं द्वारा फूल मालाओं व पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। विधायक भगवानदास कबीरपंथी ने कहा कि यह नया शैड मंडी में आने वाले किसानों और आढ़तियों दोनों के लिए सुविधा प्रदान करेगा और अनाज के सुरक्षित भंडारण में सहायक होगा। उन्होंने कहा कि



प्रदेश सरकार सभी वर्गों, विशेषकर किसान और मजदूर भाइयों के हितों मे लगातार कार्य कर रही है। सरकार का दृढ़ संकल्प है कि प्रदेश के हर नागरिक का विकास सुनिश्चित हो और उन्हें प्रगति के समान अवसर मिलें।उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने किसानों की आय बढ़ाने के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाएं लागू की हैं,जिनका लाभ किसानों को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि मजदूर वर्ग के कल्याण के लिए भी सरकार ने कई कदम उठाए हैं। श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा, उनके लिए बेहतर कार्य और सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सरकार निरंतर प्रयासरत है। प्रदेश सरकार का मानना है कि किसान और मजदूर प्रदेश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं और उनके सशक्तिकरण से ही प्रदेश का समग्र विकास संभव है। सरकार आगे भी सभी वर्गों के कल्याण के लिए समर्पित भाव से कार्य करती रहेगी।कार्यक्रम में मंडी प्रधान सुभाष गुप्ता, मंडी अधिकारी और बड़ी संख्या में आढ़ती एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## गांव छपरा में बने एसटीपी प्लांट का एसडीएम डॉ चिनार चहल ने किया निरीक्षण

**उद्घाटन**

**नगर पालिका के अंतर्गत बने एसटीपी में नही है बिजली का कनेक्शन, राज्यमंत्री कृष्ण बेदी ने किया था उद्घाटन**

**टीम एक्शन इंडिया**
**शाहबाद (प्रदीप कुमार)**
कुरुक्षेत्र जिले की विधानसभा शाहबाद की जनता हर साल बरसात,बाढ़ और जलभराव जैसी समस्याओं से जूझ रही है। मंत्री विधायकों और प्रदेश में सरकार के होने का बाद भी इन समस्याओं का समाधान नही हुआ है। क्षेत्र में चुने हुए विधायक और बने हुए



नेताओ की धींगामस्ती के चलते कोई कार्य सिरे नही चढ़ पाया है। वही बीते दिनों शाहबाद क्षेत्र के युवाओं ने हल्के में पानी निकासी और जलभराव जैसे समस्याओं से निजात पाने के लिए एसडीएम डॉ चिनार चहल से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा था। जिस पर संज्ञान लेते हुए एसडीएम ने शाहबाद के गांव छपरा और नगर पालिका में बने एसटीपी का निरीक्षण किया। इस दौरान कई खामियां भी पाई गई। जिन्हें दुरुस्त करने के अधिकारियों के आदेश भी दे दिए गए। उन्होंने कहा कि स्थानीय लोगों द्वारा शिकायत प्राप्त हुई थी। किसानो को इस एसटीपी से पानी अवश्य मिलना चाहिए। जिसपर अधिकारियों को निर्देश दे दिए गए है।
वही समाजसेवी मृत्युंजय शास्त्री ने एसडीएम द्वारा एसटीपी का निरीक्षण करने पर धन्यवाद किया और कहा कि जिस एसटीपी को बरसाती पानी को खींचना चाहिए वो किसी काम के नही है। शहर की सभी सीवरेज लाइनें बंद पड़ी है। जिसके कारण शहर के हालात बेकार है। शास्त्री ने बताया कि इन समस्याओं की वजह से किसानों को भी पानी नही मिल पा रहा है। क्योंकि आगामी सीजन किसानों का धान की रोपाई करने का है।
आपको बता दें कि गांव छपरा में बने एसटीपी की कई मोटरे खराब है तो वही पिछले सात सालों से करोड़ो की लागत से तैयार एसटीपी में नगर पालिका शाहबाद अभी तक बिजली का कनेक्शन लेने में नाकाम रहा है।दोनो ही एसटीपी सफेद हाथी साबित हो रहे है।
अब देखना यह होगा कि क्या यह प्लांट वास्तव में चालू होगा या फिर आदेश कागजों में ही सिमट कर एक और बरसात का सामना करने को मजबूर होगा।

## ट्यूबवेल से तार चुराने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** जिला पुलिस ने ट्यूबवैल पर बिजली की वायर काटकर तांबा चोरी करने वाले दो युवकों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों ने अब तक 16 वारदातों को अंजाम दिया है। ये दोनों आरोपी दिन में बाइक पर घूमकर ट्यूबवैलों की रेकी करते थे और रात के समय वारदात को अंजाम देते थे।
जानकारी के अनुसार बरामद सामान में पुलिस ने 60 हजार रुपए नकद, एक बाइक और बिजली के औजार भी जब्त किए हैं। पूछताछ में चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं। आरोपी चोरी का तांबा यूपी के शामली जिले में बेचते थे और इस पैसे से नशा करते थे और सट्टा लगाते थे।
डीएसपी राजीव कुमार ने बताया कि करनाल जिले के इंद्री, कुंजपुरा, सदर, मुनक, निसिंग और निगदू थाना क्षेत्रों में ट्यूबवैलों से तांबे की चोरी की घटनाएं लगातार सामने आ रही थी। एसपी करनाल ने मामले को गंभीरता से लेते हुए बर्गलरी स्टाफ को इस पर काम करने के निर्देश दिए। टीम ने जांच के बाद 26 मई को कुंजपुरा एरिया से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। कोर्ट से तीन दिन का पुलिस रिमांड लेकर पूछताछ की गई, जिसमें आरोपियों ने कुल 16 वारदातों को कबूला है। अब उनका रिमांड पूरा हो चुका है और उन्हें फिर से कोर्ट में पेश किया जाएगा।
गिरफ्तार किए गए आरोपियों में संजय बड़ागांव करनाल का रहने वाला है, जबकि अमरजीत मंगलपुर का निवासी है। आरोपियों के पास से एक स्पलेंडर बाइक मिली है, जो संजय की है। यही बाइक रेकी के लिए इस्तेमाल होती थी। दोनों आरोपी दिन के समय खेतों में लगे ट्यूबवैलों को निशाना बनाते थे और रात में मौके पर पहुंचकर बिजली की वायर और ग्रिफ काटकर तांबा निकाल लेते थे।
डीएसपी ने बताया कि पूछताछ में सामने आया है कि आरोपी चोरी किए गए तांबे को यूपी के शामली जिले के देवीपुर एरिया में बेचते थे। जो पैसे मिलते थे, उनका इस्तेमाल नशा और सट्टा खेलने में किया जाता था।

## न्यूज फ्लैश

### एशियन पेंट्स ने लॉन्च किया कामयाबी के रंग सीजन 6

गुरुग्राम। पिछले 80 से अधिक वर्षों से एशियन पेंट्स भारत के अग्रणी पेंट और डेकोर ब्रैंड में से एक रहा है, जो देश भर के घरों में रंग, और सुंदरता बढ़ाता है। इन खूबसूरत घरों की खूबसूरती के पीछे कुशल और मेहनती ठेकेदार हैं । इन्हीं ठेकेदारों के जुनून और जज्बे को सलाम करते हुए, एशियन पेंट्स लेकर आया है कामयाबी के रंग का छठा सीजन। इस सीजन में चार दिल को छू लेने वाले एपिसोड हैं । इन ठेकेदारो ने एशियन पेंट्स ब्यूटीफुल होम्स एकेडमी में ट्रेनिंग पाकर, अपने हुनर को निखार कर और हाईलेवल फिनिशिंग के विशेषज्ञ बनकर अपनी जिंदगी को एक नई दिशा दी है। पहले एपिसोड में जुनैद काजमी की कहानी हैं, जो दिल्ली के एक हंसमुख चित्रकार हैं और जीवन की चुनौतियों के बावजूद सकारात्मक रहते हैं। जुनैद का मजेदार लहजा है जो दिखाता है कि खुश रहकर भी सफलता पाई जा सकती है।दूसरा एपिसोड गुजरात के माधापुर की एक जुझारू महिला ठेकेदार अमृत बेन के बारे में है, जो एक पुरुष-प्रधान क्षेत्र में अपनी पहचान बना रही है। तीसरी कहानी वाराणसी के एक युवा व तकनीक में माहिर ठेकेदार बंटी बिंद के बारे में बताती है। ये बताती है कि आज की पीढ़ी किस तरह डिजिटल टूल्स, व्यावहारिक विशेषज्ञता और पारंपरिक काम को साथ मिलाकर आगे बढ़ रहे है। चौथे एपिसोड में विशाखापत्तनम के एक कलाकार गन्नीराजू सिरिपुरा को दिखाया गया है, जिन्होंने अपना जीवन चित्रकारी में निपुणता हासिल करने में बिताया है और अपने काम को सिर्फ पेशा नहीं, एक कला मानते हैं। एशियन पेंट्स के मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ अमित सिंगले कहते हैं, कामयाबी के रंग उनके लिए उत्सव है जो हमारे काम की जान है। हमने देखा है कि कैसे हमारे पेंटर व ठेकेदार छोटे स्तर से शुरू होकर अपने समुदायों में सम्मानित प्रोफेशनल बने हैं। उनकी कहानी प्रेरणादायक है, और हमें गर्व है कि हम उनके साथ एक साझेदार के तौर पर खड़े है, जो अपनी क्षमता में विश्वास करते है। हमने उन्हें ट्रेनिंग, सहयोग और पहचान दिलाकर उन्हें कार्य और जीवन दोनों में आगे बढ़ने में मदद की है।

लिबर्टी जनरल इंश्योरेंस ने दिल्ली में मुफ्त पार्किंग पहल के जरिए बीमा जागरूकता बढ़ाई

नई दिल्ली । भारतीय बीमा नियामक और विकास प्राधिकरण के 2047 तक सभी के लिए बीमा के लक्ष्य के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को फिर से मजबूत बनाते हुए, लिबर्टी जनरल इंश्योरेंस ने राजधानी दिल्ली में सामुदायिक आधार पर संचालित जागरूकता से जुड़ी एक अनूठी गतिविधि शुरू की है। अपने प्रमुख अभियान, ह्यभरोसे का वादा, बीमा के साथह्नके बैनर तले यह पहल दिल्ली में प्रमुख सार्वजनिक स्थानों पर मुफ़्त पार्किंग की सुविधा देती है, जबकि नागरिकों को उनके दैनिक जीवन में बीमा के महत्व के बारे में संवेदनशील बनाती है। यह पहल 26 मई, 2025 से शुरू हुई है, जो लाजपत नगर से शुरू होकर और बाद के चरणों में ओखला मेट्रो स्टेशन और नेहरू प्लेस को कवर करेगी। प्रत्येक स्थान पर यह अभियान पांच दिनों के लिए आयोजित किया जाएगा। लिबर्टी ने इन साइटों पर समर्पित कियोस्क स्थापित किए हैं, जिन्हें प्रशिक्षित प्रतिनिधि चलाएँगे। ये प्रतिनिधि जनता से बातचीत करेंगे, सूचनापरक वन-पेजर्स बाँटेंगे और बीमा के अलग-अलग प्रकारों की स्पष्ट जानकारी देंगे, फिर चाहे वह मोटर (कार और दोपहिया), स्वास्थ्य, घर या व्यक्तिगत दुर्घटना ही क्यों न हो। लिबर्टी जनरल इंश्योरेंस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष और राष्ट्रीय प्रमुख सीडीटी, नवीकरण, विपणन और संचार, श्री अनुराग रामपाल ने कहा, बीमा एक ऐसा उत्पाद नहीं है जिसे सिर्फ काउंटरों या ऑनलाइन पोर्टलों पर बेचा जाना चाहिए , इसे समझा जाना चाहिए, इसे महत्व दिया जाना चाहिए और समझदारी से चुना जाना चाहिए। हम इस पहल के जरिए ठीक यही हासिल करने की कोशिश कर रहे हैं। भरोसे का वादा, बीमा के साथह्न यह कहने का हमारा तरीका है कि बीमा सिर्फ एक वित्तीय अनुबंध नहीं है; यह हमारे सहयोग का वादा है, संकट के समय में एक सुरक्षा आधार है।

### बकार्डी की पहली मेड इन इंडिया व्हिस्की लीगेसी को गोल्ड अवॉर्ड मिला

**करनाल।** भारतीय प्रीमियम व्हिस्की सेगमेंट के लिए यह एक ऐतिहासिक पल है। बकार्डी की पहली मेड-इन-इंडिया प्रीमियम व्हिस्की लीगेसी को प्रतिष्ठित वर्ल्ड व्हिस्कीज अवाड्र्स 2025 में ब्लेंडेड व्हिस्की कैटेगरी में गोल्ड अवॉर्ड से सम्?मानित किया गया है। इस उपलब्धि के साथ देश की प्रीमियम व्हिस्की को भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक नई पहचान हासिल हुई है।लीगेसी, जिसे भारत में तैयार किया गया है, साहसिक सोच और उम्दा गुणवत्ता का बेहतरीन मेल है। इसे भारतीय और स्कॉटिश माल्ट्स को भारतीय अनाजों के साथ मिलाकर तैयार किया गया है। इसका स्वाद खासा समृद्ध, संतुलित और स्मूद है, जो हर घूंट में एक प्रीमियम अनुभव देता है । इन अंतरराष्ट्रीय पुरस्कारों ने लीगेसी को न केवल वैश्विक मंच पर स्थापित किया है, बल्कि यह भी दिखाया है कि प्रीमियम व्हिस्की के क्षेत्र में बकार्डी की पकड़ लगातार मजबूत होती जा रही है। वर्ल्ड व्हिस्कीज अवाड्र्स दुनिया की सबसे प्रतिष्ठित और कठोर स्पधाओं में से एक मानी जाती है। हर साल इस प्रतियोगिता में स्पिरिट्स इंडस्ट्री के दिग्गज विशेषज्ञ, समीक्षक और टेस्टिंग एक्सपट्र्स भाग लेते हैं, जो विभिन्न श्रेणियों की व्हिस्की को उनकी गुणवत्ता, खुशबू, स्वाद, जटिलता और फिनिश जैसे मानकों पर 100-पॉइंट स्केल के आधार पर परखते हैं।

# नगर निगम को कूडा प्रबंधन में प्लास्टिक कचरे से निपटने में आ रहा है पसीना

**कार्यवाही**

**▶▶ *-कार्यवाही के बावजूद लगातार बढ रहा प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग**



**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
ब्रज में कहावत है जितना इलाज किया मर्ज बढ़ता चला गया। नगर निगम के कई गंभीर प्रयास भी कुछ इसी तरह के परिणामों के साथ अंजाम को पहुंच रहे हैं। प्रतिबंधित प्लास्टिक के खिलाफ नगर निगम की ओर से लगातार अभियान चला कर कार्यवाही की जा रही है बावजूद इसके प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग लगातार बढा है। नगर निगम को प्लास्टिक कचरा से निपटने में पसीने छूट रहे हैं। निस्तारण प्रक्रिया के लिए बकायदा कई यूनिट प्लास्टिक कचरे को अलग करने के लिए निरंतर काम कर रही हैं। प्रतिदिन निकलने वाले कचरे में प्लास्टिक कचरे की मात्रा सर्वाधिक होती है। नगर आयुक्त के द्वारा नगर निगम मथुरा वृंदावन क्षेत्र अंतर्गत प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक एवं पॉलीथिन के विरुद्ध निरंतर प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश प्रदान किए गए हैं। शासन के द्वारा भी समस्त निकायों में सिंगल यूज प्लास्टिक एवं प्रतिबंधित पॉलीथिन के विक्रय, भंडारण एवं प्रयोग की रोकथाम किए जाने के निर्देश दिए गए हैं एवं आम जनमानस द्वारा प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक एवं पॉलीथिन का प्रयोग बंद किया जाए। इसके लिए व्यापक प्रचार प्रसार भी करने के निर्देश दिए गए हैं। नगर के सभी प्रतिष्ठान संचालकों एवं नगर वासियों से यह अपील है कि प्रतिबंधित प्लास्टिक एवं पॉलीथिन का उपयोग न करें इसके स्थान पर कपड़े से बने थैली अथवा बायोडिग्रेडेबल प्लास्टिक की थैलियां का ही उपयोग करें। जिससे नगर को प्लास्टिक कचरे से मुक्ति दिलाई जा सके। इस कार्यवाही के दौरान मुख्य सफाई निरीक्षक, मुकेश शर्मा नगर निगम की ईटीएफ टीम के साथ प्रवर्तन दल एवं श्री दीपक शर्मा आदि उपस्थित रहे। फैक्ट्री पकडी, 70 हजार लगाया जुमार्ना

सहायक नगर आयुक्त कल्पना सिंह चौहान, जोनल प्रभारी औरंगाबाद के निर्देशन में नगर निगम की टीम द्वारा प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक के विरुद्ध बड़ी कार्यवाही की गई। नगर निगम की टीम द्वारा आज नगर के इंडस्ट्रियल एरिया में संचालित एक फैक्ट्री से भारी मात्रा में सिंगल यूज प्लास्टिक से बने कांटे, चम्मच जब्त किए गए, साथ ही फैक्ट्री संचालक से रुपया 70000 का जुमार्ना भी वसूला गया।

## एसएसपी ने साप्ताहिक परेड का किया निरीक्षण



**मथुरा//टीम एक्शन इंडिया**
वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने रिजर्व पुलिस लाइन स्थित परेड ग्राउन्ड पर शुक्रवार की साप्ताहिक परेड की सलामी ली और परेड का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान परेड में उपस्थित समस्त पुलिसकर्मियों के टर्नआउट का अवलोकन किया गया। तत्पश्चात पुलिसकर्मियों में शारीरिक दक्षता विकसित करने के लिए दौड़ लगवाई गई तथा एकरूपता व अनुशासन बनाए रखने के लिए टोलीवार ड्रिल भी करवाई गई तथा उसे और बेहतर तरीके से कराने के लिए प्रतिसार निरीक्षक को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। परेड ग्राउण्ड पर डॉग स्क्वॉड एवं पीआरवी के वाहनों व उसके उपकरणों का निरीक्षण किया गया। परेड में विभिन्न थानों,कार्यालयों शाखाओं एवं पुलिस लाइन के पुलिसकर्मी सम्मानित हुए। पुलिस कैंटीन, वर्दी स्टोर,पुलिस लाइन परिसर व फैमिली क्वार्टर आदि का निरीक्षण किया गया।

## जलभरावः नक्शा दुरुस्त पर हालात नहीं!

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
नगर आयुक्त जग प्रवेश ने नक्शा के हिसाब से जलभराव की उत्पन्न होने वाली समस्या को समझा और ड्रेनेज सिस्टम की सफाई के लिए जरूरी निर्देश दिये। शहर में जलभराव की समस्या के स्थाई एवं अस्थाई समाधान के लिए विभिन्न जलभराव प्रभावित स्थलों जैसे नया बस स्टैंड, रेलवे अंडरपास, भूतेश्वर रेलवे अंडरपास, बीएसए पुलिया, गुरु नानक नगर, महोली रोड आदि क्षेत्रों का पैदल भ्रमण कर सघन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त ने संबंधित स्थलों पर स्थल मैप एवं ड्रेनेज प्लान का अवलोकन किया तथा जलभराव के निराकरण के लिए सर्वे किया। उन्होंने जलकल विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी ड्रेनेज सिस्टम की मैन्युअल एवं मैकेनाइज्ड सफाई आगामी 15 दिनों के भीतर पूर्ण कराई जाए। इसके अतिरिक्त भैंस बहोरा क्षेत्र स्थित प्रमुख नाले सहित समस्त नालों की तलीझाड़ सफाई शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। नगर आयुक्त ने स्पष्ट किया कि जलभराव के अस्थाई निराकरण के लिए जो भी व्यवस्थाएं हैं, उन्हें तत्काल दुरुस्त किया जाए, जिससे आम नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।



निरीक्षण के दौरान अपर नगर आयुक्त अनिल कुमार, महाप्रबंधक जल मोहम्मद अनवर ख्वाजा, मुख्य अभियंता सिविल अमरेंद्र गौतम, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. गोपाल बाबू गर्ग, मुख्य सफाई निरीक्षक मुकेश शर्मा, सीएनडीएस के प्रोजेक्ट मैनेजर, जल निगम के अधिशासी अभियंता एवं नेचर ग्रीन कंपनी के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## चौमुहां में बाजार से बाइक चोरी

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
चौमुहां के बाजर से दिन में बाइक चोरी हो गई। जिस जगह से बाइक चोरी हुई वहां अधिकांश समय पुलिस रहती है। साथ ही वह स्थान सीसीटीवी की निगरानी में है। सिहाना निवासी अमित शर्मा ने बताया कि वह अपनी स्प्लेंडर मोटरसाइकिल चौमुहां आया था। चौमुहां अंडरपास के सामने स्थित स्टेट बैंक के सामने सर्विस रोड पर अपनी मोटरसाइकिल खड़ी करके पास ही जिओ सर्विस सेंटर में किसी काम से चला गया कुछ देर बाद वापस आया तो उसकी मोटरसाइकिल गायब थी मोटरसाइकिल को अपने स्थान पर खड़ा न देखकर उसके पैरों तले जमीन खिसक गई । अमित ने बाइक को काफी देर तक इधर-उधर तलाश किया लेकिन कोई सुराग नहीं लगा, हार कर उसने डायल 112 पुलिस को फोन कर बाइक चोरी होने की सूचना दी।

## अच्छे कार्य करने वाले 30 समूहों को किया गया सम्मानित

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
ग्राम्य विकास विभाग द्वारा महिला सशक्तिकरण की दिशा में जनपद स्तरीय संगोष्ठी का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। कार्यक्रम में स्वयं सहायता समूहों की महिला सदस्यों को संबोधित करते हुए विधायक बलदेव पूरन प्रकाश ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंसा है कि मनरेगा के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं को रोजगार प्रदान करके उनको आत्म निर्भर बनाना है। इसलिए केन्द्र व राज्य सरकार ने महिला कल्याण की योजनाएं चला रखी हैं। कार्यक्रम में उपायुक्त मनरेगा विजय कुमार पांडेय ने ग्राम्य विकास अंतर्गत मनरेगा,राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा संचालित कार्यक्रम के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी एवं विभिन्न



वीडियो के माध्यम से कराये जा रहे कार्यों को प्रदर्शित किया गया। महापौर विनोद अग्रवाल ने महिलाओं से कहा कि वे शासन की योजनाओं का लाभ उठाते हुए आत्म निर्भर बने और राज्य व देश के विकास में योगदान दें। इस अवसर पर विधायक पूरन प्रकाश, महापौर विनोद अग्रवाल, सांसद प्रतिनिधि जनार्दन शर्मा व सीडीओ मनीष मीना ने मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास, स्वयं सहायता समूह के माध्यम से उत्कृष्ट कार्य करने वाली 30 समूह सदस्यों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

जिला विकास अधिकारी श्रीमती गरिमा खरे, परियोजना निदेशक डीआरडीए अरुण कुमार उपाध्याय, जिला मिशन प्रबंधक एनआरएलएम एवं अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा आदि उपस्थित रहे।

## नूंह में ऑपरेशन शील्ड की मॉक ड्रिल व शाम 8 बजे ब्लैकआउट का अभ्यास होगाः एडीसी

**दिशा-निर्देश**

**▶▶ जिला प्रशासन के अधिकारियों को बैठक में ऑपरेशन शील्ड के आयोजन के संबंध में दिशा-निर्देश दिए**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नूंह मेवात (लियाकत अली):** अतिरिक्त उपायुक्त प्रदीप सिंह मलिक ने कहा कि गृह मंत्रालय के निदेर्शानुसार कल 31 मई को सायं 5 बजे से द्वितीय नागरिक सुरक्षा अभ्यास के तहत लघु सचिवालय नूंह में ऑपरेशन शील्ड के तहत मॉक ड्रिल आयोजित की जाएगी। सिविल डिफेंस एक्सरसाइज का उद्देश्य आपात स्थिति में तैयारी




और रिस्पॉन्स को बेहतर बनाना है। नूंह अतिरिक्त उपायुक्त ने शुक्रवार को जिला प्रशासन के अधिकारियों को बैठक में ऑपरेशन शील्ड के आयोजन के संबंध में जरूरी दिशा-निर्देश दिए।
उन्होंने कहा कि ऑपरेशन शील्ड के दौरान सायं 5 बजे मॉक ड्रिल होगी व देर सायं 8 बजे से 8.15 बजे तक ब्लैकआउट का अभ्यास भी किया जाएगा, जिसमें जिलावासियों से ब्लैक आउट अभ्यास में अपेक्षित सहयोग का आह्वान किया जाए। इस दौरान सोलर, इंटरवर्टर व स्ट्रीट लाइट भी बंद कर दें। साथ ही ऑपरेशन शील्ड के दौरान सायरन की सक्रीयता की जांच सहित अन्य विभिन्न प्रकार की गतिविधियां भी आयोजित की जाएंगी। उन्होंने सभी एसडीएम को भी अपने क्षेत्र में आपरेशन शील्ड को प्रभावी रूप से क्रियान्वित करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला के नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि यह एक पूर्व नियोजित मॉक ड्रिल है, जिसका उद्देश्य किसी आपातकालीन परिस्थिति में नागरिकों की तैयारियों और प्रशासन की कार्यप्रणाली का परीक्षण करना है। उन्होनें नागरिकों से अपील की कि वे इस अभ्यास से घबराएं नहीं और इसे गंभीरता से लेते हुए पूरी सजगता और सहयोग के साथ शामिल हों।

उन्होंने नागरिकों से अपील की है कि वे शांत रहें, घबराएं नहीं, घर व दुकान की सभी लाइटें, इंवर्टर आदि बंद कर दें ताकि प्रकाश बाहर न दिखे तथा एयर रेड सायरन बजने पर तुरंत सुरक्षित स्थान पर चले जाएं। किसी भी प्रकार की अफवाहों से बचें, केवल प्रशासन द्वारा दिए गए निदेर्शों की पालन करें, मोबाइल या टीवी पर सरकारी अलर्ट सुनते रहें। किसी भी आपतकालीन स्थिति में सुरक्षित ठहराव स्थल का चयन करें मजबूत, बिना खिड़की वाला कमरा चुनें, खिड़कियों पर मोटे काले कपड़े लगाएं, शीशों व खिड़कियों से दूर रहें और यदि आवश्यक हो तो जमीन पर लेट जाएं।

## वी ने हरियाणा में पेश किया अनलिमिटेड डेटा प्लान नॉन स्टॉप हीरो

**गुरुग्राम।** आज की हाइपर-कनेक्टेड दुनिया में बिना रूकावट के डेटा एक्सेस बहुत जरूरी हो गया है। काम हो या पढ़ाई, स्वास्थ्य, मनोरंजन या जीवनशैली, हर चीज के लिए मोबाइल डेटा बहुत जरूरी है। ऐसे में भरोसेमंद डेटा की मांग पहले से कहीं अधिक बढ़ गई है जो उपभोक्ताओं को चिंतामुक्त अनुभव प्रदान करे। इसी जरूरत को ध्यान में रखते हुए भारत के अग्रणी दूरसंचार सेवा प्रदाता वी हरियाणा में लेकर आए हैं भारत का पहला ट्रूली अनलिमिटेड डेटा प्लान वी नॉनस्टॉप हीरो। प्रीपेड उपभोक्ताओं की डेटा कोटा खत्म होने की समस्या को हल करने के लिए डिजाइन किया गया नॉनस्टॉप हीरो प्लान वैलिडिटी की पूरी अवधि के दौरान डेटा का चिंतामुक्त अनुभव प्रदान करता है। भारत में डेटा की दृष्टि से बड़े बदलाव आ रहे हैं। हाल ही में सेंटर फॉर डिजिटल इकोनोमी एण्ड पॉलिसी रीसर्च द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार देश में डेटा की खपत पिछले दशक के दौरान 288 गुना बढ़ गई है। वी नॉनस्टॉप हीरो प्लान हाई-स्पीड कनेक्टिविटी की इस बढ़ती मांग को पूरा करता है। इसके तीनों रीचार्ज पैक अनलिमिटेड वॉइस कॉल्स के साथ ट्रूली अनलिमिटेड डेटा देते हैं। मात्र रु 398 की शुरूआती कीमत पर वी नॉन स्टॉप हीरो प्लान अब हरियाणा में उपलब्ध है, जो विभिन्न उपभोक्ताओं की जरूरतों के अनुसार रीचार्ज पैक लेकर आता है।
हरियाणा के अलावा वी नॉनस्टॉप हीरो प्लान्स पंजाब, महाराष्ट्र एवं गोवा, आन्ध्र प्रदेश एवं तेलंगाना, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, कर्नाटक, राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, तमिलनाडु, असम एवं उत्तर पूर्व और उड़ीसा में भी उपलब्ध है।

## ईद पर हो रही गो तस्करी को रोकने के कारण जान से मारने की मिल रही धमकियांः आचार्य

**जींद :** गोरक्षा दल अध्यक्ष हरियाणा ने शुक्रवार को एसपी कुलदीप सिंह से मुलाकात की और ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से हरियाणा में ईद पर हो रही गो तस्करी को रोकने के कारण जान से मारने की मिल रही धमकियों को लेकर कार्रवाई की मांग की गई।
गोरक्षा दल हरियाणा के अध्यक्ष आचार्य योगेंद्र महाराज ने एसपी को दिए ज्ञापन में बताया कि संपूर्ण हरियाणा एवं भारत के अन्य राज्यों में गो तस्करी एवं गोकशी और बेजुबान गायों की रक्षा का कार्य संगठन द्वारा किया जाता है। इसके अलावा संगठन सदस्य पशु क्रूरता को रोकने में, गो तस्करी को रोकने में, पेड़ लगाने में, वायुमंडल शुद्ध करने में, शिक्षा का कार्य अनेक कार्यों को संगठन सरकार के साथ मिलकर करता है।

## कैसे हो फोटो प्रमाणीकरण, लाभार्थी का ई केवाईसी

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
महिला आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ के तत्वावधान में जिले की आंगनबाडी कार्यकत्रियों ने अपनी सात सूत्रीय मांगों को हल कराने के लिए मुख्यमंत्री के नाम जिलाधिकारी को ज्ञापन देने पहुंची। डीएम कार्यालय पर डिप्टी कलेक्टर ऊषा सिंह ने संघ की पदाधिकारियों से ज्ञापन लिया। आश्वासन दिया कि जिलाधिकारी के माध्यम से समाधान कराया जाएगा। शुक्रवार को आंगनबाडी कार्यकत्रियां संघ की कार्यवाहक जिलाध्यक्ष आशा देवी की



अध्यक्षता में जिलाधिकारी कार्यालय ज्ञापन देने पहुंची। जहां पर डिप्टी कलेक्टर को ज्ञापन देने के बाद उन्होंने बताया कि आंगनबाडी कार्यकताओं को फोटो ऑनलाइन डिजिटल कार्यों को विभाग ने जबरन थोपा गया है। काम पूरा नहीं होने पर विभागीय अधिकारियों द्वारा धमकाया जा रहा है जिससे उनको मानसिक तनाव हो रहा है। विभाग ने उनको 4 जी मोबाइल दिए हैं जबकि यह कार्य 5जी मोबाइल से पूरा होगा। जिससे उनको कार्य करने में परेशानी हो रही है। सरकार को चाहिए यह कार्य कराना है तो कार्यकत्रियों को 5जी मोबाइल दिया जाए। संघ की शहर अध्यक्ष सुधा निर्वाण ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को ई केवाईसी से मुक्त कराया जाए, पुष्टाहार की धनराशि लाभार्थियों के सीधे खाते में दी जाए, मोबाइल का रिचार्ज की धनराशि तीन वर्ष से नहीं मिली है उसे दिलाया जाए। उन्होंने कहा कि पीएलआई की धनराशि एक वर्ष से नहीं मिली है उसे दिलया जाए।

# किसानों को दी विषमुक्त आधुनिक खेती की जानकारी

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
यथा शक्ति संस्था के द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न चौधरी चरण सिंह की पुण्य तिथि पर प्रातः 11 बजे से विकास खण्ड सभागार बल्देव में किसान गोष्ठी अयाजित की गई। जिसमें मुख्य अतिथि पद्मश्री कंवल सिंह चौहान सोनीपत हरियाणा जो वेबी कार्न एवं स्वीट् कार्न के बृहद कृषक हैं लगभग 2000 हैक्टर क्षेत्रफल में खेती कराते हैं, एवं 7 से 8 देशों को निर्यात भी करते हैं, साथ ही पद्म श्री भारत भूषण त्यागी, बुलन्दशहर, जिनके पास जैविक खेती में 20 से 25 वर्ष का अनुभव है। इनके द्वारा अब तक




80 हजार किसानों को जैविक खेती के बारे में प्रशिक्षण दिया जा चुका है, अपने ग्राम बिहटा जिला बुलन्दशहर में जैविक उत्पाद की प्रोसेसिंग करने कि लिए इकाई भी स्थापित किए है, एवं पदम श्री उमाशंकर पाण्डेय, बॉदा भूमि एवं जल संरक्षण के प्रणेता के द्वारा प्रतिभाग किया गया। गोष्ठी में उपस्थिति कृषकों को पद्मश्री कंवल सिंह चौहान, सोनीपत, हरियाणा के द्वारा तकनीकी विधि से मक्का खेती करने के संबंध में जानकारी दी गई। पद्म श्री भारत भूषण त्यागी, बुलन्दशहर, द्वारा कृषकों को जैविक खेती एवं अत्याधुनिक तकनीक से खेती करने के गुर सिखाये गये। पदम श्री उमाशंकर पाण्डेय, बॉदा के द्वारा खेत में मेंड और मेड पर पेड विधि द्वारा जला संरक्षण के द्वारा किसानों को तकनीकी बताई गई। जिला कृषि अधिकारी अश्विनी कुमार सिंह द्वारा विषमुक्त खेती एवं भूमि को कैसे संरक्षित किया जाय के बारे में विस्तार से विचार व्यक्त किये गये।
यथा शक्ति संस्था के सचिव तेजपाल सिंह के द्वारा क्षेत्र के किसानों से आधुनिक कृषि अपनाने एवं ऐसे ही कृषि के जानकारों को क्षेत्र में लाकर आधुनिक खेती से आय बढाने का प्रयास करते रहने पर विस्तार से कृषकों को प्रोत्साहित किया गया। किसान गोष्ठी की अध्यक्षता राजपाल सिंह भंरगर, जिला पंचायत सदस्य, प्रतीक भंरगर, प्रमुख बल्देव के द्वारा की गई। गोष्ठी में अश्विनी कुमार सिंह, जिला कृषि अधिकारी मथुरा, सोहनपाल प्रमुख दीनदयाल धाम, फरह, तेजपाल सिंह, (सचिव) यथा शक्ति (संस्था) ग्राम अवेरनी, बल्देव एवं कृषक महेशपाल सिंह, धर्मेन्द्र तोमर, संजीव तोमर, रामकुमार, भगवान सिंह एवं सुनील रावत, अवधेश रावत, रीतिराम सिंह, जिला मथुरा उपस्थित थे।

## चौमुहां ब्लॉक में हुआ महिला सम्मेलन

**चौमुहां/टीम एक्शन इंडिया**
चौमुहां विकास खंड सभागार में महिला सम्मेलन ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि पंडित शोभाराम शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। इस दौरान भाजपा कार्यकताओं ने पुण्यश्लोक राजमाता अहिल्याबाई होल्कर के त्रिशताब्दी वर्ष को बड़े उल्लास के साथ मनाया। वरिष्ठ भाजपा नेता व चौमुहां ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि पंडित शोभाराम शर्मा ने कहा कि राजमाता अहिल्याबाई होल्कर भारत के मराठा शासकों में से एक थीं, जिन्होंने मालवा क्षेत्र (मध्य भारत) में होल्कर राजवंश की स्थापना की। वे अपनी देशभक्ति, प्रशासनिक कुशलता, और सामाजिक सुधारों के लिए जानी जाती हैं । उन्होंने कहा आज भाजपा की मोदी, योगी सरकार महिलाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर



बनाने के जगह जगह जागरूकता अभियान चलाकर उन्हें जागरूक करने का काम कर रही। मंडल अध्यक्ष मुरारीलाल सिसोदिया ने कहा कि अहिल्याबाई को एक आदर्श शासक के रूप में जाना जाता है, जो न्यायप्रिय, धर्मपरायण और परोपकारी महिला की एक मिसाल थी। अहिल्याबाई का जीवन और कार्य आज भी लोगों के लिए एक प्रेरणा हैं। समाजसेवी बिहारलाल उर्फ पूरन सिंह सिसोदिया ने कहा कि महारानी अहिल्याबाई की पहचान एक विनम्र एवं उदार शासक के रुप में थी। इस अवसर पर आरपी सिंह, सीडीपीओ वंदना शर्मा, सियाराम , धीरज शास्त्री, कुलदीप,मुरारी प्रधान, राकेश कर्दम, मुकेश प्रधान, विजय सिंह आदि उपस्थित रहे।

# विधायक निखिल मदान ने किया महाराज अरूट चौक का लोकार्पण

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत :** शुक्रवार को शहर के सेक्टर 27 पुलिस थाने के पास बने चौक का लोकार्पण विधायक निखिल मदान द्वारा किया गया। इस अवसर पर नगर निगम मेयर राजीव जैन और सोनीपत के पंजाबी समाज के सैकड़ो गणमान्य नागरिकों की उपस्तिथि रही।



विधायक निखिल मदान ने बताया कि उनके मेयर कार्यकाल के दौरान उनकी भी सोच थी और राष्ट्रीय पंजाबी महासभा और सोनीपत की पंजाबी समाज से जुड़ी अनेक संस्थाओं ने उन्हें महाराज अरूट चौक बनाने के लिए ज्ञापन सौंपा था, जिसका संज्ञान लेते हुए उन्होंने निगम की हाउस बैठक में महाराज अरूट चौक बनाने का प्रस्ताव पास करवाया था। आज उन्हें बड़ी खुशी है कि महाराज अरूट चौक बन कर तैयार हो गया है और आज इसका लोकार्पण किया गया है। यह पूरी 36 बिरादरी और पंजाबी समाज के लिए गौरव का क्षण है। अरूट महाराज को भगवान श्री राम के पुत्र पुत्र राजा लव का वंशज माना जाता है इतिहास में ऐसा वर्णन आता है कि भगवान परशुराम के आशीर्वाद से अरूट महाराज ने सिंधु नदी के किनारे अरोड़ कोट नाम के भव्य राज्य की स्थापना की थी महाराज अरूट एक न्याय प्रिय शासक थे जिनके शासन काल में प्रजा और गरीब मजदूर की सुनवाई की जाती थी, ऐसे परम प्रतापी महाराज अरूट के चौक का लोकार्पण करना उनके लिए बेहद सौभाग्य की बात है और वह आज समस्त पंजाबी बिरादरी को अपनी शुभकामनाएं देते हैं।
विधायक निखिल मदान ने कहा कि महापुरुष किसी एक जाति के नहीं होते, महापुरुषों का आशीर्वाद 36 बिरादरी पर होता है। इसलिए उनका शुरू से यही मानना था कि सोनीपत शहर में अरोड़ा और खत्री समाज के युग प्रवर्तक महाराज अरूट के नाम से चौक अवश्य बनाया जाना चाहिए,आज महाराज अरूट चौक बनने और उनकी भव्य प्रतिमा के अनावरण होने से उन्हें बेहद खुशी है।
इस अवसर पर मेयर राजीव जैन ने भी समस्त पंजाबी समाज को अपनी शुभकामनाएं दी और कहा कि उनके मेयर कार्यकाल में भी 36 बिरादरी के महापुरुषों के नाम से चौक बनाए जा रहे हैं और सड़कों का नामकरण किया जा रहा है।

# महापुरुषों के नाम पर बनाये गए चौकों का सौंदर्यकरण का अभियान चलाया जायेगा

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत**
महापुरुषों के नाम पर बनाये गए चौकों का रखरखाव एवं सौंदर्यकरण का अभियान चलाया जायेगा। चौकों का सौंदर्यकरण करने के बाद रखरखाव का जिम्मा शहर की शिक्षण संस्थाएं उठाएंगी।



इस संबंध में गेटवे स्कूल के प्रांगण में शिक्षण संस्थानों के प्रबंधकों की एक बैठक मेयर राजीव जैन की अध्यक्षता में हुई जिसमे चौकों के रखरखाव शहर में स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाने एवं शहर को सुंदर बनाने के सुझावों बारे चर्चा की गई। बैठक में राकेश कुच्छल, नीरज शर्मा, राहुल मंगला, प्रेम ओझा, दीपक, राजेंद्र, जितेंद्र चावला उपस्थित हुए जिसमें निम्नलिखित संस्थाओं ने चौकों का रखरखाव करने की जिम्मेदारी ली । ज्योतिबा फुले चौक - जैन विद्या मंदिर, छोटू राम चौक - इंडियन स्कूल, नंदी चौक - ऋषिकुल विद्यापीठ, सुभाष चौक - सरस्वती सीनियर सेकेंडरी स्कूल, तिरंगा चौक - सेफ इंडिया फाउंडेशन, विवेकानंद चौक - रोटरी क्लब, महाराणा प्रताप चौक - गेटवे इंटरनेशनल स्कूल, पंडित श्रीराम शर्मा चौक - ऋषिकुल विद्यापीठ, आई टी आई चौक - लिटिल एंजेल सीनियर सेकेंडरी स्कूल तथा इनरव्हील क्लब, महाराजा अग्रसेन चौक - श्री जी इंटरनेशनल, देवीलाल चौक - दी हिन्दू एजुकेशनल सोसाइटी, अम्बेडकर चौक - दी हिन्दू एजुकेशनल सोसाइटी, कालूपुर चुंगी चौक - ज्ञान विद्यापीठ, भगत सिंह चौक - विजय हाई स्कूल, अरुड जी महाराज चौक - बी एम् इंस्टिट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग, गीता चौक - डी ए वी स्कूल, चंद्र शेखर आजाद चौक - ज्ञान गंगा ग्लोबल एवं परशुराम चौक - जे के पी इंटरनॅशनल स्कूल ।

## न्यूज फ्लैश

### योग दिवस की तैयारियों के तहत कराया योगाभ्यास

**गन्नौर/टीम एक्शन इंडिया**
आयुष विभाग के निर्देश पर 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियां जोरों पर हैं। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डा. राम अवतार सिंह के नेतृत्व में आयुष योग सहायक सुनील द्वारा नयाबांस, बिलंदपुर, समसपुर गामड़ा सहित कई गांवों के विद्यालयों में योग अभ्यास कराया गया। इस दौरान छात्रों को विभिन्न योगासन व प्राणायाम का अभ्यास करवाया गया। सुनील ने बच्चों को योग के शारीरिक व मानसिक लाभों की जानकारी दी और कहा कि नियमित योग से शरीर स्वस्थ व मन शांत रहता है। ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों ने उत्साह के साथ योगाभ्यास किया।

### प्लाट पर कब्जे का आरोप, केस दर्ज

**गन्नौर/टीम एक्शन इंडिया**
जीटी रोड स्थित बड़ौत के राजस्व में स्थित प्लाट पर कब्जे के मामले में थाना बड़ी पुलिस ने केस दर्ज किया है। प्लाट मालकिन छोटी मंडी निवासी मंजू जैन ने थाना बड़ी में दी शिकायत में बताया कि उनका बड़ौत के राजस्व में 800 वर्ग गज का प्लाट है। प्लाट की रजिस्ट्री भी उनके नाम है। अब उसके प्लाट पर प्रदीप, रोहित व 10-12 बदमाशों ने मिलकर कब्जा कर लिया। आरोपित उनके प्लाट पर कब्जा कर उन्हें धमकी दे रहे हैं। बड़ी थाना पुलिस ने आरोपित प्रदीप, रोहित व अन्य के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बड़ी थाना प्रभारी युद्धवीर ने बताया कि शिकायत पर उन्होंने मौके का निरीक्षण भी किया है। जांच के अनुसार आगामी कार्रवाई की जाएगी।

### प्रयास स्कूल में नेत्र जांच व रक्तदान शिविर आज

**गन्नौर/टीम एक्शन इंडिया**
जीटी रोड स्थित प्रयास इंटरनेशनल स्कूल में भारत विकास परिषद व रोटरी क्लब गन्नौर द्वारा शनिवार को रक्तदान व निश्शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी भारत विकास परिषद के शाखाध्यक्ष संदीप सिंघल व भाविप अध्यक्ष मनीष बंसल ने संयुक्त रूप से दी। उन्होंने बताया कि शिविर में शुगर, बीपी, एचबी, कैल्शियम व कोलेस्ट्रोल की जांच की जाएगी। वहीं मोतियाबिंद के रोगियों को निश्शुल्क आपरेशन मौजी राम लायंस आई अस्पताल, दिल्ली में करवाया जाएगा। जरूरतमंदों को निशुल्क चश्मे व दवाइयां भी उपलब्ध कराई जाएंगी।

### थाना सदर कनीना की पुलिस टीम ने 1 किलो 160 ग्राम गांजा किया बरामद, एक गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना महेंद्रगढ़** पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ ने सभी थाना प्रबंधकों, चौकी इंचार्जों को नशीले पदार्थ बेचने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। एसपी के नेतृत्व में जिला महेंद्रगढ़ को नशा मुक्त करने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना सदर कनीना की पुलिस टीम ने नशीले पदार्थ के मामले में एक आरोपित को काबू किया। पुलिस ने नशीले पदार्थ सहित आरोपित नवीन वासी इसराना की ढाणी को काबू किया। पुलिस ने मौके से करीब 1 किलो 160 ग्राम गांजा बरामद किया। आरोपित को न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया है। पुलिस द्वारा आरोपित से पूछताछ की जा रही है।
थाना सदर कनीना की पुलिस टीम गस्त के दौरान मोहनपुर मोड पर मौजुद थी, टीम को गुप्त सूचना मिली कि नवीन वासी इसराना की ढाणी अपने मकान मे नशीला पदार्थ गांजा रखकर बेचने का काम करता है और आज भी बेच रहा है। अगर तुरंत रैड की जाए तो नशीला पदार्थ गांजा सहित काबू आ सकता है। जो इस सूचना पर टीम बतलाए हुए स्थान पर पहुंची, जहां पर एक शख्स को काबू करके नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम नवीन वासी इसराना की ढाणी बतलाया। नवीन की टेबल के दराज तलाशी ली गई, जिसमे एक पॉलीथिन को खोलकर चैक किया गया तो उसमें नशीला पदार्थ गांजा मिला। जिसका पॉलीथिन सहित वजन 1 किलो 160 ग्राम बरामद हुआ। पुलिस ने नशीले पदार्थ को जब्त कर लिया और आरोपित के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### मुस्लिम बाहुल्य जिला नूंह में आगामी 21 जून को

**नूंह मेवात (लियाकत अली ) :** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि आगामी 21 जून को प्रातः 6 बजे से 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस ह्यएक पृथ्वी-एक स्वास्थ्य के लिए योगह्न थीम के साथ पुलिस लाइन नूंह में मनाया जाएगा। जिला में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के भव्य आयोजन को लेकर जिला आयुष विभाग, जिला खेल विभाग, जिला शिक्षा विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों ने व्यापक स्तर पर तैयारियां शुरू कर दी हैं। नूंह उपायुक्त ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के जिला व खंड स्तरीय कार्यक्रमों को लेकर जिला के संबंधित अधिकारियों को बैठक में आवश्यक दिशा-निर्देश दे रहे थे।

# पेयजल पाइपलाइन दबाने के कार्य में जन स्वास्थ्य विभाग कर रहा लापरवाही

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** शहर में पेयजल पाइपलाइन बिछाने का कार्य जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा तेजी से किया जा रहा है, लेकिन विभाग की लापरवाही लोगों के लिए भारी मुसीबत बनती जा रही है।



पाइपलाइन बिछाने के बाद गलियों की मरम्मत नहीं की जा रही है, जिससे लोगों को आवागमन में गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। अब तक विभाग शहर की करीब 18 किलोमीटर गलियों में पाइपलाइन बिछा चुका है, जबकि कुल 60 किलोमीटर क्षेत्र में कार्य किया जाना है। कई इलाकों में गड्ढे खोदकर पाइप डाले जा चुके हैं, लेकिन मरम्मत कार्य अधर में लटका हुआ है। जिन गलियों में पाइपलाइन दबाई जा चुकी है उनमें से केवल कुछ गलियों की मुरम्मत हो पाई है। विभाग की आगे दौड़, पीछे छोड़ की नीति का नतीजा है कि लोग धूल, कीचड़ और दुर्घटनाओं के खतरे के बीच जीवन जीने को मजबूर हैं। उनका कहना है कि अभी गर्मी है, लेकिन बीच-बीच में वर्षा भी हो जाती है, जिससे गलियों में निकलना भी मुश्किल हो जाता है। मानसून की दस्तक के साथ ही यह स्थिति और भयावह हो जाएगी। उखड़ी हुई गलियों में पानी भरने से न सिर्फ कीचड़ की समस्या बढ़ेगी, बल्कि बीमारियों का खतरा भी उत्पन्न होगा। स्कूल जाने वाले बच्चे, बुजुर्ग और दोपहिया वाहन चालक सबसे अधिक प्रभावित होंगे। लोगों ने प्रशासन से मांग करी है कि मानसून से पहले गलियों की मरम्मत हो जाए, अन्यथा विभाग की लापरवाही शहर के लिए बड़ी मुसीबत बन सकती है।

-------

**एसडीएम प्रवेश कादियान**
ने इस बारे में बताया कि उन्होंने माना कि स्थिति गंभीर है। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि मरम्मत कार्य को प्राथमिकता के आधार पर जल्द पूरा किया जाए। आमजन को असुविधा किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# गन्नौर बीडीपीओं का राई बीडीपीओ (एचसीएच) सुरेन्द्र आर्य को मिला अतिरिक्त कार्यभार

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** गन्नौर की खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी के लंबे तक अवकाश पर जाने के कारण उपायुक्त ने राई के खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी (एचसीएच) सुरेन्द्र आर्य को सौंपा है। सुरेन्द्र आर्य ने बताया कि गन्नौर खंड में कार्यभार संभालने के बाद उनकी प्राथमिकता रहेगी कि जिस तरह से उनके राई खंड कार्यालय में कार्यभार संभालने के बाद राई खंड कार्यालय में समस्याओ व शिकायतों के समाधान में पूरे जिले में ब्लाक प्रथम स्थान पर रहा था। सीएम वींडों, जनसवांद व पीजी पोर्टल पर कोई शिकायत व समस्या पेंडिग नही है।



(एचसीएच) सुरेन्द्र आर्य ने बताया कि उसी तर्ज पर उनकी गन्नौर ब्लाक में भी प्राथमिकता रहेगी कि गन्नौर में भी सीएम वींडों, जनसवांद व पीजी पोर्टल पर कोई शिकायत व समस्या पेंडिग नही रहे। इसके लिए कार्यालय के सभी कर्मचारियों का सहयोग लिया जाएगा। इसके अलावा उनका यह भी प्रयास रहेगा कि कार्यालय में खंड कार्यालय में सभी कर्मचारी व अधिकारी जनता की समस्याओं के समाधान के लिए कार्यालय में मिलेगे। इसके बाद भी लोगों को कोई दिक्कत आए तो वे उन्हें अवगत करवाए। उनकी समस्या का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा।

# रुक्मिणी देवी पब्लिक स्कूल के आठ खिलाड़ियों का हरियाणा राज्य थ्रो बॉल टीम में चयन



**टीम एक्शन इंडिया**
**राई।** रुक्मिणी देवी पब्लिक स्कूल के आठ होनहार खिलाड़ियों का हरियाणा राज्य थ्रो बॉल टीम में चयन हुआ। प्रधानाचार्य डा. प्रवीन ने बताया कि विद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग के छात्र नितेश, लवण, आदित्य, लविश, अनुसार दर्श, जयवेश, हर्षित, समर्थ आदि खिलाड़ी आगामी राष्ट्रीय स्तरीय थ्रो बॉल प्रतियोगिता में राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। 30 वीं सब जूनियर-राष्ट्रीय प्रतियोगिता 20 जून से 22 जून तक शिरडी महाराष्ट्र में आयोजित होगी। प्राधानाचार्य डॉ प्रवीन गुप्ता व थ्रो बॉल कोच विनित दहिया ने सभी खिलाडियों को शुभकामानाए देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की।

# खैरोली महेंद्रगढ़ के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में पॉक्सो एक्ट एवं अन्य विषयों पर जागरूकता सत्र आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़ ।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, खैरोली महेंद्रगढ़ में आज महेंद्रगढ़ पुलिस द्वारा छात्राओं के लिए जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र का मुख्य केंद्र बिंदु ह्लबाल यौन शोषण संरक्षण अधिनियम, 2012ह्व (पॉक्सो एक्ट) रहा, जिसके माध्यम से विद्यार्थियों को इस अधिनियम के प्रमुख प्रावधानों से अवगत कराया गया।
सत्र का उद्देश्य विद्यालय स्तर पर बच्चों की सुरक्षा और संरक्षण को सुदृढ़ करना था। इस दौरान पुलिस टीम ने बाल यौन शोषण के अंतर्गत आने वाले विभिन्न यौन



अपराधों की विस्तृत व्याख्या की। विद्यार्थियों को बताया गया कि किसी भी बच्चे के अंग को गलत तरीके से छूना, निजी अंगों पर टिप्पणी करना, आपत्तिजनक तस्वीरें दिखाना और अन्य ऐसे सभी शारीरिक संपर्क जिनसे बच्चे असहज महसूस करें, बाल यौन शोषण की श्रेणी में आते हैं। छात्राओं प्रोत्साहित किया गया कि वे ऐसी किसी भी घटना की जानकारी देने में संकोच न करें और उन्हें रिपोर्ट करने की प्रक्रिया के बारे में भी बताया गया।
इसके अतिरिक्त, सत्र में बच्चों को नशीले पदार्थों के सेवन के दुष्प्रभावों के बारे में भी जागरूक किया गया। विद्यार्थियों को बताया गया कि नशा एक सामाजिक बुराई है जो व्यक्ति के जीवन को असमय समाप्त कर देती है और परिवार के लिए अनेक कठिनाइयाँ उत्पन्न करती है। यह भी बताया गया कि नशे के कारण अपराधों में वृद्धि होती है, इसलिए सभी को नशे से दूर रहना चाहिए और अपने आसपास के लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करना चाहिए।

# संगठन को मजबूत बनाने के लिए अब 4 जून को होगी कांग्रेस की बड़ी बैठक

**नूंह मेवात (लियाकत अली ):** हरियाणा कांग्रेस के संगठन को मजबूती देने के लिए 1 जून को चंडीगढ़ आ रहे नेता प्रतिपक्ष सांसद राहुल गांधी के कार्यक्रम में बदलाव हुआ है। अब वह 4 जून को चंडीगढ़ में कांग्रेस की बड़ी बैठक लेने जा रहे हैं। यह जानकारी कांग्रेस के सीनियर नेता विधायक आफताब अहमद ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान दी। आफताब अहमद ने कहा कि जो प्रस्तावित कार्यक्रम था। 1 जून के बजाय अब 4 जून को राहुल गांधी चंडीगढ़ आएंगे और जो हमारे अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पर्यवेक्षक जो नियुक्त किए गए हैं, उनकी बैठक लेंगे।

# ऋषिकुल विद्या पीठ में क्षय रोग उन्मूलन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**(टीबी) उन्मूलन**

**टीबी के प्रति जागरूकता बढ़ाना और टीबी मुक्त भारतग मिशन में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना था**

**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**
ऋषिकुल विद्या पीठ में एक अत्यंत प्रेरणादायक और जागरूकता से भरपूर क्षय रोग (टीबी) उन्मूलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य स्कूली बच्चों में टीबी के प्रति जागरूकता बढ़ाना और टीबी मुक्त भारतग मिशन में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना था। इस



अवसर पर डॉ. एन. के. मित्तल एवं डॉ. तरुण यादव ने बच्चों को संबोधित किया।
उन्होंने क्षय रोग की रोकथाम, उपचार के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। उनके प्रेरक विचारों ने छात्रों और शिक्षकों को इस राष्ट्रीय अभियान में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया।
कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य, संस्था के अध्यक्ष एस. के. शर्मा एवं निदेशिका अर्चना शर्मा भी उपस्थित रहे। उन्होंने छात्रों को समाज में जागरूकता फैलाने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। डॉ. एन. के. मित्तल ने टीबी मुक्त भारत अभियानग का समर्थन करते हुए सुंदर एवं रचनात्मक पोस्टर बनाए और अपने विचार सांझा किए। बच्चों की ऊर्जा और रचनात्मकता ने यह साबित किया कि युवा पीढ़ी देश की स्वास्थ्य सुरक्षा में अहम भूमिका निभा सकती है। सभी छात्रों, शिक्षकों एवं प्रबंधन द्वारा शपथ ली गई कि वे यह संदेश फैलाएंगे कि टीबी का इलाज संभव है और वे प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान में सक्रिय भागीदारी करेंगे।

# योग दिवस की तैयारियों को लेकर छात्रों को दिया प्रशिक्षण



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** आयुष विभाग व हरियाणा योग आयोग के निदेर्शानुसार जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डा. रामअवतार व आर्यवैदिक आयुर्वैदिक चिकित्सा अधिकारी डा. रजनीश वर्मा के नेतृत्व में अन्तर्राष्दिय योग दिवस की तैयारियों को लेकर योग सहायक रितू जी.ए. डी. खिजरपुर अहीर द्वारा दो गांवों के राजकीय स्कूलों में छात्रों को योग का प्रशिक्षण दिया।
विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ योग सीखा और जीवन में अपनाने का संकल्प लिया।

# सकारात्मक रवैये से करें सभी अधिकारी कार्य, जनता न हो परेशान-राज्यमंत्री गौरव गौतम

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत।** युवा खेल, अधिकारिता एवं उद्यमिता तथा कानून राज्य मंत्री श्री गौरव गौतम ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जिला परिवाद एवं कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक का मुख्य उद्देश्य आमजन की शिकायतों का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि इन बैठकों में दी गई शिकायतों पर तुरंत कार्रवाई होनी चाहिए। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।
शुक्रवार को लघु सचिवालय में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए राज्य मंत्री ने 24 जन परिवादों की सुनवाई की तथा अधिकांश शिकायतों का मौके पर ही समाधान करवाया। उन्होंने कहा



कि अधिकारी सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाकर जन समस्याओं का समाधान करें ताकि आमजन को बार-बार शिकायत लेकर न भटकना पड़े।बैठक में डॉ. राज सिंह द्वारा दी गई धोखाधड़ी संबंधी शिकायत पर राज्य मंत्री ने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि मामले की निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करने हेतु किसी अन्य पुलिस अधिकारी से जांच करवाई जाए। प्रार्थी पिंकी की शिकायत थी कि उसकी जमीन पर लगे बीएसएनएल टावर का एग्रीमेंट पूरा हो चुका है, इसलिए टावर को हटवाया जाए। इस पर राज्य मंत्री ने तुरंत निर्देश दिए कि केंद्र सरकार के नियमानुसार कार्रवाई कर बीएसएनएल टावर को हटाया जाए।
गांव रिढाऊ के निवासियों ने पीने के पानी की समस्या के समाधान हेतु ट्यूबवेल की मांग की, जिस पर अधिकारियों ने बताया कि इस संबंध में सरपंच के साथ योजना बन चुकी है और जल्द ही समाधान सुनिश्चित किया जाएगा।
नांगल कलां निवासी सुरेंद्र की मारपीट संबंधी शिकायत की निष्पक्ष जांच के लिए मंत्री ने संबंधित एसीपी को जांच सौंपने के निर्देश दिए।
गांव भुर्री निवासी सोहना देवी की आवास संबंधी शिकायत पर राज्य मंत्री ने उपायुक्त को निर्देश दिए कि नियमानुसार कार्रवाई करते हुए उनके लिए शीघ्र आवास निर्माण सुनिश्चित किया जाए।
भीमनगर, सोनीपत के निवासियों द्वारा गंदे पानी की निकासी की समस्या को लेकर दी गई शिकायत पर मंत्री ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि समस्या का स्थायी समाधान शीघ्र सुनिश्चित किया जाए ताकि लोगों को राहत मिल सके।
इस अवसर पर सोनीपत विधायक निखिल मदान, खरखौदा विधायक पवन कुमार, जिला परिषद चेयरपर्सन मोनिका दहिया, पुलिस आयुक्त ममता सिंह, उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार, नगर निगम आयुक्त हर्षित कुमार, भाजपा जिलाध्यक्ष श्री अशोक भारद्वाज, श्री बिजेंद्र मलिक सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# मेवात में आंधी-तूफान से 550 बिजली पोल एवं 66 ट्रांसफार्मर गिरे

**टीम एक्शन इंडिया**
**नूंह मेवात (लियाकत अली ):** बेमौसम बरसात के साथ आंधी - तूफान की वजह से जिले में बिजली विभाग को बड़ा नुकसान हुआ है। साथ ही आंधी तूफान की वजह से 550 बिजली पोल एवं 66 ट्रांसफार्मर के गिरने के बाद बिजली विभाग के अधिकारियों ने कही है। शुक्रवार को कांग्रेस विधायक आफताब अहमद के साथ पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस नूंह में हुई बिजली विभाग के अधिकारियों की बैठक में यह बात सामने आई है। विधायक आफताब अहमद ने कहा कि



पिछले करीब 20 दिन से मौसम में अचानक बदलाव आया है। जिसकी वजह से बिजली पोल व ट्रांसफार्मर गिरे हैं और लोगों को बिजली आपूर्ति नहीं हो पा रही है। इसी को देखते हुए शुक्रवार को अधिकारियों के साथ विस्तार से बातचीत हुई है। साथ ही उन्होंने कहा कि मेवली गांव में 33 केवीए का बिजली घर बनकर तैयार हुआ है। अगर मौसम ठीक रहा तो अगले एक सप्ताह में वह सुचारू रूप से काम करना शुरू कर देगा।

# मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को किया सम्मानित

**तीरथ राज/ टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने राजकीय प्रतिभा बाल विकास विद्यालय, राजपुर रोड़ में आयोजित एक कार्यक्रम में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की 10वीं और 12वीं कक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया। इस कार्यक्रम में दिल्ली के कैबिनेट मंत्री आशीष सूद सहित छात्र-छात्राएं, उनके अभिभावक, शिक्षकगण और शिक्षा विभाग के अधिकारी उपस्थित थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने 87 छात्रों को टेबलेट देकर सम्मानित किया जिनमे 16 छात्र 10वीं कक्षा और 71 छात्र




12 वीं कक्षा के है। इसके अतिरिक्त मुख्यंत्री ने दिल्ली के 20 सरकारी स्कूलों के प्रमुखों को कंप्यूटर देकर सम्मानित किया जिनके स्कूलों का 10वीं और 12वीं में 100 प्रतिशत परिणाम आया है। मुख्यमंत्री ने बच्चों को उनके उज्जवल भविष्य कि कामना करते हुए कहा कि आज आपकी मेहनत रंग लाई है।
विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि आप सभी ने कठिन परिश्रम, अनुशासन और समर्पण से यह मुकाम हासिल किया है। आज आप न केवल अपने माता-पिता और स्कूल का, बल्कि पूरे देश का गौरव बढ़ा रहे हैं। दिल्ली सरकार को अपने सभी छात्रों पर गर्व है।
उन्होंने आगे कहा कि यह सफलता केवल अंकों की जीत नहीं है, बल्कि यह छात्रों के कठिन परिश्रम, अपने लक्ष्य के प्रति दृढ़ता और जीवन के प्रति उनके सकारात्मक सोच का उदाहरण है।
उन्होंने छात्रों से यह भी कहा कि अगर आपकी इच्छा है, आपका विजन स्पष्ट है और मेहनत की लगन है, तो कोई भी मंज़िल दूर नहीं। मुख्यमंत्री ने अपने छात्र जीवन को याद करते हुए बताया कि वह स्वयं दिल्ली सरकार के अशोक विहार स्कूल से पढ़ी हैं मुख्यमंत्री ने शिक्षा मंत्री आशीष सूद और एसबीआई को धन्यवाद देते हुए बताया कि यह कार्यक्रम स्कूलों के परिणाम घोषित होने के तत्काल बाद आयोजित किया गया, ताकि छात्रों और अभिभावकों की खुशी को सम्मान मिल सके। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि उनकी सरकार शिक्षा के क्षेत्र में नीति-निर्माण को प्राथमिकता दे रही है।



केशव पुरम जोन के डिप्टी चेयरमैन पद पर भाजपा की ओर से नामांकन दाखिल करने के बाद जिला कार्यालय पर रवि अजय हंस को बधाई देते हुए पूर्व जिला अध्यक्ष रोशन कंसल, नितिन अग्रवाल, नरेश मलिक, अविनाश सिंह व अन्य गणमान्य लोग।

# मीसा बंदियों को पेंशन देने के एलान के बाद संघ ने सीएम का जताया आभार

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** जून 1975 में कांग्रेस की सरकार ने तानाशाही करते हुए लोकतंत्र सेनानियों को मीसाबंदी के तहत जेल में डाल दिया था, और लोकतंत्र की चौथा स्तम्भ कही जाने वाली मीडिया पर रोक लगाते हुए सेंसरशिप लगा दी थी। जिसको लेकर अब भाजपा कि दिल्ली सरकार ने उन सभी मीसा बंदियों को सम्मान देते हुए उनको पेंशन देने की घोषणा की है।
जिसके बाद लोकतंत्र प्रहरी संघ और लोकतंत्र सेनानी संघ ने भाजपा कि रेखा सरकार का आभार व्यक्त किया हैं।
आपको बतादें कि केंद्र शासित



प्रदेश दिल्ली की भारतीय जनता पार्टी की सरकार अब इमरजेंसी के समय जेल गए राजनीतिक बंदियों के लिए पेंशन शुरू करेगी इसके साथ ही बीजेपी सरकार आपातकाल के समय जेल गए राजन राजनीतिक बंदियों को सम्मानित करेगी और उन्हें पेंशन उपलब्ध कराएगी। इसके साथ ही लोकतंत्र प्रहरी संघ दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष हरीश असडी ने कहा कि 25 जून 1975 को कांग्रेस की सरकार ने केवल अपनी सता बचाने के लिए संविधान की हत्या करके देश में आपातकाल लगा कर तानाशाही स्थापित कर दी। डेढ़ लाख से अधिक लोगों को जेल में डाल दिया। न वकील न अपील न दलील मीसा जैसे कानून में नजरबंद कर जेलों में इनके साथ अमानुषिक अत्याचार किए गए, नागरिकों के मौलिक अधिकार समाप्त कर दिए, समाचारपत्रों पर सेंसरशिप लगा दी।

# 100 दिन में भाजपा की रेखा सरकार ने किए 10 महापापः यादव

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने 27 वर्ष के सूखे के बाद भाजपा के दिल्ली की सत्ता संभालने के 100 दिन होने पर दिल्ली कांग्रेस द्वारा सरकार के आकलन करते हुए कहा कि दिल्ली में विकास के कार्यो की बात तो दूर भाजपा सरकार ने इस दौरान 10 महापाप किए है जिसके लिए जनता कभी इन्हें माफ नहीं करेगी। संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए देवेन्द्र यादव ने कहा कि दिल्ली की जनता की उम्मीदों की अपेक्षा पर सरकार खरी नहीं उतरी, महिला सुरक्षा व सशक्तिकरण, सुरक्षा व्यवस्था, नशे पर काबू पाना, दिल्ली में




नालों की सफाई, प्रदूषण से निजात दिलाने में जहां फेल रही वहीं100 दिन में भाजपा की दिल्ली सरकार जुमला सरकार साबित हुई है। देवेन्द्र यादव ने कहा कि जिस हरी भरी और स्वस्थ दिल्ली को कांग्रेस की शीला दीक्षित सरकार छोड़कर गई थी उसको केजरीवाल ने पहले कार्यकाल में बीमार कर दिया और दूसरे कार्यकाल में आईसीयू में पहुचा दिया था और अब भाजपा की रेखा गुप्ता सरकार ने दिल्ली को मात्र 100 दिनों के कार्यकाल में वेंटिलेटर पर पहुंचा दिया है। संवाददाता सम्मेलन में प्रदेश अध्यक्ष देवेन्द्र यादव, पूर्व मंत्री हारुन यूसुफ, डा नरेन्द्र नाथ, राजेन्द्र पाल गौतम, कांग्रेस प्रवक्ता डा. रागिनी नायक, प्रदेश प्रवक्ता एडवोकेट सुनील कुमार, जिला प्रभारी डा पीके मिश्रा भी मौजूद थे। देवेन्द्र यादव ने भाजपा सरकार के 10 महापाप गिनाए जो इस प्रकार है। एक लाख करोड़ के बजट का झूठा ऐलान, दिल्ली को सुरक्षित करने की जगह दिल्ली भाजपा अध्यक्ष को जे-श्रेणी सुरक्षा दी गई, विधायकों का वेतन बढ़ाने के लिए कमेटी का गठन, डीटीसी की संपत्तियां बेचने की साजिश, बिजली खरीद में भारी घोटाला, प्रदूषण के आंकड़ों में हेराफेरी, दंगा आरोपी को कैबिनेट मंत्री बनाना, महिलाओं की मुफ्त यात्रा में छेड़छाड़, काम के नाम पर केवल नाम बदलने की राजनीति, गरीबों की रोजी रोटी छीनी और उनके आशियाने उजाड़े।

# महाराणा प्रताप की विशाल मूर्ति का हुआ अनावरण

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली के कश्मीरी गेट स्थित कुदेशिया पार्क की महाराणा प्रताप वाटिका में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती के अवसर पर महाराणा प्रताप की विशाल मूर्ति का अनावरण हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि रेखा गुप्ता मुख्यमंत्री दिल्ली सरकार के अलावा सरदार इकबाल सिंह महापौर एमसीडी दिल्ली, उपायुक्त एमसीडी, मेघराज सिंह रॉयल, महिपाल मकराना, सांसद आनंद मोहन, राजेंद्र नरूका, सूरजपाल अम्मू, राजकुमार भदोरिया, सत्यवान सिकरवार के साथ-साथ राष्ट्रवादी जनलोक पार्टी (सत्य) के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सत्यपाल सिंह सिसोदिया, सूरजभान सिसोदिया,



तेजराम सिसोदिया, उत्तर पश्चिमी लोकसभा प्रभारी सत्येंद्र सिसोदिया, सिसोदिया राजपूत समाज दिल्ली प्रदेश के अध्यक्ष जयप्रकाश सिसोदिया, महासचिव मोहित सिसोदिया, सुखबीर सिसोदिया, ऋषि सिसोदिया, ठाकुर राम सिंह, एवं राष्ट्रवादी जनलोक पार्टी सत्य के कर्मठ और जुझारू सिपाही ठाकुर आलोक सिंह ने अपने टीम के साथ वहां अपनी उपस्थिति दर्ज कर महाराणा प्रताप के अनावरण में बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया और वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती के कार्यक्रम में हजारों की संख्या में क्षत्रिय बंधुओ ने भाग लिया और कार्यक्रम को सफल बनाया।



वजीरपुर जेजे कॉलोनी के शिव शक्ति मंदिर में आयोजित रुद्राभिषेक कार्यक्रम के दौरान वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र की विधायक पूनम शर्मा भारद्वाज, श्याम सुन्दर, अजय जिंगाला, संजीव पाठक व अन्य गणमान्य लोग।

# प्लेटफॉर्म पर वॉकी-टॉकी सहित रेडियो उपकरणों की बिक्री पर रोक

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर वॉकी-टॉकी सहित रेडियो उपकरणों की अवैध लिस्टिंग और बिक्री पर रोक लगा दी है। केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने ई-कॉमर्स साइटों पर रेडियो उपकरणों की अवैध बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए मानदंड जारी किए हैं। सीसीपीए ने ऐसे उपकरणों की 16,970 लिस्टिंग की जांच के बाद ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म को नोटिस जारी किए है। मंत्रालय ने कहा कि गृह मंत्रालय और दूरसंचार विभाग के साथ अंतर-मंत्रालयी परामर्श के बाद इस दिशा-निर्देशों को अंतिम रूप दिया गया है।

# महशर फैजाबादी के सम्मान में काव्य गोष्ठी का हुआ आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** हास्य शायरी के सितारे महशर फैजाबादी के दिल्ली आगमन पर पुरानी दिल्ली में सिकंदर मिर्जा के दौलत कदा पुरानी दिल्ली फराश खाना पर बज्मं-ए-अलिफ जीम चराग-ए-लश्कर फाउंडेशन द्वारा एक विशेष काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रसिद्ध हास्य कवि मुहम्मद अली अल्वी ने की। कार्यक्रम का संचालन असलम जावेद ने किया। विशिष्ट अतिथि मुम्बई से आए हास्य कवि महशर फैजाबादी रहे और मुख्य अतिथि डॉ. अफरोज तालिब रहे।

# हिंदी पत्रकारिता दिवस पर दिल्ली की मुख्यमंत्री, सांसद और विधायक ने दी शुभकामनाएं

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, स्वास्थ्य मंत्री पकंज कुमार सिंह, सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी और विधायक सतीश उपाध्याय ने आज हिंदी पत्रकारिता दिवस पर सभी पत्रकारों को शुभकामनाएं दी।
मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने एक्स पर शुभकामनाएं देते हुए लिखा कि पत्रकारिता ने स्वतंत्रता संग्राम से लेकर आधुनिक भारत के निर्माण तक सदैव सत्य, साहस और जनहित की भावना को प्रबल किया है। मुख्यमंत्री ने समाज में जागरूकता और सकारात्मक परिवर्तन लाने वाले सभी पत्रकार साथियों का अभिनंदन किया। इसके अलावा दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री पंकज कुमार सिंह ने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि स्वतंत्रता संग्राम से लेकर नवभारत के निर्माण तक हिंदी पत्रकारिता ने सदैव सत्य, साहस और जनहित के मार्ग को आलोकित किया है।
निष्पक्ष एवं जनकल्याणकारी पत्रकारिता के माध्यम से समाज को दिशा देने वाले सभी पत्रकार बंधुओं का अभिनंदन है।
भाजपा सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी ने शुभकामनाएं देते हुए एक्स पर लिखा कि गरीब, वंचित, कमजोर वर्ग के कल्याण के साथ लोकतंत्र की सुदृढ़ता और देश की प्रगति के लिए समर्पित हिंदी पत्रकारिता ने ऐसे अनमोल रत्न प्रदान किए हैं, जिन्होंने पत्रकारिता जगत के साथ हिंदी साहित्य को भी समृद्ध किया। पत्रकारिता जगत के सभी बंधु अपने कर्तव्य निर्वहन से नए प्रतिमान स्थापित करें।
भाजपा विधायक सतीश उपाध्याय ने शुभकामनाएं देते हुए एक्स पर लिखा कि आज का दिन उन सभी निर्भीक और निष्ठावान पत्रकारों को समर्पित है, जिन्होंने सत्य, जनहित और लोकतंत्र के प्रहरी बनकर समाज को दिशा देने का कार्य किया है। उन्होंने बताया कि 30 मई 1826 को पंडित जुगल किशोर शुक्ल द्वारा निकाले गए पहले हिंदी समाचार पत्र 'उदन्त मार्तण्ड' की स्मृति में यह दिवस मनाया जाता है, जो हिंदी पत्रकारिता की नींव है।
पत्रकारिता लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है और हिंदी पत्रकारों ने सदैव जनसरोकारों को प्राथमिकता दी है।

# पौधारोपण है जरूरी, इसलिए सभी करें पौधारोपणः बैनिवाल

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** पेड़-पौधों का हमारे जीवन में विशेष महत्व है, इसलिए सभी को पौधारोपण करना चाहिए और अधिक से अधिक पौधे लगाने चाहिए। पौधारोपण से जहां एक ओर क्षेत्र का वातावरण साफ और स्वच्छ नजर आता है, वहीं इससे क्षेत्र में सुन्दरता भी बनी रहती है, इसलिए अधिक से अधिक पौधे अवश्य ही लगाये।
उन्होंने आगे बताया कि पेड-पौधों से जहां एक ओर हमें ऑक्सीजन प्राप्त होती है, वहीं इनसे हमें कई प्रकार की औषधियां, फल व फूल भी प्राप्त होते है, इसलिए अधिक से अधिक पौधे लगाये और दूसरों को भी पौधे लगाने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने आगे बताया कि सभी को अपने जन्मदिन, सालगिरह व अन्य तीज-त्यौहारों पर एक पौधा अवश्य ही लगाना चाहिए और उस पौधे की रक्षा परिवार की तरह करें।



# सिंदूर जैसे पवित्र हिंदू प्रतीक का मजाक उड़ाना बंद करें भाजपाः नरेंद्र सोनी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र में रहने वाले व दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता नरेंद्र सोनी ने कहा कि भाजपा उस फटे हुए ढोल की भांति है जो बजता कम है और शोर ज्यादा मचाता है। गत दिनों हुए भारत-पाकिस्तान के बीच चल रहे तनाव के दौरान भारतीयों सैनिकों ने अपनी जान को जोखिम में डालकर शौर्य और अदम्य साहस दिखाया था और भाजपा उसका श्रेय खुद बटोरने में लगी हुई है। इसके साथ ही सोनी ने कहा कि कांग्रेस की सरकार भी देश में लगभग 70 साल तक रही लेकिन कांग्रेस ने कभी भी भारतीय सैनिकों को लेकर ओच्छी



राजनीति नहीं की।
इसके साथ ही सोनी ने कहा कि सिंदूर हिंदू महिलाओं के लिए गहरे आध्यात्मिक महत्व का प्रतीक है, जिसका भाजपा द्वारा मजाक बनाकर रख दिया है। साथ ही उन्होंने भारतीय जनता पार्टी पर सिंदूर जैसे पवित्र हिंदू प्रतीक को राजनीति में इस्तेमाल करने का गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के तहत देशभर में भाजपा द्वारा सिंदूर बांटने की योजना जिसका मकसद चुनावी लाभ और सांप्रदायिक ध्रुवीकरण है। सोनी ने भाजपा पर तंज कसते हुए कहा कि सिंदूर देने का हक सिर्फ पति को होता है या फिर सिंदूर शक्ति पीठ से किसी मंदिर से मिलता है तो आपका भेजा गया ये सिंदूर सनातनी ब्याहताओं के क्या काम आएगा। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार और प्रधानमंत्री चुनावी लाभ लेने का कोई और तरीका ढूंढें।

# हथियार तस्करी के मामले में पांच आरोपित गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने अवैध हथियारों की तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए जंगपुरा स्थित एक होटल से पांच आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार सभी आरोपित मध्यप्रदेश के रहने वाले हैं। पुलिस ने इनके कब्जे से दो देसी पिस्तौल, 14 जिंदा कारतूस, 35,000 नकद, 8 मोबाइल फोन, एक लैपटॉप और एक टैबलेट बरामद किया है।
क्राइम ब्रांच के डीसीपी विक्रम सिंह ने शुक्रवार को बताया कि क्राइम ब्रांच की टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि मध्यप्रदेश से एक गिरोह हथियारों की तस्करी के इरादे से जंगपुरा के एक होटल में ठहरा हुआ है। सूचना को पुख्ता कर पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों की देखरेख में दो टीम का गठन किया। टीम ने होटल में पहुंचकर संदिग्ध कमरे की पहचान की और कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने दरवाजा खुलवाया और पांचों आरोपितों को दबोच लिया। डीसीपी के अनुसार आरोपितों में मुख्य आरोपित आकाश यादव पहले भी लखनऊ के मड़ियांव थाना क्षेत्र में डकैती व धमकी के मामले में गिरफ्तार हो चुका है। अन्य आरोपितों में सचिन गुप्ता (मुरैना), कृष्णा राय (ग्वालियर), शुभजीत गोस्वामी (कोलकाता) और प्रखर श्रीवास्तव (डबरा, ग्वालियर) के रूप में हुई है। फिलहाल पुलिस आरोपितों से पूछताछ कर रही है।



भारतीय जनता पार्टी की वरिष्ठ नेता संगीता मोंगा को मिलकर उन्हें जन्मदिन की बधाई देते हुए निगम पार्षद सुशील जोंटी व अन्य।

# पंजाब किंग्स को हराकर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु पहुंचा चौथी बार सीधे फाइनल में

**मुल्लांपुर।** आईपीएल 2025 के पहले क्वालिफायर में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने पंजाब किंग्स को हराकर सीधे फाइनल का टिकट कटाया। टीम 2011, 2015 और 2016 के बाद चौथी बार फाइनल में पहुंची है। हालांकि आरसीबी को अब भी अपने पहले खिताब का इंतजार है और विराट कोहली इस साल आईपीएल ट्रॉफी के सूखे को खत्म कर सकते हैं। पंजाब के खिलाफ आरसीबी की टीम ने कई रिकॉर्ड्स भी बनाए। सबसे तेज चेज से लेकर फिल सॉल्ट के सबसे तेज फिफ्टी तक, आइए जानते हैं, इस मैच में बेंगलुरु की टीम ने कौन-कौन से रिकॉर्ड्स बनाए...

**इस सीजन पावरप्ले में सबसे ज्यादा विकेट**

आईपीएल 2025 में बेंगलुरु की टीम ने पावरप्ले यानी शुरूआती छह ओवर में सबसे ज्यादा विकेट चटकाए हैं। आरसीबी ने इस सत्र में कुल मिलाकर पावरप्ले में 26 विकेट चटकाए हैं। इनमें से चार विकेट गुरुवार को पंजाब के खिलाफ आए। आरसीबी के बाद इस लिस्ट में मुंबई की टीम है, जिसने इस सीजन में शुरूआती छह ओवर में 23 विकेट चटकाए हैं।

**भुवी 200 विकेट से चार शिकार दूर**

पंजाब के खिलाफ मैच में भुवनेश्वर कुमार ने दो ओवर में 17 रन देकर एक विकेट लिया। वह आईपीएल इतिहास के दूसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले खिलाड़ी हैं। वहीं, तेज गेंदबाजों में भुवी सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले खिलाड़ी हैं। उनके नाम 196 विकेट हैं। भुवनेश्वर से आगे सिर्फ स्पिनर युजवेंद्र चहल हैं, जिन्होंने 219 विकेट लिए हैं। तीसरे नंबर 192 विकेट के साथ सुनील नरेन हैं।



## डिविलियर्स की भविष्यवाणी, फाइनल में बड़ी भूमिका निभाएंगे कोहली, करेंगे फिर से बड़ा धमाल

**मुल्लांपुर।** आईपीएल 2025 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के फाइनल में पहुंचने से एबी डिविलियर्स बेहद खुश हैं। उन्होंने विराट कोहली और इस टीम की जमकर तारीफ की है। आरसीबी ने गुरुवार को पंजाब किंग्स को क्वालिफायर एक में हराकर फाइनल में जगह बनाई थी। दक्षिण अफ्रीका के महान बल्लेबाज डिविलियर्स का मानना है कि टीम मैन कोहली फाइनल में बड़ी भूमिका निभाते हुए आरसीबी को दुनिया की सबसे बड़ी टी20 लीग में अपना पहला खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाएंगे। मौजूदा सत्र में टीम के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों में शामिल कोहली इस एकतरफा मैच में बल्ले से महज 12 रन का योगदान ही दे सके। आरसीबी के उनके पूर्व साथी डिविलियर्स को हालांकि भरोसा है कि यह भारतीय सुपरस्टार तीन जून को अहमदाबाद में होने वाले खिताबी मुकाबले में धमाल मचाएगा। डिविलियर्स ने कहा, 'इस मैच से पहले जब वह बस से उतरे थे तब मैंने उन्हें स्क्रीन पर देखा था। उस समय उनका बॉडी लैंग्वेज सकारात्मक दिख रहा था। यह कुछ ऐसा है जिसके हम आदी हो गए हैं। वह इस मैच में रन नहीं बना पाए, लेकिन फिर भी हमने उन्हें अंत तक बल्लेबाजों के साथ जश्न मनाते हुए देखा।' उन्होंने कहा, 'वह पूरी तरह से टीम के लिए समर्पित खिलाड़ी है। उनके खेल में एकाग्रता दिख रही थी। जाहिर है काम अभी पूरा नहीं हुआ है और मैं उसे खेलते हुए देखने के लिए बहुत उत्साहित हूं। मेरे मन में कोई संदेह नहीं है कि वह फाइनल में दमदार प्रदर्शन करेगा।' आरसीबी 2008 में आठ फ्रेंचाइजी के साथ आईपीएल की शुरूआत से इसमें खेलने वाली टीमों में से एक है। यह टीम अतीत में तीन मौकों पर फाइनल में पहुंचने के बावजूद कभी खिताब नहीं जीत पाई। डिविलियर्स ने कहा, 'मुझे लगता है कि इस टीम के पास 2011 खिताब जीतने का एक बहुत अच्छा मौका था। हर कोई 2016 सत्र के बारे में बात करता है।

**पंजाब को दूसरे सबसे कम प्लेऑफ स्कोर पर रोका**

आरसीबी की टीम ने पंजाब को 14.1 ओवर में 101 रन पर समेट दिया। यह आईपीएल प्लेऑफ के इतिहास का दूसरे सबसे कम स्कोर है। इससे पहले 2008 में दिल्ली की टीम राजस्थान के खिलाफ अंतिम चार के मुकाबले में 87 रन पर सिमट गई थी। हालांकि, तब प्लेऑफ नहीं, सेमीफाइनल खेला जाता था। प्लेऑफ की शुरूआत 2011 से हुई थी और उस हिसाब से यह प्लेऑफ का सबसे छोटा स्कोर है।

**कुंबले-वॉटसन के क्लब में शामिल हुए सुयश**

आरसीबी के लिए लेग स्पिनर सुयश शर्मा ने 17 रन देकर तीन विकेट झटके। उन्होंने मार्कस स्टोइनिस, शशांक सिंह और मुशीर खान को आउट किया। 17 रन देकर तीन विकेट प्लेऑफ या अंतिम चार के मैच में आरसीबी के लिए तीसरा सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी आंकड़ा है। इससे पहले 2009 में फाइनल में डेक्कन चार्जर्स के खिलाफ आरसीबी के पूर्व स्पिनर अनिल कुंबले ने 16 रन देकर चार विकेट झटके थे। वहीं, 2016 के क्वालिफायर-1 में गुजरात लायंस के खिलाफ आरसीबी के शेन वॉटसन ने 29 रन देकर चार विकेट झटके थे। सुयश इसके बाद लिस्ट में हैं। सुयश के अलावा यश दयाल को दो विकेट और हेजलवुड को तीन विकेट मिले। रोमारियो शेफर्ड ने एक विकेट लिया।

**पंजाब सबसे कम ओवर खेल सकी (सभी 10 विकेट गंवाए)**

आईपीएल प्लेऑफ या अंतिम चार के मुकाबले में सबसे कम ओवर बल्लेबाजी करने का रिकॉर्ड अब पंजाब की टीम के नाम है। उसने मात्र 14.1 ओवर बल्लेबाजी की और ऑलआउट हो गई। इससे पहले 2008 में सेमीफाइनल में राजस्थान की टीम के खिलाफ दिल्ली 16.1 ओवर बल्लेबाजी कर सकी थी।

# पटना में युवा क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी और परिवार से मिले प्रधानमंत्री मोदी

**पटना।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को पटना एयरपोर्ट पर भारत के युवा क्रिकेटिंग सितारे वैभव सूर्यवंशी और उनके परिवार से मुलाकात की। इस विशेष भेंट के दौरान प्रधानमंत्री ने वैभव को आशीर्वाद दिया और उनके उज्ज्वल क्रिकेट भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। संक्षिप्त बातचीत में प्रधानमंत्री मोदी ने वैभव की क्रिकेट प्रतिभा की सराहना की और कहा कि देशभर में उनके खेल की खूब तारीफ हो रही है। प्रधानमंत्री ने ट्वीट कर लिखा, "पटना एयरपोर्ट पर भारत के युवा क्रिकेट सितारे वैभव सूर्यवंशी और उनके परिवार से मुलाकात हुई। उनकी क्रिकेट प्रतिभा को पूरे देश में सराहा जा रहा है! उन्हें भविष्य के प्रयासों के लिए मेरी शुभकामनाएं।"



**बीसीए अध्यक्ष की पहल से हुई खास मुलाकात:** इस मुलाकात को संभव बनाने का श्रेय बिहार क्रिकेट संघ (बीसीए) के अध्यक्ष राकेश तिवारी को जाता है। उन्होंने राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) और बीसीसीआई से विशेष अनुमति लेकर वैभव को गुरुवार को पटना बुलाया और प्रधानमंत्री से भेंट करवाई। बीसीए अध्यक्ष ने कहा कि यह सिर्फ वैभव के लिए नहीं, बल्कि पूरे बिहार क्रिकेट के लिए एक उपलब्धि है। इससे साबित होता है कि बिहार में प्रतिभा की कमी नहीं है, बस जरूरत है सही मंच व मार्गदर्शन की। वे आईपीएल में भी धमाल मचा चुके हैं।

## सिंगापुर ओपन 2025: सात्विक-चिराग सेमीफाइनल में पहुंचे

**नई दिल्ली।** भारतीय पुरुष डबल्स जोड़ी सात्विकसैराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने शुक्रवार को सिंगापुर इंडोर स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में जीत दर्ज कर सिंगापुर ओपन 2025 के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। उन्होंने मलेशिया की जोड़ी गोह से फेई और नूर इज्जुद्दीन को सीधे गेमों में 21-17, 21-15 से हराया। यह मुकाबला 39 मिनट तक चला। इस सीजन बीडब्ल्यूएफ टूर पर भारतीय जोड़ी इंडिया ओपन और मलेशिया ओपन के सेमीफाइनल में हार चुकी है। खास बात यह है कि इंडिया ओपन में सात्विक-चिराग को हराने वाली जोड़ी भी गोह और इज्जुद्दीन ही थी, जिनसे इस बार उन्होंने बदला लिया।

## सात्विक-चिराग ने विश्व की नंबर एक जोड़ी को हराया, सिंगापुर ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचे



**सिंगापुर :** भारत की शीर्ष पुरुष युगल जोड़ी सात्विकसाईराज रेंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए विश्व की नंबर एक मलयेशियाई जोड़ी गोह जि फेई और नूर इजुद्दीन को हराकर सिंगापुर ओपन बैडमिंटन टूनार्मेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। सात्विक-चिराग की जोड़ी इस सीजन अपने पहले खिताब की तलाश में उतरी है। सात्विक-चिराग की जोड़ी मार्च में ऑल इंग्लैंड बैडमिंटन में खेलने के बाद से पहली बार किसी टूनार्मेंट में हिस्सा ले रही है।

**इस सीजन के तीसरे सेमीफाइनल में पहुंचे**

सात्विक-चिराग ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 39 मिनट तक चले क्वार्टर फाइनल मुकाबले में मलयेशियाई जोड़ी को 21-17, 21-15 से हराया। यह इस भारतीय जोड़ी का इस सीजन तीसरा सेमीफाइनल है। इससे पहले सात्विक-चिराग की जोड़ी मलयेशिया और इंडिया ओपन के सेमीफाइनल में भी पहुंचने में सफल रही थी। मालूम हो कि सात्विक-चिराग की जोड़ी का सफर ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप में चिराग की चोट के कारण समाप्त हो गया था। उस वक्त इस जोड़ी को दूसरे दौर में हटना पड़ा था।

**अब चिया-यिक की जोड़ी से होगा सामना**

सात्विक-चिराग की जोड़ी का सामना अब तीसरी वरीयता प्राप्त मलयेशिया की आरोन चिया और सोह वूई यिक से होगा। चिराग ने कहा, हां यह काफी बड़ी जीत है क्योंकि फिलहाल हम 27वें नबर पर हैं। पिछले साल जब हम सिंगापुर में खेले थे तो हम विश्व रैंकिंग में शीर्ष पर थे। इसलिए यह अच्छा अहसास है कि हमने गोह-इजुद्दीन को हराया। हम इंडिया ओपन के सेमीफाइनल में मलयेशिया की इस जोड़ी से हार गए थे, इसलिए हमारे लिए यह महत्वपूर्ण जीत है। सात्विक ने कहा कि पिछले कुछ दिनों से हम जैसा खेल रहे हैं उससे काफी खुश हूं और अब अगले मुकाबले के लिए उत्सुक हूं।

## न्यूजीलैंड के पूर्व कोच डेविड ट्रिस्ट का 77 वर्ष की उम्र में निधन, 14 साल तक खेले घरेलू क्रिकेट

**नई दिल्ली।** न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के पूर्व कोच डेविड ट्रिस्ट का गुरुवार को 77 वर्ष की आयु में निधन हो गया। न्यूजीलैंड क्रिकेट बोर्ड ने शुक्रवार को सोशल मीडिया के जरिए उक्त जानकारी दी। ट्रिस्ट ने न्यूजीलैंड को साल 2000 में आईसीसी नॉकआउट ट्रॉफी (अब चैंपियंस ट्रॉफी) जिताने में अहम भूमिका निभाई थी। यह न्यूजीलैंड पुरुष टीम का पहला वैश्विक खिताब था।



**14 साल तक खेले घरेलू क्रिकेट, फिर बने सफल कोच:** डेविड ट्रिस्ट ने अपने करियर में 14 वर्षों तक कैंटरबरी के लिए तेज गेंदबाज के रूप में क्रिकेट खेला। इसके बाद उन्होंने कोचिंग की दुनिया में कदम रखा। उन्होंने कैंटरबरी के अलावा दक्षिण अफ्रीका, हांगकांग और नीदरलैंड्स की टीमों के साथ भी काम किया। साल 1999 में उन्होंने स्टीव रिक्सन की जगह न्यूजीलैंड की राष्ट्रीय टीम के कोच का पद संभाला।

**2000 में भारत को हराकर दिलाई खिताबी जीत:** डेविड ट्रिस्ट के कार्यकाल में न्यूजीलैंड ने नैरोबी में खेले गए फाइनल में भारत को चार विकेट से हराकर खिताब अपने नाम किया था। इस मुकाबले में क्रिस केयर्न्स ने नाबाद शतक जड़ा था और टीम को ऐतिहासिक जीत दिलाई थी। ट्रिस्ट का कार्यकाल भले ही केवल दो साल का रहा, लेकिन उन्होंने टीम को पहली बार वैश्विक स्तर पर विजयी बनाया।

**कोचिंग के बाद भी जुड़े रहे क्रिकेट से:** न्यूजीलैंड टीम से विदा लेने के बाद ट्रिस्ट क्राइस्टचर्च के ओल्ड कोलेजियंस क्रिकेट क्लब के कोचिंग डायरेक्टर बने। इसके अलावा उन्होंने भारत और इंग्लैंड में भी कोचिंग के क्षेत्र में काम किया।

**न्यूजीलैंड क्रिकेट ने दी श्रद्धांजलि:** न्यूजीलैंड क्रिकेट ने सोशल मीडिया पर एक बयान जारी करते हुए कहा, "न्यूजीलैंड क्रिकेट को यह पुष्टि करते हुए गहरा दुख हो रहा है कि पूर्व ब्लैककैप्स कोच डेविड ट्रिस्ट का क्राइस्टचर्च में निधन हो गया है। वह 77 वर्ष के थे। न्यूजीलैंड क्रिकेट, डेविड के परिवार और मित्रों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता है।"

## इंटरकॉन्टिनेंटल लीजेंड्स चैंपियनशिप में अफ्रीकन लायंस ने जीता अपना पहला मुकाबला



**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के शहीद विजय सिंह पथिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में चल रहे इंटरकॉन्टिनेंटल लीजेंड लीग में गुरुवार रात अफ्रीकन लायंस ने एशियन किंग्स को 6 विकेट से हराकर आसान जीत दर्ज दी। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी एशियन किंग्स को तीसरे ही ओवर में सलामी बल्लेबाज परवेज अजीज (8) के रूप में पहला झटका लगा। हालांकि एक छोर पूर्व श्रीलंकाई बल्लेबाज और लायंस के कप्तान तिलकरत्ने दिलशान ने संभाले रखा, पर दूसरी तरफ से लगातार विकेट गिरते रहे। उमंग शर्मा (31) ने उनका साथ निभाने की कोशिश जरूर करी, लेकिन दबाव के चलते छठे ओवर में दिलशान को भी 26 रन के निजी स्कोर पर पवेलियन लौटना पड़ा। जिसके बाद पूरी टीम धराशाई हो गई।

अंत में इम्तियाज ने बहुमूल्य 35 रन बनाकर टीम को 138 रनों के सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। पूर्व अफ्रीकाई दिग्गज हर्षेल गिब्स की कप्तानी में लक्ष्य का पीछा करने उतरी अफ्रीकन लायंस के सलामी बल्लेबाज राहुल यादव ने 54 रनों की ताबड़तोड़ पारी खेलते हुए मैच को शुरूआत में ही एकतरफा कर दिया। जिसके बाद शेखर सिरोही (22), शिवम शर्मा (21) और अंत में अली मुर्तजा ने 5 गेंद में 18 रन बनाकर टीम को 16.4 ओवर में 6 विकेट से आसान सी जीत दिला दी। 4 ओवर में 27 रन देकर 3 विकेट लेने के लिए क्रिस मोफू को मैन ऑफ द मैच के पुरस्कार से नवाजा गया।

## नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में गुकेश ने कारुआना के खिलाफ रोमांचक मैच जीता, कार्लसन ने एरिगैसी को हराया

**स्टावेंगर (नॉर्वे)।** मौजूदा विश्व चैंपियन भारत के डी गुकेश ने नॉर्वे शतरंज के ओपन वर्ग में अमेरिका के ग्रैंड मास्टर फैबियानो कारुआना के खिलाफ रोमांचक आमार्गेडन टाई-ब्रेक में जीत हासिल की लेकिन अर्जुन एरिगैसी को मैग्नस कार्लसन के कौशल के आगे हार का सामना करना पड़ा। कारुआना के खिलाफ मजबूत स्थिति में दिखे गुकेश विश्व के तीसरे नंबर के खिलाड़ी कारुआना गुरुवार को अपना 19वां जन्मदिन मनाने वाले भारतीय खिलाड़ी के खिलाफ चौथे दौर में मजबूत स्थिति में थे।



वह हालांकि गुकेश के शानदार रक्षात्मक कौशल के सामने चार घंटे से अधिक समय तक चले रोमांचक मुकाबले को भुनाने में नाकाम रहे। मुकाबले का परिणाम हासिल करने को 'आमार्गेडन' टाई-ब्रेक का इस्तेमाल किया गया।

**कार्लसन छह खिलाड़ियों में शीर्ष पर:** सबसे कम उम्र के विश्व चैंपियन गुकेश और एरिगैसी दोनों अब छह खिलाड़ियों के बीच 4.5 अंकों के साथ संयुक्त चौथे स्थान पर हैं। कार्लसन आठ अंकों के साथ शीर्ष पर है। उनके बाद कारुआना (सात अंक) और अमेरिका के ही हिकारू नाकामुरा (5.5 अंक) हैं। गुकेश सफेद मोहरों से खेल रहे थे और उन्हें आमार्गेडन में तीन मिनट का बड़ा फायदा मिला था। इसमें सफेद मोहरों को 10 मिनट और काले मोहरों को सात मिनट मिलते हैं। गुकेश ने 1.5 अंक हासिल किए। महज 15 मिनट के अंदर भारतीय खिलाड़ी ने कारुआना को मात दी।

## फाइनल में पहुंचने पर पाटीदार ने कहा, हमने अच्छी गेंदबाजी की

**मुल्लांपुर।** रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) ने गुरुवार को पंजाब किंग्स को आठ विकेट से हराकर आईपीएल 2025 के फाइनल में जगह बना ली है। यह चौथा मौका है जब बैंगलोर की टीम फाइनल में पहुंची है। इस जीत के बाद कप्तान रजत पाटीदार ने प्रशंसकों का आभार जताते हुए कहा कि टीम जहां खेलती है, ऐसा लगता है जैसे अपने होम ग्राउंड पर हों। कृपया ऐसे ही समर्थन करते रहिए। मैच के बाद कप्तान रजत पाटीदार ने गेंदबाजों की तारीफ करते हुए कहा,"हम अपनी योजनाओं को लेकर स्पष्ट थे, खासकर गेंदबाजी में। तेज गेंदबाजों ने पिच का अच्छे से इस्तेमाल किया। सुयश ने भी बहुत अच्छी लाइन-लेंथ में गेंदबाजी की। मैं उसके रोल को लेकर हमेशा स्पष्ट रहता हूं। उसे सिर्फ स्टंप्स पर निशाना लगाना होता है। उसकी गूगली पढ़ना बल्लेबाजों के लिए आसान नहीं होता। मैं उसे ज्यादा निर्देश नहीं देता, ताकि वह कंफ्यूज न हो। पाटीदार ने आगे कहा कि फिल सॉल्ट जिस अंदाज में शुरूआत देते हैं, वह देखने लायक होता है। मैं उनका बहुत बड़ा फैन हूं। आरसीबी फैंस का शुक्रगुजार हूं, ऐसा लगता है जैसे अपने होम ग्राउंड पर खेल रहे हों।

## पदक के बजाय समय पर ध्यान देना महत्वपूर्ण था: ज्योति

**गुमी (दक्षिण कोरिया)।** भारत की फर्राटा धाविका ज्योति याराजी ने स्वीकार किया कि वह 100 मीटर बाधा दौड़ में अपना खिताब बचाने के लिए तनाव में थीं, लेकिन पदक के बजाय समय पर ध्यान देने से उन्हें शांत रहने में मदद मिली। उन्होंने गुरुवार को एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में लगातार दूसरा स्वर्ण पदक जीता। आंध्र प्रदेश की इस 25 वर्षीय खिलाड़ी ने 12.96 सेकंड का समय निकाला जो प्रतियोगिता का नया रिकॉर्ड है। पिछला रिकॉर्ड 13.04 सेकंड का था, जिसे 1998 में कजाकिस्तान की ओल्गा शिशिगिना और 2011 में चीन की सन यावेई ने बनाया था।




एशियाई खेलों की रजत पदक विजेता ज्योति एशियाई चैंपियनशिप की 100 मीटर बाधा दौड़ में स्वर्ण पदक का बचाव करने वाली पांच एथलीटों के चुनिंदा क्लब में शामिल हो गईं। उनसे पहले यह उपलब्धि जापान की एमी अकीमोटो (1979, 1981, 1983) तथा चीन की तीन खिलाड़ियों झांग यू (1991, 1993), सु यिनपिंग (2003, 2005) और सुन यावेई (2009, 2011) ने हासिल की थी। ज्योति ने बाद में कहा, 'निश्चित तौर पर मेरा लक्ष्य स्वर्ण पदक जीतना था, लेकिन मैंने टाइमिंग पर ध्यान केंद्रित किया क्योंकि जब आप पदक पर बहुत अधिक ध्यान केंद्रित करते हैं, तो आप दबाव महसूस करते हैं। इसलिए मैंने समय के बारे में सोचते हुए इसे सकारात्मक पक्ष में बदल दिया और यह वास्तव में काम आया।' ज्योति ने 2023 में एशियाई चैंपियनशिप में 13.09 सेकंड के प्रयास के साथ स्वर्ण पदक जीता।

**बाधा दौड़**

ज्योति ने 2023 में एशियाई चैंपियनशिप में 13.09 सेकंड के प्रयास के साथ स्वर्ण पदक जीता था।

## सर्बिया के नोवाक जोकोविच को मेडिकल टाइम आउट के सहारे मिली जीत

**पेरिस।** फ्रेंच ओपन में फैंस को उस वक्त झटका लगा जब सर्बिया के दिग्गज खिलाड़ी नोवाक जोकोविच को मेडिकल टाइम आउट के सहारे जीत मिली। जोकोविच अनफिट दिख रहे थे और उन्हें कुछ देर के लिए मैच रोक कर इलाज कराना पड़ा। इसके बाद वह फिट होकर फिर खेलने उतरे। इसने फैंस को चौंका दिया क्योंकि जोकोविच इस साल फ्रेंच ओपन खिताब जीतने के सबसे बड़े दावेदार हैं। वह 25वां ग्रैंडस्लैम जीतकर इतिहास रचने उतरे हैं।

**जोकोविच के बाएं पैर के अंगूठे में हुई परेशानी:** जोकोविच को दूसरे दौर के मुकाबले में कोरेंटिन मोउटेट के खिलाफ तीसरे सेट में अपने बाएं पैर के अंगूठे में छाले के कारण मेडिकल टाइम आउट लेना पड़ा। हालांकि, उन्होंने तीसरे सेट के टाईब्रेकर में दमदार खेल से इस मुकाबले को चौथे सेट तक नहीं जाने दिया। विश्व रैंकिंग के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी जोकोविच ने स्थानीय खिलाड़ी मोउटेट के खिलाफ सीधे सेटों में 6-3, 6-2, 7-6 से जीत हासिल की।

**उपचार में लगा एक घंटे का समय:** जोकोविच ने कहा कि मैच के बाद के उपचार में उन्हें लगभग एक घंटा लग गया और इस दौरान उनके पैर के अंगूठे से खून भी निकलने लगा था। उन्होंने कहा कि उनका अगला मुकाबला शनिवार को है और ऐसे में उनके पास इससे उबरने का बहुत समय है। इस परिणाम ने जोकोविच को रिकॉर्ड 20वीं बार रोलां-गैरो में तीसरे दौर में पहुंचा दिया। फ्रेंच ओपन के सबसे सफल खिलाड़ी राफेल नडाल भी ऐसा करने में सफल नहीं हुए। वह दो और जीत के साथ लगातार 16वें साल टूनार्मेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंच जाएंगे।



**2024 में भी चोटिल हुए थे जोकोविच:** जोकोविच ने 2024 में चौथे दौर के दौरान अपने दाहिने घुटने के चोटिल होने के बाद अंतिम आठ के मुकाबले में खेलने से पहले ही नाम वापस ले लिया था। रिकॉर्ड 24 ग्रैंड स्लैम जीतने वाले जोकोविच ने पेरिस में तीन खिताब जीते हैं। उन्हें बाएं हाथ के मोउटेट के खिलाफ शुरूआती दो सेट में कोई परेशानी नहीं हुई। मोउटेट स्थानीय दर्शकों के हौसलाअफजाई से तीसरे सेट में शानदार वापसी की। इस सेट में जब स्कोर 2-2 से बराबर था तब जोकोविच को पैर में परेशानी शुरू हुई।

**फ्रेंच ओपन**

जोकोविच अनफिट दिख रहे थे और उन्हें कुछ देर के लिए मैच रोक कर इलाज कराना पड़ा।

**टाईब्रेकर में जोकोविच ने नहीं दिया कोई मौका:** मोउटेट ने जोकोविच पर दबाव कायम करते हुए 4-2 की बढ़त हासिल कर ली। जोकोविच में दर्द के बीच कुछ वापसी की लेकिन मोउटेट के पास 6-5 की बढ़त के साथ सेट प्वाइंट हासिल करने का मौका था। मोउटेट अपने बैकहैंड से गेंद को नेट पर खेल गये और टाईब्रेकर में जोकोविच ने मुकाबला अपने नाम कर लिया।

**पुरुष एकल के अन्य नतीजे:** पुरुष एकल के अन्य नतीजों में पांचवीं वरीयता प्राप्त ड्रेपर और तीसरी वरीयता प्राप्त एलेक्जेंडर ज्वेरेव ने भी जीत हासिल की। ड्रेपर ने मोनफिल्स को 6-3, 4-6, 6-3, 7-5 से हराया।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group



फास्ट न्यूज

## कक्षा 5वीं बोर्ड परीक्षा का रिजल्ट जारी

**टीम एक्शन इंडिया**

**भीलवाड़ा:** राजस्थान बोर्ड की कक्षा 5वीं का परीक्षा परिणाम शुक्रवार दोपहर 12:30 बजे जारी कर दिया गया। प्रदेश के शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने भीलवाड़ा जिले के जहाजपुर से वर्चुअल माध्यम से परिणाम की जारी किया। इस वर्ष कुल 13 लाख 30 हजार 190 छात्र-छात्राएं परीक्षा में शामिल हुए, जिनमें से 12 लाख 96 हजार 495 विद्यार्थी उत्तीर्ण घोषित किए गए। कुल परीक्षा परिणाम 97.47: रहा, जो गत वर्ष की तुलना में 0.41: अधिक है। परिणाम जारी करने के दौरान जयपुर स्थित शिक्षा संकुल में शिक्षा सचिव कृष्ण कुणाल, राज्य परियोजना निदेशक एवं आयुक्त अनुपमा जोरवाल, प्रारंभिक शिक्षा निदेशक सीताराम जाट सहित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे। वहीं जहाजपुर से सांसद दामोदर अग्रवाल व विधायक गोपीचंद मीणा भी ऑनलाइन माध्यम से जुड़े। प्रदेश भर में कक्षा 5 की परीक्षा के लिए 18596 परीक्षा केंद्र निर्धारित किए गए थे इन पर 1330190 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए जिनमें से 12 लाख 96495 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए कुल परीक्षा परिणाम 97.47 प्रतिशत रहा जिसमें गत वर्ष की तुलना में लगभग 0.41 प्रतिशत की वृद्धि उपलब्ध रही है कुल परीक्षा परिणाम में छात्रों का उत्तीर्णता प्रतिशत 97.29 प्रतिशत जबकि छात्रों का 97.66 प्रतिशत रहा है कक्षा 5 के परिणाम में छात्रों की तुलना में छात्रों का परीक्षा परिणाम 0.37 प्रतिशत श्रेष्ठतर रहा है प्रविष्टि समस्त परीक्षार्थियों में से कुल 2145 परीक्षार्थियों का परिणाम विभिन्न कारणों से रोका गया है जिनके परिणाम पृथक से जारी किया जाएगा। कुल 31550 परीक्षार्थी एक या अधिक विषयों में पूरक श्रेणी में वर्गीकृत हुए हैं जिनके लिए पूर्व परीक्षा का आयोजन महा अगस्त 2025 में किया जाएगा।

# 'लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत करने का माध्यम है सोशल मीडिया'

मुख्यमंत्री ने जनजातीय संग्रहालय में दीप प्रज्वलित कर तथा जनजातीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया, सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म के माध्यम से से निरंतर संवाद और संपर्क में रहते हैं

**अहम भूमिका**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव को तुलसी का पौधा, रुद्राक्ष की माला और अंगवस्त्रम भेंट कर स्वागत किया गया




**टीम एक्शन इंडिया**

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि वास्तविक तथ्यों को जन-जन तक पहुंचने में सोशल मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका है, इस दृष्टि से सोशल मीडिया लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत करने का प्रभावी माध्यम है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सोशल मीडिया की इस क्षमता को पहचान कर सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म के माध्यम से जन-जन से निरंतर संवाद और संपर्क में रहते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शुक्रवार को जनजातीय अनुसंधान संस्थान (टी.आर.आई.) द्वारा जनजातीय सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर के लिए आयोजित डिजिटल मार्केटिंग कार्यशाला के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए यह विचार व्यक्त किए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जनजातीय संग्रहालय में दीप प्रज्वलित कर तथा जनजातीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को तुलसी का पौधा, रुद्राक्ष की माला और अंगवस्त्रम भेंट कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट इंदौर के निदेशक डॉ. हिमांशु रॉय मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित थे। अपर मुख्य सचिव तथा निदेशक टी.आर.आई विनोद कुमार, बाल भारती के पूर्व अध्यक्ष निशांत खरे, आयुक्त तथा सचिव जनसंपर्क सुदाम खाड़े विशेष रूप से उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सोशल मीडिया का उपयोग कर व्यक्ति अपनी क्षमता, योग्यता और प्रतिभा को बहुत आसानी से बढ़ा सकता है, यह जनसामान्य को वर्तमान समय में उपलब्ध हुई सरल किन्तु महत्वपूर्ण और जीवन बदल देने वाली तकनीक है। प्रजातांत्रिक व्यवस्था में प्रत्येक व्यक्ति को आगे बढ़ने के अवसर समान रूप से उपलब्ध हैं, इस स्थिति में सोशल मीडिया की तकनीकों की उपलब्धता सौभाग्य का विषय है। इसके उपयोग से व्यक्ति अपनी क्षमता का लगातार विस्तार कर सकता है। सोशल मीडिया तकनीकों का उपयोग अपने व समाज के हित और प्रगति के लिए करना सभी के लिए लाभदायक है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी डिजिटल प्लेटफार्म पर सक्रिय होने के लिए सभी को प्रेरित व प्रोत्साहित कर रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नेताजी सुभाषचंद्र बोस का उदाहरण देते हुए कहा कि उन्होंने अपने संकल्प के बल पर इतिहास रचा। उन्होंने आईसीएस की परीक्षा में सफलता प्राप्त करने के बाद उसे तिलांजलि देकर विश्व में भारतीय प्रतिभा और योग्यता को स्थापित किया। भारतीय इतिहास वीर और पराक्रमी योद्धाओं तथा स्वतंत्रता सेनानियों से भरा है। परंतु कुछ महापुरूषों के पराक्रम और देश के लिए योगदान संबंधी जानकारी के प्रसार का अभाव रहा। महान शासक माने जाने वाले राजा अकबर को रानी दुर्गावती ने तीन बार परास्त किया। परंतु इसकी गूंज इतिहास में कम सुनाई देती है।

### जनजातीय संस्कृति और परंपराओं को मिलेगा बढ़ावा

*जनजातीय युवाओं को स्थानीय बोली और भाषा में समृद्ध जनजातीय संस्कृति और परंपराओं के प्रचार-प्रसार के लिए डिजिटल कंटेंट तैयार करने के संबंध में कार्यशाला में प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह कार्यशाला युवाओं में डिजिटल मार्केटिंग कौशल विकसित करेगी और वे शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारियां जरूरतमंदों तक पहुंचाकर उन्हें लाभान्वित कर सकेंगे। इस कार्यशाला में प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से 276 प्रतिभागियों ने रजिस्ट्रेशन किया है, जिनमें 76 इन्फ्लुएंसर्स के सोशल मीडिया फॉलोअर्स की संख्या 2 लाख से अधिक है। कार्यशाला के प्रथम भाग में 8 विषय-विशेषज्ञ, इन्फ्लुएंसर्स को मार्गदर्शन प्रदान करेंगे।*

### मोदी आज 863.69 करोड़ के विकास कार्यों का करेंगे भूमि पूजन

*टीम एक्शन इंडिया*

*भोपाल। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार, 31 मई को जंबूरी मैदान भोपाल में आयोजित कार्यक्रम में जल संसाधन विभाग के 863.69 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का वर्चुअल भूमि पूजन करेंगे। इनमें 778.91 करोड़ रुपए की लागत से शिप्रा नदी पर घाट निर्माण और 84.78 करोड़ रुपए की लागत से बैराज, स्टॉप डेम एवं वेंटेड कॉजवे निर्माण कार्य शामिल हैं। सिंहस्थ 2028 के अंतर्गत आने वाले श्रद्धालुओं को मोक्षदायनी शिप्रा नदी के निर्मल और अविरल जल में सुगमता से स्नान और सुविधा की दृष्टि से उज्जैन में विभिन्न विकास कार्य कराए जा रहे हैं । जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट लिये दोनों किनारों पर शनि मंदिर से नागदा बायपास तक लगभग 30 किलोमीटर घाट निर्माण कार्य कराया जाएगा ।*



राष्ट्रपति भवन में नर्सों को वर्ष 2025 के लिए राष्ट्रीय फ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कार वितरित करती राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु।

## जयपुर में दो कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी

**टीम एक्शन इंडिया**

**जयपुर।** जयपुर के फैमिली कोर्ट और मेट्रो कोर्ट को शुक्रवार सुबह बम से उड़ाने की धमकी दी गई । मेल से मिली धमकी के आधार पर पुलिस ने कोर्ट परिसर को खाली करा दिया है। साथ ही मौके पर पुलिस पहुंच गई है। पुलिस के अफसर और प्रशासनिक अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए हैं। पूरे कोर्ट परिसर को तलाश किया जा रहा है । मेल भेजने वाले ने दोपहर दो बजे तक कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी दी है। टोंक रोड स्थित महिला आयोग के ऑफिस के पास स्थित फैमिली कोर्ट परिसर में जैसे ही यह जानकारी मिली की कोर्ट में बम रखा हुआ है, तो वहां मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया। स्टाफ ने तुरंत पुलिस अधिकारियों की सूचना दी । इसके बाद कोर्ट परिसर सहित राज्य महिला आयोग के ऑफिस को भी खाली कर लिया गया। पुलिस जांच कर रही है।

## जदयू-भाजपा सरकार में बिहार में विकास हुआः नीतीश

**उपलब्धि**

बिहार में बीते 20 साल के राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार में बहुत काम हुआ है: नीतीश

**टीम एक्शन इंडिया**

**पटना/बिक्रमगंज।** ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद बिहार के बिक्रमगंज में जनसभा को सम्बोधित करने पहुंचे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जोरदार स्वागत किया। सभा को संबोधित करते हुये मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार में बीते 20 साल के राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार में बहुत काम हुआ है। नीतीश कुमार ने कहा कि जब 24 नवम्बर 2005 को राजग की सरकार बनी, जिसमें भाजपा और जदयू शामिल रही, उसके पहले जो सरकारें थी, उन्होंने राज्य में कोई काम नहीं किया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज कितनी बड़ी संख्या में महिलाएं दिख रही हैं। इसके पहले वालों ने कोई काम किया था क्या ? जब से हम लोग सरकार में आए तब से हमने सबके लिए काम किया है । हम लोग पूरे तौर से बिहार के विकास में लगे हैं और अच्छे से काम हो रहा है। शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में विशेष कार्य किया गया। सड़क, पुल, पुलिया का बड़े पैमाने पर निर्माण कराया गया। पंचायत और नगरीय निकाय चुनावों में 50 प्रतिशत आरक्षण महिलाओं को दिया गया। गांवों को पक्की सड़कों से जोड़ने का काम किया। अभी हाल में, कुछ नई बसावटें और कुछ नये घर बन रहे हैं। इस साल जून तक हर घर बिजली, हर घर शौचालय और हर घर नल का काम पूरा कर लिया जाएगा।

## 'राजस्थान गौ सेवा से जुड़ी आध्यात्मिक संस्कृति का सभ्य प्रदेश'

**टीम एक्शन इंडिया**

**जयपुर:** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने केंद्र और राज्य सरकार की लाभकारी योजनाओं का लोगों को जल्दी और समुचित लाभ दिए जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि जरूरतमंद की पहचान कर पूर्ण पारदर्शिता से योजनाओं का लाभ आम जन को मिले। उन्होंने विभिन्न योजनाओं की समीक्षा करते हुए कहा कि जयपुर में केंद्र सरकार और राज्य सरकार की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के साथ रास्ता खोलने का अभियान, डेयरी और शिक्षा क्षेत्र में महती काम हुए हैं। ये अनुकरणीय हैं। उन्होंने खेती में रसायनों के उपयोग से कैंसर जैसे होने वाले भयावह रोगों के प्रति काश्तकारों को जागरूक करते हुए प्राकृतिक खेती पर ध्यान देने की आवश्यकता जताई। उन्होंने नई शिक्षा नीति के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर देते हुए कहा कि बच्चों की बौद्धिक क्षमता और बढ़ाई जाए। प्राथमिक और उच्च प्राथमिक शिक्षा सीखने की नींव हैं। इसमें सिखाने की व्यावहारिक पद्धतियों पर विशेष ध्यान दिया जाए। राज्यपाल ने कहा कि लॉर्ड मैकाले द्वारा पारंपरिक भारतीय शिक्षा को बदल कर ऐसी शिक्षा व्यवस्था देश में लागू की गई जिससे हमारे नैतिक मूल्य और प्रामाणिकता पर प्रहार हुआ। उन्होंने कहा कि स्कूल स्तर से ही अब ऐसे प्रयास हों कि बच्चे प्राचीन ज्ञान की हमारी समृद्ध परंपरा से जुड़ सकें। राज्यपाल शुक्रवार को कलेक्ट्रेट में जिले की समीक्षा बैठक में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने काश्तकार, गरीब और वंचित वर्ग के लोगों के हित को ध्यान में रखते हुए विकास योजनाओं का आंकड़ों में ही नहीं व्यावहारिक रूप में क्रियान्वयन किए जाने पर जोर दिया।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बिक्रमगंज मे विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास एवं उद्घाटन क दौरान।

## प्रदेश में रिमझिम बारिश से गर्मी से राहत

**देहरादून।** उत्तराखंड के मैदानी और पर्वतीय क्षेत्रों में शुक्रवार सुबह से ही रिमझिम बारिश का दौर जारी है, जिससे गर्मी से राहत मिली है और मौसम सुहावना हो गया है। मौसम विभाग ने राज्य के सभी जिलों में बारिश की संभावना जताई है। पर्वतीय क्षेत्रों में भूस्खलन की संभावनाओं को देखते हुए राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एसडीएमए) ने सतर्कता बरतने की अपील की है। वहीं, मौमस विभाग ने उत्तरकाशी, पिथौरागढ़ और बागेश्वर जिलों में कुछ स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। अन्य जिलों में भी बारिश का अनुमान है।पर्वतीय जिलों में गरज-चमक के साथ तीव्र से अति तीव्र बारिश और झोंकेदार हवाएं चलने की आशंका जताई गई है।

**पहल** *'संकोच नहीं संवाद' के संदेश के साथ संवेदनशील समाज की ओर बढ़ता उत्तर प्रदेश*

## बेटियों की गरिमा की रखवाली करेगा सरकार का 'स्वच्छ गरिमा' अभियान

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार बालिकाओं के स्वास्थ्य, आत्मसम्मान और गरिमामय जीवन के अधिकार को लेकर एक नई पहल पर काम कर रही है। प्रदेश के सभी कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों (केजीबीवी) में पढ़ने वाली किशोरियों को अब माहवारी स्वच्छता, पोषण और संवाद के अधिकार जैसे विषयों पर वैज्ञानिक और सहज प्रशिक्षण दिया जाएगा। बेसिक शिक्षा विभाग के स्वच्छ गरिमा अभियान के तहत यह प्रशिक्षण 746 केजीबीवी में चरणबद्ध ढंग से शुरू किया गया है। इस पहल का मकसद किशोरियों को उनकी जैविक प्रक्रियाओं को लेकर संकोचमुक्त बनाना और उन्हें आत्मसम्मान के साथ जीने का आत्मबल देना है। बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह का कहना है कि योगी सरकार बेटियों के भविष्य, सुरक्षा, स्वास्थ्य और शिक्षा को लेकर पूरी तरह प्रतिबद्ध है। हमारा लक्ष्य न केवल उनके सपनों को उड़ान देना है, बल्कि स्वास्थ्य संबंधी भ्रांतियों और सामाजिक संकोचों को भी दूर करना है। संवाद और संवेदना के इस संगम से प्रदेश की बेटियां न सिर्फ स्वस्थ रहेंगी, बल्कि आत्मगौरव और गरिमा के साथ अपने सपनों की ओर बढ़ सकेंगी।



**संकोच नहीं, संवाद जरूरी', सामाजिक सोच बदलने की है पहल**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन को साकार करने की ओर बढ़ाया गया यह कदम समाज में सकारात्मक बदलाव का प्रयास है। वे अक्सर कहते रहते हैं किमहिला सशक्तिकरण केवल कानूनों से नहीं, बल्कि सामाजिक सोच और व्यवहार में बदलाव से संभव है।

